✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290 /90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक :93 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 29 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रूपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




संस्कृति की रक्षा और मर्यादा पर आधारित हो समाज का निर्माण : राज्यपाल

# बिहार सरकार ने बढ़ाया स्वास्थ्यकर्मियों का मानदेय

**लैब टेक्नीशियन और एक्स-रे टेक्नीशियन को 37 हजार की जगह अब 48 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना**। विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने स्वास्थ्य कर्मियों को बड़ी सौगात दी है। राज्य के नियोजित स्वास्थ्य कर्मियों के मानदेय में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरुवार को जारी आदेश के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के कर्मियों का मानदेय 11 हजार रुपये से लेकर 21 हजार रुपये तक बढ़ाया गया है।

**टेक्नीशियन और रेडियोग्राफर को भी लाभ**

नवीन आदेश के तहत लैब टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन और रेडियोग्राफर के मानदेय में भी वृद्धि की गई है। अब लैब टेक्नीशियन और एक्स-रे टेक्नीशियन को पहले की तुलना में 11 हजार रुपये अधिक यानी 37 हजार से बढ़ाकर 48 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगा। इसी प्रकार वरीय रेडियोग्राफर का मानदेय 37 हजार से बढ़ाकर 58 हजार रुपये कर दिया गया है। ऐसे कर्मियों की संख्या लगभग 500 है। बता दें कि इससे पहले भी सरकार ने कई श्रेणियों के कर्मियों का मानदेय बढ़ाया है। बीते मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में किसान सलाहकारों का मानदेय 13 हजार रुपये से बढ़ाकर 21 हजार रुपये किया गया था। वहीं आशा कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन राशि 1000 से बढ़ाकर 3000 रुपये और ममता कार्यकर्ताओं को प्रति प्रसव 300 रुपये की जगह 600 रुपये देने का निर्णय लिया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आशा कार्यकर्ताओं के काम की सार्वजनिक सराहना भी की थी।

## खगड़िया में राजस्व कर्मचारी घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खगड़िया**। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अलौली अंचल के राजस्व कर्मचारी सुरेन्द्र सिंह को मंगलवार को 20 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक विकास कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दाखिल-खारिज के नाम पर राजस्व कर्मचारी सुरेन्द्र सिंह पहले एक लाख रुपये रिश्वत की मांग कर रहे थे। काफी बातचीत के बाद यह राशि घटाकर 20 हजार रुपये तय की गई। इसके बाद शिकायतकर्ता ने निगरानी विभाग, पटना को इसकी जानकारी दी। योजना के तहत मंगलवार को जैसे ही सुरेन्द्र सिंह ने घूस की राशि ली, टीम ने उन्हें रंगेहाथ पकड़ लिया। बताया गया कि सुरेन्द्र सिंह की सेवा अवधि अब केवल चार महीने बची थी। रिटायरमेंट से पहले ही वे निगरानी टीम के हत्थे चढ़ गए। इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है।

# दक्षिण बिहार के 17 जिलों में बड़े पैमाने पर होगा तालाबों का निर्माण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना**। बिहार सरकार ने किसानों की सिंचाई सुविधा को बेहतर बनाने और भू-जल स्तर को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक व्यापक योजना बनायी है। कृषि विभाग अंतर्गत भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा दक्षिणी बिहार के 17 जिलों अरवल, औरंगाबाद, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, गयाजी, जमुई, जहानाबाद, नवादा, नालंदा, रोहतास, कैमूर, शेखपुरा, लखीसराय, मुंगेर, पटना एवं बांका में बड़े पैमाने पर जल संरक्षण तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि इन संरचनाओं के निर्माण से किसानों को अतिरिक्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे खेती के लिए पानी की निर्भरता केवल बारिश पर नहीं रहेगी, बल्कि सालभर खेतों को पर्याप्त जल उपलब्ध कराया जा सकेगा। साथ ही, इन जल संरचनाओं से भू-जल पुनर्भरण में भी वृद्धि होगी, जो आने वाले वर्षों में स्थायी जल प्रबंधन की दिशा में एक मजबूत कदम है। इन तालाबों और फार्म पौंड का उपयोग केवल सिंचाई तक सीमित नहीं है। इनका प्रयोग मछलीपालन के लिए भी किया जा रहा है, जिससे किसानों को अतिरिक्त आय का लाभ मिल रहा है। इस तरह, जल संरक्षण परियोजना खेती के साथ-साथ मत्स्य पालन को भी प्रोत्साहन दे रही है। बिहार सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण की स्थायी व्यवस्था करना है, ताकि किसानों को सिंचाई और आय दोनों में आत्मनिर्भरता मिल सके।



# बाल सुधार गृह से 24 बाल कैदी फरार

रणजीत कुमार भारतीय/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले के एस.एस. कॉलेज के समीप स्थित बाल सुधार गृह से बुधवार को 24 बाल कैदी फरार हो गए। घटना के बाद जिला प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कुछ कैदियों के अभिभावक अवैध रूप से सिम कार्ड उपलब्ध कराने की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षाकर्मियों ने इस गतिविधि को रोकने का प्रयास किया, जिस पर कैदी और उनके परिजन उग्र हो गए और घटना को अंजाम दिया।जानकारी के अनुसार, बाल कैदी, बाल सुधार गृह के पीछे मंदिर की ओर से दीवार फांदकर भाग निकलने में सफल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही टाउन थाना सहित दूसरे थाना की पुलिस एवं वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया है।प्रशासनिक जांच में पाया गया है कि बाल सुधार गृह में तैनात होमगार्ड, बीसैप के सिपाही और अधीक्षक स्तर पर गंभीर लापरवाही बरती गई। जिला प्रशासन ने संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार हुए 24 में से 4 बाल कैदियों को बरामद कर लिया है। शेष 20 की तलाश के लिए विशेष सर्च टीम गठित की गई है। यह टीम विभिन्न संभावित स्थानों पर लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए बाल सुधार गृह की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की बात कही गई है। जानकार बताते हैं कि कुछ दिन पहले भी बाल कैदी के भागने की घटना घट चुकी है , लेकिन इसके बावजूद बीते घटना से बाल सुधार गृह प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया। बाल सुधार गृह में बाल कैदियों के बीच इस बार बड़ी संख्या में सामान रखने की बात भी सामने आई है। बहरहाल बाल सुधार गृह की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।



### एनडीए का विधानसभा क्षेत्र संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन का दूसरा चरण शुरू

# 2025 में भारी बहुमत से बनेगी एनडीए की सरकार : सम्राट चौधरी

## राजद और कांग्रेस की सरकार ने बिहार को लूटने का काम किया, एनडीए ने विकास कर दिखाया : विजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार एनडीए का विधानसभा क्षेत्रों में संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन के दूसरे चरण की शुरुआत आज से हो गयी। एनडीए के दिग्गज नेता विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचे और कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने का मंत्र दिया। विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में फारबिसगंज में जहां उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंत्री हरि सहनी ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया, वहीं उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा और सांसद धर्मशीला गुप्ता ने गरखा, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और मंत्री रेणु देवी मोहिउद्दीन नगर में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लिया। इसी तरह मंत्री जनक राम और तारकिशोर प्रसाद बरारी विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जबकि मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू और मंत्री नितिन नवीन और ऋतुराज सिन्हा ने आरा में कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इसके अलावा सांसद संजय जायसवाल, रविशंकर प्रसाद बिहार शरीफ, मंत्री मंगल पांडेय और सांसद अशोक यादव पारू, लखिंदर पासवान पिपरा, मंत्री प्रेम कुमार बेलदौर, सांसद राजीव प्रताप रूडी और शाहनवाज हुसैन मोरवा तथा विनोद नारायण झा और सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल राजपुर विधानसभा में संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।

फारबिसगंज में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार अब बदल रहा है। उन्होंने दावा किया कि 2025 में भारी बहुमत से फिर एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में मोदी सरकार के नेतृत्व में राम मंदिर का निर्माण हुआ है। अब बिहार के सीतामढ़ी स्थित पुनौराधाम में करीब एक हजार करोड़ रुपये की लागत से भव्य सीता मंदिर बन रहा है। उन्होंने इसके लिए नीतीश कुमार को धन्यवाद दिया। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि 2005 से पहले पूरे बिहार में बिजली की स्थिति खराब थी। तब 17 लाख उपभोक्ता थे, जो अब बढ़कर 2 करोड़ 41 लाख हो गए हैं। 2005 में केवल 350 मेगावाट उत्पादन था जबकि आज 9 हजार मेगावाट खपत हो रही है। सरकार ने 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि हम सबका साथ, सबके विकास की बात करते हैं। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि फारबिसगंज की जनता बराबर एनडीए के साथ खड़ी रही है और इस बार भी खड़ी रहेगी। इधर, उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने गरखा में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार अब सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य सरकारों ने जहां बिहार को लूटने का काम किया, वहीं नीतीश कुमार की एनडीए सरकार ने बिहार के विकास के लिए काम किया। अगले पांच साल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक करोड़ बिहार के लोगों को नौकरी और रोजगार देने का वादा किया है। उप मुख्यमंत्री सिन्हा ने कार्यकर्ताओं से केंद्र और प्रदेश के विकास कार्यों को लेकर लोगों के घरों तक जाने का आह्वान किया। उन्होंने अगले चुनाव में बिहार के विकास के लिए एनडीए सरकार बनाने की अपील की।

## नीतीश कुमार को उद्घाटनकर्ता के रूप में आमंत्रित करने के लिए प्रो. रणबीर नंदन ने की भेंट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से आगामी 18 सितंबर 2025 को राजधानी पटना के बापू सभागार में राज्यस्तरीय मठ-मंदिर पुजारी, महंत और न्यासधारी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आमंत्रित किया गया है। इस सिलसिले में बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष और पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने गुरुवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उन्हें कार्यक्रम में उद्घाटनकर्ता के रूप में आमंत्रित किया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रो. नंदन को शाल ओढ़ाकर आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री द्वारा आश्वासन के बाद प्रो नंदन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री से मिलने पर उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उन्होंने 18 सितंबर को आयोजित सम्मेलन में उद्घाटनकर्ता के रूप में उपस्थित होने की स्वीकृति दी है। इसके लिए हम उनका कोटिशः आभार प्रकट करते हैं। यह सम्मेलन मठ-मंदिरों के पुजारियों, महंतों और न्यासधारियों को एक मंच पर लाने का प्रयास है जहां धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, पुजारियों के कल्याण और मंदिर प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

# बिहार में ग्रामीण सड़कों के निर्माण से कम हुई गांवों से शहरों की दूरी

## 1235 ग्रामीण पुलों में 910 पुलों का निर्माण कार्य पूर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की मदद से बिहार में निर्मित ग्रामीण सड़कों और पुलों का संजाल बुनने का काम अब लगभग अपने अंतिम चरण में है। राज्य में बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़कों के निर्माण से गांवों की तस्वीर तो बदली ही है, साथ ही राज्य के सुदूर गांवों से शहरों की दूरी लगातार कम गई है। साथ ही राज्य के ग्रामीण अर्थव्यवस्था को यह सड़कें नई रफ्तार दे रही है। नाबार्ड के सहयोग से इस राज्य योजना के तहत विभिन्न जिलों में स्वीकृत सड़कों के निर्माण की ग्रामीण कार्य विभाग ने जिलावार प्रगति रिपोर्ट गुरुवार को जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में राज्य की कुल 2025 ग्रामीण सड़कों के निर्माण की विभाग ने प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की थी जिसमें 1859 सड़कों का निर्माण किया जा चुका है। इन 2025 सड़कों की कुल लम्बाई 5254.490 किलोमीटर है जिसमें 4822.474 सड़कों का निर्माण कर लिया गया है। इसी तरह राज्य में ग्रामीण सड़कों के साथ-साथ कुल 1235 पुलों के निर्माण का लक्ष्य भी नाबार्ड के सहयोग से निर्धारित किया गया था जिसमें अब तक कुल 910 पुलों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष 325 पुलों का निर्माण का कार्य जारी है और इसे अगले कुछ महीनों में पूरा कर लिया जाएगा।

**नालंदा समेत इन जिलों का शानदार प्रदर्शन**

ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार ग्रामीण सड़कों के निर्माण में नालंदा जिला सबसे आगे है जहां कुल 214 सड़कों की स्वीकृति में से 199 सड़कों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। नालंदा में 370 किलोमीटर से भी अधिक सड़कों का निर्माण किया जा चुका है जबकि लक्ष्य 396.194 किलोमीटर सड़क के निर्माण का है। साथ ही नालंदा में 67 पुल का निर्माण किया जाना था जिसमें 59 पुल बनकर तैयार हो चुके हैं। वहीं गयाजी में कुल 129 सड़कों के निर्माण की मिली स्वीकृति के विरुद्ध 120 सड़कों का निर्माण हो चुका है। गयाजी में कुल 395.245 किलोमीटर लंबाई की सड़कें बनाने का लक्ष्य निर्धारित है जिसके विरुद्ध अबतक 365.782 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है जबकि गयाजी में निर्माणाधीन 57 पुलों में 46 पुलों का निर्माण भी पूरा हो चुका है।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आरपीएस टीचर्स ट्रेनिग कॉलेज, दानापुर, पटना में बीएड एवं एमएड के प्रशिक्षुओं ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया और समाज को नशा के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराने का कार्य किया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने अपने विचारों को अभिव्यक्त करते हुए नशा मुक्त भारत का संकल्प लेकर राष्ट्र की सेवा में स्वयं को आगे बढ़ाने हेतु समाज को अग्रसर होने के लिया प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शैक्षिक एवं गैर-शैक्षिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित होकर प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित किए।

## मध्यमा बोर्ड में +2 तक पढ़ाई की मांग, बोर्ड अध्यक्ष ने अपर मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन

### प्रत्येक जिले में शीघ्र मध्यमा बोर्ड द्वारा +2 तक पढ़ाई होगी शुरू : अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने बुधवार को अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ को ज्ञापन सौंपकर मध्यमा बोर्ड में +2 स्तर तक की पढ़ाई शुरू करने की मांग की। सम्प्रति बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा वर्ग एक से दशम तक की पढ़ाई संस्कृत माध्यम से होती है। अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने बताया कि बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मानकों को ध्यान में रखकर वर्ग एक से दशम तक का नूतन पाठ्यक्रम तैयार कर सरकार को अनुमोदन हेतु समर्पित की है। वहीं नई शिक्षा नीति 2020 में भी विद्यालय शिक्षा को 12वीं तक एकीकृत रूप से संचालित करने की बात कही गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में मध्यमा बोर्ड को भी +2 स्तर तक विस्तारित किया जाना चाहिए। ताकि विद्यार्थियों को संस्कृत शिक्षा की निरंतरता के साथ-साथ उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में समान अवसर मिल सके। श्री झा ने कहा कि अभी छात्रों को दसवीं के बाद अन्य बोर्डों की ओर जाना पड़ता है जिससे उनकी शिक्षा यात्रा बाधित होती है। यदि मध्यमा बोर्ड में +2 की व्यवस्था हो तो संस्कृत शिक्षा का दायरा और प्रभाव दोनों बढ़ेगा। इन्हीं बिन्दुओं को लेकर एक पत्र लिखकर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ.सिद्धार्थ को अवगत कराते हुए बिहार के प्रस्वीकृत 50 संस्कृत विद्यालयों में +2 (उपशास्त्री कक्षा) की पढ़ाई शुरू करने तथा परीक्षा लेने की अनुमति की मांग की गई है।

# पशुपालन से जुड़े व्यवसायों में सरकार देगी सहायता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के पशुपालन निदेशालय ने राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) के अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एनएलएम-इडीपी) की शुरुआत की है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन करना और पशुपालन को व्यावसायिक रूप से मजबूत बनाना है। कार्यक्रम के तहत किसानों, स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों, सहकारिता संगठनों और निजी उद्यमियों को पशुपालन से जुड़े व्यवसायों में सरकार के स्तर से सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का मकसद रोजगार सृजन और उत्पादकता वृद्धि करना है। जुगाली करने वाले छोटे पशु, कुक्कुट और सूअर पालन क्षेत्र और चारा क्षेत्र में उद्यमिता विकास के माध्यम से रोजगार का सजृन करना है। नस्ल सुधार के जरिए प्रति पशु उत्पादकता में वृद्धि करना है। मांस, अंडा, बकरी का दूध, ऊन और चारे के उत्पादन को बढ़ाना है। चारा बीज आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बनाकर इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करना। मांग आपूर्ति के अंतर को कम करने के लिए चारा प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना को प्रोत्साहित करना भी इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। इसके साथ ही किसानों के लिए पशुधन बीमा सहित जोखिम प्रबंधन उपायों को बढ़ावा देना। मुर्गी, भेड़, बकरी पालन और चारा प्राथमिकता वाले क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहित करना। उत्पादन लागत को कम करने और पशुधन क्षेत्र के उत्पादन में सुधार के लिए कौशल आधारित प्रशिक्षण और प्रौद्योगिकियों के प्रसार को बढ़ावा देना भी इसके प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। कार्यक्रम के तहत योजनाओं में लाभार्थियों को अधिकतम 50% कैपिटल सब्सिडी प्रदान की जाएगी जो पशुपालन से जुड़े उद्यमों को शुरू करने में महत्वपूर्ण सहायता साबित होगी। माना जा रहा है कि यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार होगी।

## नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पुलिस मुख्यालय ने बड़ा अलर्ट जारी किया है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकी नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे हैं। इनमें हसनैन अली (रावलपिंडी निवासी), आदिल हुसैन (उमरकोट निवासी) और मोहम्मद उस्मान (बहावलपुर निवासी) शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आतंकियों के नाम और तस्वीरें सार्वजनिक कर दी हैं। इनके पासपोर्ट से जुड़ी जानकारी भी साझा की गई है। बताया जा रहा है कि ये आतंकी अगस्त के दूसरे हफ्ते में काठमांडू पहुंचे और तीसरे हफ्ते में नेपाल बॉर्डर से बिहार में दाखिल हुए। आशंका है कि ये किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।

# प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक बयान को हिंदुस्तान कतई बर्दाश्त नहीं करेगा : नित्यानंद राय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के समर्थकों द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए दोनों पार्टियों को कटघरे में खड़ा करते हुए बिहार और देश के लोगों से माफी मांगने की मांग और कहा कि बिहार के लोग यह कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री को राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के मंच से प्रधानमंत्री के खिलाफ इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी की जाए। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि यह विपक्ष के नेता बनने के लायक नहीं है क्योंकि जिस मंच से प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की जाए और उसको लेकर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की तरफ से माफी नहीं मांगना यह बताता है कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव वोटर अधिकार यात्रा के नाम पर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने का काम कर रहे हैं। इतना ही नहीं विरोधी दल के लोगों ने वोटर अधिकार यात्रा को गाली गलौज करने का मंच बना कर रख दिया है। बिहार भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और उजियारपुर से लोकसभा सांसद नित्यानंद राय ने कहा कि आजकल राहुल गांधी और तेजस्वी संविधान की कॉपी जेब में लेकर घूम रहे हैं, लेकिन इनलोगों ने संविधान को मजाक बना कर रख दिया है। क्या राहुल गांधी को नहीं मालूम है कि प्रधानमंत्री का पद संवैधानिक पद है? क्या राहुल गांधी को यह नहीं मालूम है कि प्रधानमंत्री पूरे देश के होते हैं किसी पार्टी के नहीं? और यह जानने के बाद भी प्रधानमंत्री के खिलाफ जिस तरह की टिप्पणी की जा रही है इसका जवाब देश के लोग देंगे। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर तत्काल राहुल गांधी और तेजस्वी यादव देश के लोगों से माफी मांगे अन्यथा भारतीय जनता पार्टी चुप नहीं बैठेगी। प्रधानमंत्री के अपमान को लेकर बिहार के 14 करोड़ लोगों में जबरदस्त गुस्सा है और इसका जवाब जनता देने के लिए तैयार है।

# क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्त्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पटना में क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में 7 सांसदगण, 1 विधायक एवं जेड.आर.यू.सी.सी. के अन्य 25 सदस्यों ने भाग लिया एवं यात्री सुविधाओं में वृद्धि तथा जन-आकांक्षाओं से जुड़े मुद्दों के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये जिस पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा गंभीरता से विचार करने की बात कही गयी। बैठक में सांसदगण उपेन्द्र कुशवाहा, रामप्रीत मंडल, डॉ. भीम सिंह, अशोक कुमार यादव, चन्द्र प्रकाश चौधरी, मनीष जायसवाल, सांसद श्रीमती शांभवी, विधायक रामनिवास शाह सहित क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के अन्य सदस्यगण ने पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में रेल अवसंरचना के विकास, यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी आदि के संबंध में अपना बहुमूल्य सुझाव दिए। इसके पूर्व महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सांसद गण, विधायक एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि हम उत्कृष्ट कार्य निष्पादन तथा कार्यक्षेत्र में दक्षता को बढ़ाकर इस क्षेत्रीय रेल को निरंतर आगे बढ़ाने की ओर सदा अग्रसर हैं और इस दिशा में यात्री सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। महाप्रबंधक ने कहा कि यात्री सेवाओं से संबंधित मामलों पर परामर्श, यात्री सेवाओं की गुणवत्ता तथा दक्षता में सुधार आदि के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों को यात्रियों के प्रति और ज्यादा अनुकूल एवं लाभदायक बनाने के लिए जेड.आर.यु.सी.सी. के सदस्यों द्वारा प्राप्त सुझाव काफी महत्वपूर्ण है। बैठक के अंत में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि हमने आपके बहुमूल्य सुझावों को नोट किया है जिससे हमें काफी मार्गदर्शन मिला है। महाप्रबंधक ने कहा कि प्राप्त सभी सुझावों पर समुचित कार्यवाही की जाएगी। अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने सभी सदस्यों को बैठक में अपना बहुमूल्य समय निकाल कर भाग लेने तथा सुझाव देने के लिए धन्यवाद दिया।

# पुरुषों का हीरो एशिया कप आज से राजगीर में होगा शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इंतजार खत्म हुआ क्योंकि 10 दिवसीय हीरो पुरुष एशिया हॉकी कप 2025 कल से बिहार के राजगीर में हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती पर 'राष्ट्रीय खेल दिवस' पर शुरू होने वाला है। यह हॉकी एशिया कप का 12वां संस्करण है जिसमें आठ शीर्ष एशियाई देश - भारत, जापान, चीन, कजाकिस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे - हिस्सा लेंगे। सभी टीमें राजगीर पहुंच चुकी हैं जहां वे एशिया कप 2025 के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। राजगीर के विभिन्न होटलों में खिलाड़ियों के ठहरने के लिए पर्याप्त सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था की गई है जबकि भारतीय हॉकी टीम के सदस्य खेल परिसर में ठहरेंगे। सभी मैच कल यानी 29 अगस्त से राजगीर स्थित अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर में खेले जाएंगे और 7 सितंबर, 2025 को समाप्त होंगे। यह आयोजन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 2026 एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफायर के रूप में कार्य करता है, जिसने प्रत्येक खेल को और अधिक गहन और महत्वपूर्ण बना दिया है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक-सह-सीईओ रवींद्रन शंकरन ने कहा यह पहली बार है कि पुरुष एशिया हॉकी कप बिहार के राजगीर में आयोजित किया जा रहा है। यह एशिया कप का 12वां संस्करण है जिसमें आठ टीमें भाग ले रही हैं। उन्होंने बताया कि अब तक आयोजित 11 संस्करणों में से, गत विजेता दक्षिण कोरिया पुरुष एशिया कप में भाग लेने वाली सबसे सफल टीम है क्योंकि उसने 1994, 1999, 2009, 2013 और 2022 में पांच बार खिताब जीता है जबकि मेजबान भारत ने 2003, 2007 और 2017 में कप जीता है और पाकिस्तान ने भी 1982, 1985 और 1989 में तीन बार यह खिताब जीता है। हॉकी प्रशंसकों को स्टेडियम में मैच देखने के लिए आकर्षित करने हेतु, हॉकी इंडिया ने पहले ही घोषणा कर दी है कि राजगीर में होने वाले एशिया कप के सभी मैचों में प्रवेश निःशुल्क होगा।

## दिगम्बर जैन पर्यूषण पर्व के पहले दिन की गई क्षमा धर्म की पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** दिगम्बर जैन समाज का दस दिवसीय पर्यूषण (दशलक्षण) पर्व आज गुरुवार 28 अगस्त से प्रारम्भ हुआ। पर्युषण पर्व के पहले दिन क्षमा धर्म की पूजा की गई। आज पटना के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, कमलदह मंदिर गुलजार बाग, कालीबीबी का कटरा, गुरारा दिगम्बर जैन मंदिर सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में क्षमा धर्म की पूजा की गई। इससे पहले सभी मंदिरों में दस दिनों के लिए ध्वजारोहण किया गया। दस दिनों के लिए पूजा के पात्रों का चयन किया गया। भगवान का अभिषेक एवं शान्तिधारा की गयी। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि कदमकुआं स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में दसलक्षण पर्व सम्पन्न कराने इटावा से प्रतिष्ठाचार्य पंडित मनीष जैन शास्त्री एवं फिरोजाबाद से भजनकर्ता एवं संगीतकार शैंकी जैन पधारे हैं जिनके सानिध्य में दसलक्षण पर्व की पूजा प्रारम्भ हुई। मंत्री ज्ञान पाटनी ने बताया कि ध्वजारोहण अध्यक्ष बिनोद पहाड़िया जैन द्वारा किया गया।

# पीएम की मां पर अपशब्द बोलने के विरोध में आक्रोश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** राज्यसभा सांसद सह बिहार महिला मोर्चा की अध्यक्ष डॉ. धर्मशीला गुप्ता की अध्यक्षता में भाजपा महिला मोर्चा, बिहार प्रदेश द्वारा कांग्रेस नेता सह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के द्वारा बिहार में चल रहे वोटर अधिकार यात्रा के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वर्गीय माता जी पर अमर्यादित भाषा का उपयोग करने व अपशब्द बोलने के विरोध में पटना के वीर चंद्र पटेल मार्ग पर आक्रोश यात्रा का आयोजन किया गया। आक्रोश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला मोर्चा के पदाधिकारी के साथ आम महिला शामिल हुई। गौरतलब हो कि कांग्रेस नेता और राजद के नेता जिस तरह जो संसद में और विधानसभा में संवैधानिक पद पर आसीन हैं उनके द्वारा देश ही विदेश में भी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वर्गीय माता के लिए ऐसी अमर्यादित भाषा का उपयोग करना निंदनीय और घृणित कृत्य हैं जिसकी जितनी निन्दा की जाय कम है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को अपने उद्बोधन में राज्यसभा सांसद सह बिहार महिला मोर्चा की अध्यक्ष डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूज्य स्वर्गीय माताजी के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग अत्यंत निंदनीय है। यह केवल प्रधानमंत्री जी की माताजी का नहीं, बल्कि हर मां और हर महिला के सम्मान का अपमान है। राजनीति में असहमति हो सकती है, लेकिन मातृ सम्मान पर प्रहार हमारी संस्कृति के खिलाफ है। राहुल और तेजस्वी को इस घृणित कृत्य के लिए देशवासियों और बिहार की जनता से माफी मांगनी चाहिए। आक्रोश यात्रा का नेतृत्व महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज जायसवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री श्रीमती भारती सुमन, वरिष्ठ नेत्री सुषमा साहू, प्रदेश मंत्री सीमा पांडेय, सीमा झा, शशि बेलडीहा प्रदेश मिडिया इंचार्ज कुमारी बसुधा, माला सिन्हा, कांति केशरी, प्रीति पाठक, गुड़िया तिवारी, माला सिन्हा, पिंकी यादव एवं सुनीता दुबे समेत बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की सदस्य और आम महिला शामिल हुई।

# विधानसभा चुनाव को लेकर डीएम की अध्यक्षता में पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिला के सभी सात विधान सभाओं के लिए 254 सेक्टर गठित किये गये हैं। आज प्रथम पाली (11 बजे पूर्वाहन से 1 बजे अपराह्न) में 207 - चेनारी एवं 208 - सासाराम विधानसभा के सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा द्वितीय पाली (02 बजे से 04 बजे अपराह्न) में 209 - करगहर एवं 210 - दिनारा विधानसभा के सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया तथा 211 - नोखा, 212 - डिहरी एवं 213 - काराकाट विधानसभा के सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी का प्रशिक्षण 29.08.2025 को दिया जाना है।




सेक्टर पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक रोहतास द्वारा बताया गया कि सेक्टर पदाधिकारी के पास औसतन 10-12 मतदान केन्द्र है जहां एक से दो घंटे की अवधि में आसानी से पहुंच सकते हैं। मतदान केन्द्र पर आश्वस्त न्यूनतम सुविधा की उपलब्धता, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, मतदाता जागरूकता, वृद्ध जनों एवं पीडब्लूडीएस को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराने में सेक्टर ऑफिसर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साथ ही मतदान दिवस को पीडब्लूडीएस को मिलने वाली सुविधाएं तथा लाइव वेबकास्टिंग में सेक्टर आफिसर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी द्वारा संबोधित करते हुए कहा गया कि सेक्टर ऑफिसर निर्वाचन के अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी है जो लम्बे समय तक कार्य करते हैं तथा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी तथा जोनल दण्डाधिकारी के बीच समन्वय स्थापित करते हैं। मतदान के सात दिन पूर्व यह सेक्टर दण्डाधिकारी हो जाते हैं। भेद्यता मानचित्रण में सेक्टर ऑफिसर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भेद्यता का तात्पर्य कोई निर्वाचक या निर्वाचकों का समूह जिसके स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से मताधिकार को अनुचित प्रभाव या बल के माध्यम से प्रभावित किये जाने की संभावना है। ऐसे निर्वाचक या निर्वाचकों का समूह भेद्य निर्वाचक कहे जाते हैं। सेक्टर ऑफिसर न केवल भेद्य मतदाताओं की पहचान करते हैं, बल्कि भेद्यता के कारकों की भी पहचान करते हैं जिसके विरूद्ध प्रशासन निवारक कार्रवाई करते हुए सभी व्यक्तियों को भयमुक्त वातावरण में मतदान के अवसर की उपलब्धता सुनिश्चित करता है। सेक्टर ऑफिसर स्वीप गतिविधियों, मतदाता सूचना पर्ची के वितरण, एएसडी सूची बनाने की कार्रवाई का पर्यवेक्षण करते हैं तथा सामग्री वितरण से लेकर मॉकपोल, इवीएम परिवर्तन, इवीएम संग्रहण निर्धारित अवधि तक मतदान समाप्त होने, निर्वाचन अभिकर्ताओं को पड़े मतों की संख्या संबंधित सूचना उपलब्ध कराने तथा मॉक पोल के समय खराब हुये इवीएम एवं रिजर्व इवीएम को जमा करने एवं प्रति 2 घंटे में मतदान की सूचना देने आदि में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## दो बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के सोनहन थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सोनहन से कोचिंग कर अपने घर लौट रहे दसवीं कक्षा के छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा सोनहन थाना क्षेत्र के सादे कवई गांव के पास हुआ। मृतक की पहचान तमाड़ी गांव निवासी अजय चौधरी के 15 वर्षीय पुत्र अभय कुमार उर्फ गोलू के रूप में हुई है। मृतक तीन बहनों का अकेला भाई था। सोमवार को अभय अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से घर लौट रहा था। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में अभय की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके दोनों साथियों को हल्की चोटें आईं। वहीं दूसरी बाइक जिसमें टक्कर हुई वह मौके का फायदा उठा कर घटनास्थल से भाग निकला। स्थानीय लोगों की मदद से अभय को भभुआ सदर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही सोनहन पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। इस दर्दनाक हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घर का माहौल मातमी सन्नाटे में बदल गया। मीरीया पंचायत समिति प्रतिनिधि रिंकू कुमार ने बताया कि मृतक छात्र भभुआ टाउन हाई स्कूल में दसवीं कक्षा का मेधावी छात्र था। घर का एकमात्र बेटा होने के कारण यह हादसा परिवार पर कहर बनकर टूटा है।

## डीडीयू मंडल में खेलों का तीन दिवसीय महापर्व आज से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** हर वर्ष 29 अगस्त को हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत की समृद्ध खेल परंपरा को सम्मानित करने और फिटनेस व खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। वर्ष 2025 में यह आयोजन 'ओलंपिक भावना' को समर्पित है जिसमें उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान जैसे मूल्यों को केंद्र में रखा गया है। पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में इस अवसर पर भव्य खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 29 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे सुरुचि संस्थान, यूरोपियन कॉलोनी, डीडीयू में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा खेल महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। उद्घाटन के साथ ही मिनी-मैराथन का आयोजन यूरोपियन कॉलोनी बाकले रोड पर होगा। इसके पश्चात बाकले क्रिकेट मैदान में क्रमशः हॉकी, कुश्ती, फुटबॉल और वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। बैडमिंटन प्रतियोगिता सुरुचि संस्थान के कोर्ट में चलेगी जबकि शतरंज, कैरम और टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं भी वहीं संपन्न होंगी। यह आयोजन केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा। मंडल क्रीड़ा अधिकारी सह वरीय मंडल वित्त प्रबंधक राहुल राज के नेतृत्व में मंडल कीड़ा संघ द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में डीडीयू मंडल में 29 अगस्त से 31 अगस्त तक विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय अवधि में मंडल स्तर पर प्रतिष्ठित खिलाड़ियों व रेलकर्मियों की सक्रिय सहभागिता के साथ खेलों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी जिससे खेल भावना को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

## सड़क दुघर्टना में महिला की मौत, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** सासाराम-चौसा पथ में भगीरथा गांव के समीप सड़क हादसे में गुरुवार शाम एक महिला की मौत हो गयी जबकि महिला के पति व कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटनाक्रम ट्रक व कार में जोरदार टक्कर के दौरान घटित हुई जिसमें एक महिला की मौत हो गई जबकि दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शाम छह बजे की बताई जाती है। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के देवरिया जिला के रुद्रपुर निवासी गौरी शंकर जायसवाल की पत्नी देवंता देवी बतायी गयी है जबकि घायलों में पति गौरीशंकर जायसवाल पिता उदय नारायण जायसवाल और अमित कृष्ण पिता तहसील कृष्ण बताए गए हैं।

## उपेंद्र कुशवाहा ने रेलवे के परीक्षण डिपो के लिए सर्वेक्षण पर जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राज्य सभा सदस्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री व रालोमो प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने डालमियानगर में स्वीकृत रेल बैगन मरम्मत कारखाना लगाने की जगह रेलवे द्वारा परीक्षण डिपो के सर्वेक्षण पर जेडआरयूसीसी की बैठक में गुरुवार को विरोध जताया। पूर्व मध्य रेलवे के क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता की पटना में आयोजित बैठक में श्री कुशवाहा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल के डालमियानगर में रेलवे की भूमि उपलब्धता के बावजूद दुर्गावती डिहरी ऑन-सोन या डिहरी-बरवाडीह रेल खंड के बीच गहन परीक्षण डिपो के लिए उपयुक्त स्थान की पहचान हेतु संयुक्त सर्वेक्षण की खबर से आमजनों में आक्रोश है।




इसीआर ने हाल ही डीडीयू रेल मंडल में मालगाड़ी डिब्बों के गहन परीक्षण डिपो स्थापित करने के लिए एक उपयुक्त स्थान के लिए सर्वेक्षण को अंतिम रूप देने के लिए पत्र जारी किया गया है। रेलवे ने कहा है कि डीडीयू मंडल में अगली पीढ़ी की माल ढुलाई जांच (एकीकृत यार्ड) की आवश्यकता है। श्री कुशवाहा के अनुसार बैठक में उन्होंने कहा कि डालमियानगर में रेल बैगन मरम्मत कारखाना स्वीकृत है। उसकी बाधा दूर कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य कराया जाये। उन्होंने बताया कि बैठक में बिहटा औरंगाबाद रेल लाइन निर्माण की प्रगति पर भी रिपोर्ट की मांग की। श्री कुशवाहा ने पीडीडीयू मंडल में डीएफसीसी निर्माण के बाद आरओबी व आरयूबी के निर्माण पर स्टेटस रिपोर्ट की मांग की। उन्होंने और कई गांव में यातायात की सुगमता को ले आरओबी निर्माण की जरूरत है। इसीआर के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि हम उत्कृष्ट कार्य निष्पादन तथा कार्यक्षेत्र में दक्षता को बढ़ाकर इस क्षेत्रीय रेल को निरंतर आगे बढ़ाने की ओर सदा अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि यात्री सेवाओं से संबंधित मामलों पर परामर्श, यात्री सेवाओं की गुणवत्ता तथा दक्षता में सुधार आदि के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों को यात्रियों के प्रति और ज्यादा अनुकुल एवं लाभदायक बनाने के लिए जेडआरयुसीसी के सदस्यों द्वारा प्राप्त सुझाव काफी महत्वपूर्ण है। महाप्रबंधक ने कहा कि प्राप्त सभी सुझावों पर समुचित कार्यवाही की जाएगी।

## कोलकाता क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी नीतीश पटेल की संदिग्ध हालात में मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** कोलकाता क्रिकेट एसोसिएशन एकेडमी में खेल कूद करने वाले युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो जाने से कैमूर में कोहराम मच गया। आखिरकार होनहार पुत्र का मौत कैसे हो गया। बताया जाता है कि भभुआ थाना क्षेत्र के महेसुआ गांव निवासी लव कुश पटेल के 18 वर्षीय पुत्र नीतीश पटेल कोलकाता क्रिकेट अकादमी में क्रिकेट खेलते थे अचानक खबर आई कि उनकी मौत संदिग्ध हालत में हो गई है। महेसुआ गांव में नीतीश पटेल का शव पहुंचते ही हजारों की संख्या में भीड़ जुट गई। गांव के लोग अवाक हैं होनहार पुत्र सभी समुदायों से मिलकर रहने वाले युवक की मौत कैसे हुई।



हजारों की भीड़ में एक दूसरे के आंखों में आंखें डाल कर देखने पर अपने आप आंसू टपक रहे थे। कैमूर जिले में घटना की खबर सुनकर क्रिकेट प्रेमियों एवं खिलाड़ियों में शोक की लहर दौड़ गई। कैमूर जिला पार्षद सदस्य सह बसपा प्रदेश महासचिव विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल मृतक नीतीश पटेल के गांव पहुंच कर अभिभावकों से मिलकर सभी बिंदुओं से अवगत हुए। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से कोलकाता क्रिकेट अकादमी में क्रिकेट खिलाड़ी नीतीश पटेल के संदिग्ध हालात में मौत होने पर उच्च स्तरीय जांच कराने का मांग किया है। उन्होंने कहा कि नीतीश पटेल के पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर मौत का खुलासा होगा। उन्होंने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि कैमूर के होनहार पुत्र क्रिकेट खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन करने वाले नीतीश पटेल आज हमारे बीच नहीं रहे। उनके निधन से अपूरणीय क्षति हुई है।

## 1.25 किग्रा गांजा, कट्टा व कारतूस के साथ युवक धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के लालापुर में वाहन जांच के दौरान ब्रेजा कार से 1.27 किलो गांजा, एक कट्टा व दो कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक से पूछताछ के बाद मामले की जांच के लिए युवक की कुंडली खंगाल रही है। पिछले एक सप्ताह में दूसरी बार थाना क्षेत्र में कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि धराया युवक अश्वनी कुमार पिता प्रभुनारायण सिंह कुदरा थाना के सिसवार गांव का निवासी है। थानाध्यक्ष नंदू कुमार नद ने बताया कि क्षेत्र में नशे के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार युवक से पुलिस गांजा समेत कार से बरामद सामग्री के बारे में सघन पूछताछ की है। युवक के परिजनों का कहना है कि युवक को फंसाने के लिए उस में गांजा, कट्टा व कारतूस रख दिया गया है। परिजनों ने पुलिस से मामले में गहन जांच की मांग की है। मालूम हो कि तीन दिन पूर्व कुदरा-भभुआ मोड़ के पास कट्टा के साथ रील बनाते दो युवकों को गिरफ्तार किया था।

## शिक्षा से ही देश व समाज का विकास : मनोज कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** शिक्षा से ही समाज व देश का विकास संभव है। इसके लिए शैक्षणिक संस्थानों में संसाधनों की कमी नहीं होनी चाहिए। उक्त बातें सांसद मनोज कुमार ने कुदरा के जगदेव मेमोरियल कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में कहा। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में से संसाधनों की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जगदेव मेमोरियल कॉलेज का हमेशा कर्जदार रहूंगा क्योंकि हम यहीं से इंटरमीडिएट व स्नातक कर के इस मुकाम पर पहुंचा हूं। उन्होंने कहा कि पैसे के अभाव में मैं पढ़ने कर लिए बाहर नहीं जा सका, लेकिन



इस कॉलेज में शिक्षकों के सहयोग से नामांकन हुआ जिसके बाद मैं आगे बढ़ता गया। मैं आज जो भी हूं इस कॉलेज के बदौलत हूं। उन्होंने कहा कि जगदेव मेमोरियल में भवन की कमी व अन्य संसाधनों की कमी को जल्द ही दूर किया जाएगा। शैक्षणिक संस्थानों का विकास हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार व संचालन दामोदर शर्मा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. परमहंस सिंह, प्रो. इमरान अंसारी, प्रो. महेंद्र कुमार सिंह, प्रो. नरेंद्र सिंह समेत सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

## 29 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 29 आरोपितों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में चोरी, वारंटी, शराब तस्कर शामिल है। उन्होंने बताया कि पुलिस दबिश के कारण विभिन्न कांडों के 25 आरोपितों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से आठ लीटर देशी व एक बाइक बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में 94 हजार 500रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

## अधिवक्ता के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** वरीय अधिवक्ता राम विलास सिंह के असामयिक निधन को लेकर जिले के दोनों बार संघों रोहतास जिला विधिज्ञ संघ एवं रोहतास बार एसोसिएशन में शोक सभा का आयोजन किया गया। दोनों बार संघों के केन्द्रीय कक्ष में दोपहर 1:30 बजे आयोजित उक्त शोक सभा की अध्यक्षता क्रमशः जगदंबा प्रसाद सिंह उर्फ मारकंडेय सिंह एवं मुक्तिनारायण तिवारी ने की।

## बीएड महाविद्यालय परसथुआ, डंगरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** प्रशिक्षण महाविद्यालय परसथुआ में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मोहनियां विधायक संगीता कुमारी ने कहा कि गुणवतापूर्ण शिक्षा के साथ ही भारतीय संस्कृति को कायम रखने के लिए संस्कार सहित शिक्षा देने की आवश्यकता है। उक्त बातें गुरुवार को बीएड कालेज परसथुआ के नये शैक्षणिक सत्र 2025-27 के उद्घाटन समारोह में कही। कहा कि यह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय इस क्षेत्र के मान-सम्मान में चार चांद लगता है। विधायक ने कहा कि जितना भी होगा मैं इस महाविद्यालय के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगी। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक के साथ संचालक सह सचिव डॉ उमाशंकर द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सचिव उमाशंकर द्विवेदी ने कहा कि कम संसाधन में बेहतर शिक्षा देने का मेरा हमेशा प्रयास रहता है।



इस महाविद्यालय में योग्य शिक्षकों के साथ लैब, छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टि से हर कार्य कराया जाता है। कार्यक्रम को सामाजिक कार्यकर्ता कन्हैया राय, प्रोफेसर विनोद मिश्र, प्रोफेसर लक्ष्मण सिंह कुल्हाड़िया बीएड कालेज के प्रोफेसर लालबहादुर सिंह समेत अन्य ने सम्बोधित किये। महाविद्यालय को दुल्हन की तरह सजाया गया था। कार्यक्रम में छात्रों ने नृत्य गीत पेश कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलेश पाण्डेय व संचालन प्रोफेसर सुधा सिंह ने किया।

## मारपीट मामले में नामजद प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज(रोहतास)।** थाना क्षेत्र के पिपरडीह गांव में एक घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट किये जाने और हत्या की धमकी दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना को लेकर पीड़िता रीता कुमारी के पति धनजी पासवान ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है जिसमें एक महिला समेत छह लोगों को नामजद किया गया है। आरोपितों में विमलेश राम, सचिता राम, प्रदीप राम, रामाधार राम, सुमित्रा देवी और सुधीर कुमार शामिल हैं। ये सभी पिपरडीह गांव के ही निवासी बताए जाते हैं। एफआईआर के लिए दिये गये आवेदन में रीता कुमारी ने आरोप लगाया है कि वह अपनी सास के साथ घर में बैठी थी। तभी उक्त आरोपित घर में घुस आए और रीता कुमारी इसकी सास गुजरावति देवी व एक अन्य महिला के साथ मारपीट करने लगे।

## प्रतियोगिता में सफल छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रखंड के न्यू प्राथमिक स्कूल कझारघाट में गुरुवार को प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। मासिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा कार्यक्रम के तहत माह अगस्त 2025 में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा हुआ था। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मुकेश मणि एवं विशिष्ट अतिथि निकासी व्ययन पदाधिकारी सह समन्वयक शहरी संकुल संसाधन केंद्र उच्च स्कूल जहानाबाद अरुण कुमार त्रिपाठी ने पुरस्कार वितरण किया। स्कूल में नव प्रतिस्थापित प्रधान शिक्षक ब्रजेश कुमार ने बताया कि बच्चों में शिक्षा के प्रति अभिरुचि तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जागृत करने के उद्देश्य से एक नवाचार के रूप में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का ओएमआर शीट पर लिखित आयोजन कराया गया था। सफल छात्रों तथा छात्राओं को मेडल प्रशस्ति पत्र तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया जबकि सभी



प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में कॉपी तथा कलम वितरित किया गया। प्रतियोगिता में वर्ग पांच के छात्र प्रिंस कुमार को प्रथम, प्रीति कुमारी को द्वितीय जबकि मुकेश कुमार तथा आरती कुमारी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रवींद्र कुमार केवट, संतोष कुमार, चंदन कुमार तथा प्रिंस कुमार समेत कई उपस्थित थे।

## एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज (रोहतास)।** बड़ी बाजार रोड स्थित जदयू प्रखण्ड कार्यालय में एनडीए कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ. अमरेन्द्र कुमार व संचालन भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष आर्या ने की। बैठक में मुख्य रूप से नोखा विधानसभा पूर्व प्रत्याशी सह पूर्व जिलाध्यक्ष जदयू नागेंद्र चंद्रवंशी, राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य संजर खान व नोखा विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र रजवार मौजूद रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा 30 अगस्त को नोखा बाजार समिति के खेल मैदान में होने वाले नोखा विधानसभा स्तरीय एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियां थीं। कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक लोगों को जुटाने का निर्देश दिया गया। जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष ने बताया कि सम्मेलन में भाजपा, जदयू और लोजपा (रामविलास) के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं की एकजुटता को एनडीए की सबसे बड़ी ताकत बताया। नेताओं ने कहा कि यह सम्मेलन आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा। बैठक में संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय शौंडीक, अंजनी सिंह, लोजपा अध्यक्ष देवमुनि पासवान, रालोमो अध्यक्ष अमित वर्मा, शिवकुमार राम, रामजी चौधरी, अमित कुशवाहा, संजय कुमार उर्फ लालबाबू प्रसाद, कनकधीर उपाध्याय, संदीप बहादुर सिंह, मीनू सिंह, सुनील कुमार, नितेश कुमार लड्डू, नईमुद्दीन इदरीशी, डब्लू सिंह, विनोद चौधरी, उपेंद्र चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, रघुनाथ शरण गुप्ता, अजय कुशवाहा, परशुराम सिंह समेत एनडीए के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।


## निविदा सूचना

**प्राथमिक कृषि साख स.स., भुरकुण्डा, प्रखंड-गोह थाना-गोह, औरंगाबाद**

| क्र. | परियोजना का नाम | इकाई विवरणी | प्रति इकाई लागत (राशि लाख में) | निविदा का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | राइस मिल | 02 एम.टी. प्रति घंटा क्षमता इकाई की सम्पूर्ण संयंत्र Blending Unit के साथ | 22.15 | पैक्स कार्यालय भुरकुण्डा |

1. इकाई के अधिष्ठापन की जिम्मेवारी आपूर्तिकर्ता की होगी। 2. आपूर्तिकर्ता को पांच साल की वारंटी देनी होगी। 3. सभी यंत्र प्रतिष्ठित कम्पनी एवं मानक अनुरूप होना चाहिये। 4. निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय समिति का होगा जो सभी के लिए मान्य होगा।

अन्य जानकारी हेतु श्री धीरज कुमार, अध्यक्ष, भुरकुण्डा पैक्स, प्रखंड गोह का मोबाइल नं.-9999995475 से सम्पर्क किया जा सकता है। निविदा की अंतिम तिथि दिनांक 03.09.2025 तक है।

अध्यक्ष
प्राथमिक कृषि साख
स.स., भुरकुण्डा, प्रखंड-गोह



## निविदा सूचना

**प्राथमिक कृषि साख स.स., करसांव, प्रखंड-ओबरा थाना-फेसर, औरंगाबाद**

| क्र. | परियोजना का नाम | इकाई विवरणी | प्रति इकाई लागत (राशि लाख में) | निविदा का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | राइस मिल | 02 एम.टी. प्रति घंटा क्षमता इकाई की सम्पूर्ण संयंत्र Blending Unit के साथ | 22.15 | पैक्स कार्यालय करसांव |

1. इकाई के अधिष्ठापन की जिम्मेवारी आपूर्तिकर्ता की होगी। 2. आपूर्तिकर्ता को पांच साल की वारंटी देनी होगी। 3. सभी यंत्र प्रतिष्ठित कम्पनी एवं मानक अनुरूप होना चाहिये। 4. निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय समिति का होगा जो सभी के लिए मान्य होगा।

अन्य जानकारी हेतु श्री मिहिर कुमार सिंह, अध्यक्ष, करसांव पैक्स, प्रखंड- ओबरा का मोबाइल नं.-9934395451 से सम्पर्क किया जा सकता है। निविदा की अंतिम तिथि दिनांक 03.09.2025 तक है।

अध्यक्ष
प्राथमिक कृषि साख
स.स., करसांव, प्रखंड-ओबरा


CMYK

# नवादा में जिला पदाधिकारी ने वृहद आश्रय गृह किया औचक निरीक्षण



**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने वृहद आश्रय गृह, नवादा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बालिका गृह में आवासित बालिकाओं को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और बालिकाओं से बातचीत कर मिल रही सुविधाओं की स्थिति के बारे में जाना। साथ ही गृह कर्मियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि बच्चों को बेहतर सुविधाएं देने के साथ-साथ उन्हें शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास से जोड़ा जाए, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

जिला पदाधिकारी ने विशेष रूप से कहा कि बालिकाओं के पुनर्वास पर ध्यान दिया जाए। इसके लिए सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई को निर्देश दिया गया कि वे बाल कल्याण समिति (उहउ) के साथ नियमित बैठक एवं समन्वय करते हुए बालिकाओं को उनके परिवार से जोड़ने की दिशा में प्रयास करें। जिला पदाधिकारी ने गृह के कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि - साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए, बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए, निर्धारित मेन्यू के अनुसार समय पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए, बच्चों के मनोरंजन से संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए, पर्याप्त शिक्षक एवं सुरक्षा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि आश्रय गृह में रह रही बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण के साथ उनके भविष्य को संवारने के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई के साथ-साथ कर्मिगण उपस्थित थे।

# बिहार के मतदाताओं का अपमान बर्दाश्त नहीं: रविशंकर प्रसाद

## नालंदा में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन




**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** में गुरुवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया । सम्मेलन में भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद रविशंकर प्रसाद, मंत्री प्रेम कुमार , मंत्री डॉ सुनील कुमार,भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. संजय जायसवाल के अलावा कई एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए । इस मौके पर सांसद रविशंकर प्रसाद ने विपक्षी दलों पर तीखे वार करते हुए कहा कि यह दोनों युवराज वोटर लिस्ट पर सवाल उठाकर बिहार की जनता का अपमान कर रहे हैं। बिहार के मतदाताओं ने नीतीश कुमार, नरेंद्र मोदी और एनडीए नेताओं को पूरी ईमानदारी से जिताया है। उनके फैसले का अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी माता जी को लेकर हुई कथित अभद्र टिप्पणी का जिक्र करते हुए उन्होंने विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री की माताजी ने गरीबी में संघर्ष कर देश के प्रधानमंत्री को पाला-पोसा, ऐसे में उनके बारे में अपमानजनक बातें करना बेहद शर्मनाक है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा हराहुल गांधी जी को देश से माफी मांगनी चाहिए। लेकिन उनका अहंकार इतना बढ़ा है कि वे माफी नहीं मांगेंगे। कांग्रेस का यह रवैया बेहद शर्मनाक है। एनडीए नेता ने विश्वास जताया कि नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गठबंधन को आने वाले चुनावों में भी जनता का भारी समर्थन मिलेगा। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे जमीनी स्तर पर जाकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं।सांसद कौशलेंद्र कुमार और विधान पार्षद नीरज कुमार समेत एनडीए के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे।

# कस्तूरबा विद्यालयों के रसोइया-गार्ड ने डीईओ कार्यालय के समक्ष दिया धरना

## गए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइया, नाइट गार्ड और आदेशपाल पिछले चार दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं. गुरुवार को दर्जनों विद्यालयों के कर्मियों ने एकजुट होकर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) कार्यालय के समक्ष धरना दिया और नारेबाजी की।

संघ के सदस्यों ने बताया कि वे 2008 से सेवा दे रहे हैं, लेकिन आज तक अस्थायी ही रखे गए हैं. रसोइयों और गार्डों का कहना है कि उन्हें प्रतिदिन केवल 150 रुपये मजदूरी दी जाती है, जो सामान्य मजदूरी से भी कम है।बढ़ती महंगाई में इस राशि से परिवार का भरण-पोषण असंभव हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने 10 सूत्री मांगें सरकार के समक्ष रखी है। इनमें सेवाओं का स्थायीकरण, समान कार्य के लिए समान वेतन, न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत भुगतान, पीएफ व ईएसआई की सुविधा, नियमित स्वास्थ्य जांच, कार्यस्थल पर सुरक्षा, और महिला रसोइयों के लिए मातृत्व अवकाश शमिल है। आंदोलनकारियों ने कहा कि विद्यालयों की व्यवस्था उनके बिना संभव नहीं है, फिर भी सरकार उनकी अनदेखी कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उधर, शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कहा कि कर्मियों की मांगों की जानकारी सरकार को भेजी जाएगी और मामले पर गंभीरता से विचार होगा।

# पटना से अपहृत युवक को नालंदा पुलिस ने तीन घंटे में किया सकुशल बरामद

## हथियार-कारतूस समेत 3 अपहरणकर्ता गिरफ्तार

राजीव वर्मा



**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहेरी थाना पुलिस ने गुरुवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए पटना से अपहृत एक युवक को सिर्फ तीन घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। इस दौरान पुलिस ने हथियार और कारतूस से लैस तीन अपहरणकताओं को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार, धनबाद निवासी आदित्य सिंह (19 वर्ष), पिता राजु कुमार सिंह, पटना में रहकर कोचिंग करता है। इसी दौरान उसकी जान-पहचान हिमांशु उर्फ गोपी सिंह से हुई। पुलिस के मुताबिक, हिमांशु को यह जानकारी थी कि आदित्य का परिवार जमीन कारोबार से जुड़ा है।इसी लालच में उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर फिरौती के लिए अपहरण की साजिश रची। 25 अगस्त को आरोपी हिमांशु ने बहला-फुसलाकर आदित्य को अपने कब्जे में ले लिया और बिहारशरीफ के बाजार समिति क्षेत्र स्थित किराए के मकान में बंधक बना दिया। वहां उसे मारपीट कर 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई और जान से मारने की धमकी दी गई। बुधवार की रात मौका पाकर पीड़ित आदित्य ने अपने एक दोस्त को मैसेज कर मदद मांगी। उसके दोस्त ने तुरंत लहेरी थाने को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने तकनीकी व मानवीय प्रयासों से लोकेशन ट्रेस किया और बाजार समिति बड़ी पहाड़ी स्थित मकान की घेराबंदी कर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान तीनों आरोपी हथियार के बल पर आदित्य को बंधक बनाए हुए थे। पुलिस ने धावा बोलकर तीनों को मौके पर ही धर दबोचा और युवक को सुरक्षित छुड़ा लिया। गिरफ्तार आरोपियों में हिमांशु कुमार उर्फ गोपी सिंह (24 वर्ष), ग्राम मघड़ा, थाना दीपनगर, कुंदन कुमार (21 वर्ष), ग्राम महम्मदपुर, थाना एकंगरसराय, वर्तमान पता न्यू नालंदा कॉलोनी, थाना लहेरी, सोनू कुमार (25 वर्ष), ग्राम धुबरी, थाना घोसी, जिला जहानाबाद शामिल है। पुलिस ने उनके पास से 2 पिस्टल, 3 मैगजीन, 10 कारतूस, 4 मोबाइल, 1 टैब और 45 हजार रुपये नकद बरामद किया। सदर एसडीपीओ नुरुल हक ने बताया कि मुख्य आरोपी हिमांशु पहले भी जेल जा चुका है।गिरोह के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। अपहृत आदित्य को परिजनों को सौंप दिया गया है और गिरफ्तार आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### 10 लक्षण प्रदूषण महापर्व का नवादा में शुभारंभ

**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जैन धर्म के सबसे महान पर्व दसलक्षण प्रयूषण महापर्व का आज शुभारंभ हो गया । 10 दिनों तक चलने वाले इस महापर्व की शुरूआत आज जैन मंदिर नवादा में बड़े ही धूमधाम से की गई 10 दिनों तक चलने वाला यह महापर्व भाद्र मास की पंचमी तिथि से शुरू होकर चतुर्दशी तिथि तक मनाया जाता है। इन 10 दिनों में जैन धर्म के उपासक भगवान महावीर द्वारा बताए गए दसधर्म यथा उत्तम क्षमा ,त्याग, आर्दव, मार्दव, अकिंचन ,तप, शौच ,संयम, सत्य, व ब्रह्मचर्य धर्म का पालन करते हैं। आज सुबह से ही अस्पताल रोड स्थित जैन मंदिर नवादा में जैन धर्म के सदस्य बड़े ही उत्साह पूर्वक जमा हुए सभी लोगों ने पीले वस्त्र धारण किए हुए थे। आज सभी भक्तों ने जैन मंदिर नवादा में जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों की पूजा अर्चना व कलश और अभिषेक किया पूरा माहौल भक्ति संगीत व नृत्य से सराबोर हो गया, सभी लोग झूम झूम कर पूजा पाठ अर्चना कर रहे थे । आज 10 धर्म में पहला दिन था और इस प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म की विशेष पूजा अर्चना की गई। संध्या बेला में सभी भक्तों ने भगवान की महा आरती की इस समस्त कार्यक्रम में जैन समाज की कार्यकारिणी समिति, जैन महिला मिलन, जैन बहू मिलन , जैन युवा संगठन एवं संपूर्ण समाज ने अपना उत्साह पूर्वक योगदान दिया।

### राजस्व महा अभियान कार्यक्रम में केवल खानापूर्ति

**नारदीगंज,नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाल के दिनों से राजस्व महा अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक किसान को भूमि से संबंधित फार्म किसानों को देना है। फिर सभी किसानों को फार्म भर कर अपने राजस्व कर्मचारी या अंचल कार्यालय में जमा करना है। ताकि भूमि सर्वे के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इसके लिए पंचायतों में शिविर लगाने का भी आदेश है। बावजूद सही ढंग से नारदीगंज प्रखंड के किसानों को इसकी कोई जानकारी नहीं मिल रहा है। नंदपुर निवासी रविन्द्र सिंह,पसई निवासी कृष्ण कुमार,दरियापुर निवासी अनिल कुमार, सहजपुरा निवासी नवीन कुमार,पडरिया निवासी अखिलेश कुमार सुमन ने बताया कि राजस्व महा अभियान के तहत पंचायत के किस किस गांव में किस तिथि को शिविर लगेगा।

### मोदी जी और उनकी माँ पर की गयी अभद्र टिप्पणी का भाजपा ने किया जोरदार विरोध

**नवादा//नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला प्रभारी भाजपा राजेश कुमार सिंह ने कहा की राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की यात्रा के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की स्वर्गीय माताजी के लिए बेहद अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। राजनीति में ऐसी नीचता पहले कभी नहीं देखी गई। यह यात्रा अपमान, घृणा और स्तरहीनता की सारी हदें पार कर चुकी है। जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा की तेजस्वी और राहुल ने पहले बिहार के लोगों का अपमान करने वाले स्टालिन और रेवंत रेड्डी जैसे नेताओं को अपनी यात्रा में बुलाकर बिहारवासियों को अपमानित कराया। अब उनकी हताशा की स्थिति यह है कि वे प्रधानमंत्री मोदी जी की पूज्य स्वर्गीय माताजी को गाली दिलवा रहे हैं। तेजस्वी और राहुल ने अपने मंच से इतनी गंदी भाषा का प्रयोग कराया है कि उसे सार्वजनिक मंच पर दोहराना भी संभव नहीं। यह ऐसी गलती है कि राहुल और तेजस्वी अगर हजार बार कान पकड़कर उठक-बैठक कर-के भी माफी मांगें, तब भी बिहार की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। बिहार के पावन भूमि से एक गरीब परिवार दलित से आने वाले नरेन्द्र मोदी की माँ को गाली देना बेहद शर्मनाक है ये गरीब, महिला पिछड़ा का अपमान है। बिहार की जनता 2025 के चुनाव मे करारा जवाब देगी इस मौके पर जिला महामंत्री नंदकिशोर चौरसिया, उपाध्यक्ष विनोद कुमार भोली,मुकेश कुमार,कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु, जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजित शंकर नवादा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गरीवन महतो एवं अन्य शामिल थे।

# नवादा में 31 अगस्त को हलवाई समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन

**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा में 31अगस्त को हलवाई महासभा बिहार प्रदेश का प्रदेश स्तरीय गणपति महोत्सव एवं वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। हलवाई महासभा बिहार प्रदेश के तत्वावधान में शहर के होटल द बुद्धा रीजेंसी में कार्यक्रम होना है। सम्मेलन में बिहार के लगभग सभी जिलों के साथ देश के विभिन्न राज्यों से भी लोग उपस्थित रहेंगे।

# शत-प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य हेतु मुखिया और ग्रामीणों को दिया गया प्रशिक्षण



**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परबलपुर के सभागार में गुरुवार को गावी 3.0 परियोजना के तहत पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के बीच एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को शत-प्रतिशत टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराना और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना था। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि गर्भवती महिलाओं का चार बार प्रसव पूर्व जांच कराना अनिवार्य है। वहीं बच्चों को समय पर टीका लगाना अत्यंत जरूरी है। ऐसे परिवार जो टीकाकरण के महत्व को नहीं समझते, वहां ये प्रशिक्षित प्रतिनिधि जाकर उन्हें जागरूक करेंगे और टीकाकरण से होने वाले लाभों की जानकारी देंगे। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राजेंद्र चौधरी ने बताया कि बच्चों को 12 प्रकार की जानलेवा बीमारियों जैसे टीबी, खसरा, डिप्थीरिया, गलघोंटू, डायरिया, हेपेटाइटिस-बी और सर्वाइकल कैंसर आदि से बचाने के लिए सरकार द्वारा निःशुल्क टीकाकरण उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रत्येक माह तय तिथि को स्वास्थ्यकर्मी पहुंचकर यह सेवा प्रदान करते हैं। पीसीआई के जिला कोऑर्डिनेटर प्रिंस कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण से गांव के प्रभावशाली लोग टीकाकरण अभियान को गति देंगे और सरकार के शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति में अहम भूमिका निभाएंगे। डीसीएम पीसीपीसीआई संगीता कुमारी ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह बुधवार और शुक्रवार को कार्ययोजना के अनुसार गांवों में टीकाकरण कार्य किया जाता है। शत-प्रतिशत टीकाकरण होने से शिशु मृत्यु और मातृ मृत्यु दर में भी कमी आएगी।

# जैन धर्मावलंबियों का दस दिवसीय पर्वराज प्रयूषण शुरू

## आत्मशुद्धि के पर्व के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने की 'उत्तम क्षमा धर्म' की विशेष आराधना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।



**नवादा।** जैन धर्मावलंबियों के आत्मशोधन का दस दिवसीय पर्वराज 'पर्युषण' गुरूवार से प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर नवादा स्थित विभिन्न जैन मंदिरों में जैनियों ने दशलक्षण धर्म के प्रथम स्वरूप 'उत्तम क्षमा धर्म' की विशेष पूजा-अर्चना की।

नवादा जिला मुख्यालय स्थित जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के प्रथम शिष्य श्री गौतम गणधर स्वामी की निर्वाण स्थली श्री गुणावां जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पर जैन धर्मावलंबियों ने प्रातःकालीन बेला में सर्वप्रथम जिनेंद्र प्रभु का अभिषेक व शांति धारा के उपरांत अष्टद्रव्य में शामिल जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप एवं फल से देव शास्त्र गुरू की पूजा की। तत्पश्चात दशलक्षण धर्म के प्रथम स्वरूप 'उत्तम क्षमा धर्म' की पूरी श्रद्धा एवं भक्ति-भाव के साथ विशेष आराधना करते हुये अपने व्यावहारिक जीवन में क्षमा धर्म को अंगीकार करने का संकल्प लिया। जिनेंद्र प्रभु की मंगल आरती के साथ पर्वराज पर्युषण के प्रथम दिन के अनुष्ठान का समापन हुआ। आज के इस विशेष अनुष्ठान में लक्ष्मी जैन, खुशबू जैन, श्रुति जैन व श्रेया जैन सहित अन्य जैन श्रद्धालुओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। नवादा स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में भी जैन धर्मावलंबियों ने हर्षोल्लास के साथ पर्वराज 'पर्युषण' के प्रथम दिन 'उत्तम क्षमा धर्म' की विशेष पूजा-अर्चना की।

## क्षमाशील व्यक्ति का नहीं होता है कोई शत्रु : दीपक जैन

**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उत्तम क्षमा धर्म जैन धर्म की दस मूल अवधारणाओं में प्रथम धर्म है। इसका मूल उद्देश्य अपने व्यावहारिक जीवन में उत्तम क्षमा धर्म को अपने व्यवहारिक जीवन में आत्मसात करने को प्रेरित करना है।

'उत्तम क्षमा धर्म' पर प्रकाश डालते हुये जैन समाज के प्रतिनिधि दीपक जैन ने बताया कि 'क्षमा' आत्मा का एक ऐसा स्वाभाविक गुण है, जिसमें व्यक्ति बिना शर्त क्षमा करने की इच्छा रखता है। वह न तो किसी भी जीव को दुःख पहुंचाता है और न ही किसी अप्रिय घटना पर क्रोध व्यक्त करता है। क्षमाशील व्यक्ति का कोई शत्रु नहीं होता है। उसकी वाणी सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहती है। दीपक जैन कहा कि जो व्यक्ति क्रोध का परित्याग करते हुये अपने जीवन में क्षमा के भाव को धारण करता है, वह व्यक्ति स्वयं के आत्मकल्याण के मार्ग को प्रशस्त करता है।

# जनता के संपर्क में रहने वाले जन प्रतिनिधि का चुनाव करें मतदाता : अनुज

## विकास को लेकर मतदाताओं का मिल रहा अपार जनसमर्थन





**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में कुछ दिनों में विधानसभा चुनाव होने को हैं। तारीखों का ऐलान होने ही वाला है। इसी बीच जनता का मिजाज और मूड भी चुनावी हो रहा है। मतदाता विकास की मंशा रखने वाले उम्मीदवार को ही अपना जनप्रतिनिधि बनाने के मूड में दिख रहे हैं।

साथ ही जनता के बीच रहने वाले उम्मीदवार को ही सिर आंखों पर बिठाने की तैयारी में लगे हैं। नवादा विधानसभा क्षेत्र में अपनी उम्मीदवारी को लेकर शिक्षाविद व समाजसेवी डॉ अनुज सिंह के द्वारा लगातार मतदाताओं से मिलकर उनका विचार जानने का प्रयास किया जा रहा है। नवादा नगर छायरोड ,माल गोदाम, शिव नगर ,पटेल नगर ,नवीन नगर, शकुंतलम नगर सहित कई मुहल्लों में भ्रमण कर मतदाताओं से मिले। अपने समर्थकों के साथ नई रेलवे स्टेशन ,माल गोदाम छाय रोड वार्ड संख्या 9 से भ्रमण कार्य शुरू किया। जहां स्थानीय लोगों में पप्पू महतो ,किशन कुमार, चंदन कुमार ,राहुल जी के साथ-साथ सैंकड़ों युवाओं के द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। रोहित पासवान ने अपने मुहल्ले वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जात-पात, धर्म-संप्रदाय से उपर उठ कर जो जनता का सेवा करे । अपने प्रति मतदाताओं का समर्थन देखकर डॉ अनुज ने आभार जताया। पुनः वहां से सही मतदाताओं से मिलते हुए पटेल नगर पहुंचे जहां हर घर में जाकर लोगों से मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव में सहयोग करने का आग्रह किया। स्थानीय नागरिकों में नवेंदु धीरज, दिवाकर जी ,संजय चौधरी वार्ड पार्षद,बिल्लू चौधरी वार्ड पार्षद आदि के द्वारा शाल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद पटेल नगर में सेवानिवृत प्रधानाध्यापक शिवकुमार प्रसाद एवं उनके साथियों ने भी मिलकर जोरदार स्वागत किया और समर्थन का ऐलान किया। उसके बाद पटेल नगर में गणित विषय के विख्यात प्रोफेसर रघुनंदन बाबू एवं धर्मवीर सिंहा एवं उनके साथियों के द्वारा फूलमाला बुके शाल देकर सम्मानित किया। जहां लोगों को संबोधित करते हुए चर्चित शिक्षक रघुनंदन जी ने कहा कि जनप्रतिनिधि वह नारी की सुरक्षा व सम्मान की व्यवस्था करे। वहां उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए आगामी 14 सितंबर को होने वाले विशाल जनसभा में आने के लिए आमंत्रण भी दिया। पुनः नवीन नगर में नवीन कुमार वन के साथियों ने भी स्वागत किया। जलजस्थान पार्क यात्रा शकुंतलम नगर प्रोजेक्ट स्कूल के निकट पहुंचा तो वहां पर कोऑपरेटिव बैंक जिला परिषद कार्यालय से सेवानिवृत जगत बाबू, विनेश बाबू,मनीष कुमार, आलोक कुमार , अधिवक्ता अरुण कुमार ने मिलकर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया और समर्थन का भरोसा दिया। जनसंपर्क यात्रा को सफल बनाने में स्थानीय लोगों में श्रवण बरनवाल, मनोहर पासवान ,भोला पासवान के साथ-साथ हजारों की संख्या में उनके समर्थक चल रहे थे।

# शंखनाद प्रतियोगिता में शामिल ब्राह्मण परिवार

**नारदीगंज, नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के ओड़ो गांव स्थित ब्राह्मण टोला में गणेश मंदिर में विघ्न विनायक गणेश की पूजा अर्चना भक्तिभाव से हुई। इस अवसर पर श्री गणेश युवा सेवा संस्थान सह गणेश कला परिषद ओड़ो के सौजन्य से पांच दिवसीय आयोजित कार्यक्रम के दौरान दूसरे दिन गुरुवार को दो बजे अपराह्न में शंखनाद प्रतियोगिता शुरू हुई। सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार मिश्र, अध्यक्ष अम्बुज मिश्र,विष्णु वल्लभ पांडेय, विनय कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्धघाटन किये। पंडित दिनकर मिश्र समेत अन्य ब्राह्मण परिवारों ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर मंगलाचरण कर सभी आगंतुकों को पुष्पमाला देकर स्वागत किये।

### डीएम एवं डीआरएम ने पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन को लेकर की बैठक

# मेले में श्रद्धालुओं को मिले हर सुविधा : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** पितृपक्ष मेला के अवसर पर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं, जो खासकर विभिन्न ट्रेन के माध्यम से आएंगे। उनकी सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर तथा सुगमता बनाने के उद्देश्य से डीआरएम भारतीय रेल एवं जिले के डीएम शशांक शुभंकर द्वारा पूरे स्टेशन क्षेत्रों का निरीक्षण किया। विदित हो कि इस वर्ष 6 सितंबर से 21 सितंबर तक पितृपक्ष मेला का आयोजन रहेगा। इसमें बड़ी संख्या में यात्री रेल मार्ग से गया जी आते हैं। डीएम ने कहा कि ऑटो स्टैंड पार्किंग रोशनी बिजली की व्यवस्था पूरी रखने की बात कही। डीएम ने कहा कि आने वाले श्रद्धालुओं को हर सुविधा प्रदान किया जाए ताकि उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े। डीएम ने रेलवे अधिकारियों के साथ-साथ अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया है कि एक नंबर प्लेटफार्म से लेकर 7 नंबर प्लेटफार्म तक पेयजल, शौचालय सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराया जाए। वही ट्रेन टेबल भी जगह-जगह प्रदर्शित करवाया जाये ताकि रेल यात्रियों को बाहर से आने वाले पर्यटकों को सुविधा मिल सके। वही डिस्प्ले बोर्ड लगाने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि गया रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए साइन बोर्ड भी लगवाये। निरीक्षण में स्टेशन के पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में लगभग 85 जोड़ी से ऊपर ट्रेन का परिचालन है। 40 हजार से 50 हजार यात्री प्रतिदिन गया रेलवे स्टेशन से यात्रा कर रहे हैं। पितृपक्ष मेला के समय लगभग 80 हजार से 90 हजार यात्री प्रतिदिन गया जिला आते हैं। (फुट फॉल का आंकड़ा) इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा हरियाणा राज्य से ज्यादातर तीर्थयात्री आते हैं। बताया गया कि ज्यादातर ट्रेनें रात्रि 9 से सुबह 4 बजे समय के बीच ही आती है। यात्रियों की सुविधा हेतु कुल 20 टॉयलेट की व्यवस्था है जिसमें 5 रेलवे स्टेशन के अंदर तथा 15 रेलवे स्टेशन के बाहर में है। इसके अलावा टेंपरेरी टॉयलेट का भी निर्माण करवाया जा रहा है। डीएम ने सभी शौचालयों को नियमित साफ-सफाई अच्छे तरीके से साफ-सफाई करवाते रहने का निर्देश दिए। रेलवे अपना सारा व्यवस्था को दुरुस्त रखे। मेला अवधि में लगातार टॉयलेट की सफाई सुनिश्चित करवाये। पेयजल के संबंध में निर्देश दिया है कि प्लेटफार्म पर पेयजल की व्यवस्था पर्याप्त संख्या में करवाये इसके अलावा प्लेटफार्म के बाहरी परिसर में भी पेयजल की व्यवस्था रखना सुनिश्चित करें। पेयजल की व्यवस्था एवं टॉयलेट की व्यवस्था जहां-जहां पर रखी जानी है, यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त साइनेज लगवा दे ताकि लोगों को इसकी जानकारी मिल सके। इसके अलावा एंट्री गेट एवं एग्जिट गेट कहां-कहां पर हैं इसका भी साइनेज लगवाएं। प्लेटफार्म के सीढियों पर चढ़ने के दौरान विष्णुपद मंदिर किस दिशा में पड़ता है, किस दिशा में जाना है इत्यादि संबंधित भी साइनेज प्लेटफार्म पर लगवाएं ताकि यात्रियों को पूरी मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में गया रेलवे स्टेशन का नए सिरे से निर्माण करवाया जा रहा है जिसे लेकर थोड़ी बहुत परेशानी हो रही है। यात्रियों के आवागमन एवं उनकी सुरक्षा को पूरा ध्यान में रखते हुए अन्य उपयोगी उपकरणों को किसी दूसरे स्थान पर शिफ्ट करवाने को कहा है, ताकि यात्रियों का मूवमेंट पूरी अच्छी तरीके से रहे। यत्र-तत्र लोहे का सामान फैले/ बिखरे रहने से यात्रियों का पैर फंस सकता है और यात्री गिर सकते हैं इसे पूरा ध्यान रखकर यत्र तत्र लोहे के इक्विपमेंट को किसी दूसरे स्थान पर रखवा दें। उन्होंने कहा कि कहीं भी कोई रास्ता उबड़ खाबड़ या जलजमाव नहीं रहे। डीएम ने रेलवे स्टेशन पर पार्किंग स्थल समतल कराने एवं बेहतर बनवाने का निर्देश दिए हैं ताकि छोटी बड़ी वाहनों को कतारबद्ध में लगाया जा सके। पितृपक्ष मेला में रेलवे स्टेशन पर भीड़ की निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में हाई रेजोल्यूशन वाले सीसीटीवी कैमरा लगवाने एवं उसकी मॉनिटरिंग जिला नियंत्रण कक्ष में करवाने की व्यवस्था हेतु रेलवे के अधिकारियों को जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है।

## सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया विकासात्मक कार्यों का शिलान्यास




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत वार्ड संख्या 46 में फल्गु नदी के किनारे पॉलिटेक्निक घाट पर घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास 23 लाख 11 हजार 719 रुपए की लागत से किया। इसी योजना के अंतर्गत वार्ड 46 में ही केंदुई घाट पर घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास 23 लाख 43 हजार 847 रुपए की लागत से किया गया। इसके अलावा वार्ड संख्या 14 में किरानी घाट के पास पार्क निर्माण कार्य का शिलान्यास 16 लाख 74 हजार 470 रुपए की लागत से तथा वार्ड संख्या 33 में मोहननगर स्थित पार्क निर्माण कार्य का शिलान्यास 23 लाख 47 हजार 403 रुपए की लागत से किया गया। इस अवसर पर मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना का उद्देश्य गया शहर के समग्र विकास को नई गति देना है। पार्क और घाटों का निर्माण होने से स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिलेगा तथा धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## संयुक्त सर्च अभियान में मादक पदार्थ बरामद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** एसएसबी 29वीं बटालियन गयाजी के कमांडेंट मधुकर अभिताभ को गुरुवार को विश्वनीय सूत्रों की आसूचना के आधार पर एवं उनके ही दिशानिर्देश पर 29 वीं बटालियन की ई समवाय धनगई, गया जी के सहायक कमांडेंट सनोज राज के नेतृत्व में एसएसबी, गया पुलिस, थाना - बाराचट्टी के साथ संयुक्त सर्च अभियान के दौरान ग्राम-छोटकी चापी, थाना- बाराचट्टी, जिला- गया जी के घने जंगल से 2.5 किलोग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ (डोडा) एवं द्रव्य अफीम लेटेक्स 5.5 किलोग्राम बरामद किया गया। जब्त किये प्रतिबंधित मादक पदार्थ को थाना-बाराचट्टी को विधिक कार्यवाही हेतु सौंप दिया गया।

## 1.75 करोड़ का फ्रॉड करने वाला बैंक मैनेजर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के गुरुआ थाना क्षेत्र में यूपी पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की गुरुआ शाखा के प्रबंधक मिथिलेश चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मामला साल 2020 का है जब मिथिलेश चौधरी उत्तर प्रदेश के शामली थाना क्षेत्र में स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में तैनात थे। मिथिलेश चौधरी पर साल 2020 में पीएनबी की शाखा से 1.75 करोड़ रुपये की अवैध निकासी का आरोप है। इस गबन के मामले में लंबे समय से जांच चल रही थी जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। शामली थाना क्षेत्र में बैंक से करोड़ों रुपये की फर्जी निकासी का मामला सामने आया था। गन्ना समिति की ओर से इस मामले में शामली थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें मिथिलेश चौधरी को मुख्य आरोपी बनाया गया था। इस गबन ने स्थानीय स्तर पर काफी हंगामा मचाया था और जांच में कई अहम सबूत सामने आए थे। यूपी पुलिस ने इस मामले की गहन जांच की और मिथिलेश चौधरी की संलिप्तता के पुख्ता सबूत जुटाए। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि चौधरी ने बैंक के नियमों का उल्लंघन कर अवैध तरीके से धन की निकासी की थी। इसके बाद यूपी की शामली पुलिस ने बिहार के गया जिले की गुरुआ पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई की। बुधवार को इस छापेमारी में मिथिलेश चौधरी को गुरुआ स्थित पीएनबी शाखा से गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना ने एक बार फिर बैंकिंग सिस्टम की पारदर्शिता और सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इतनी बड़ी राशि की अवैध निकासी और उसमें बैंक मैनेजर की संलिप्तता ने लोगों के बीच विश्वास की कमी को उजागर किया है। मिथिलेश चौधरी की गिरफ्तारी के बाद यूपी पुलिस इस मामले में अन्य संभावित संलिप्त लोगों की तलाश में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि इस गबन में और भी लोग शामिल हो सकते हैं जिनकी भूमिका की जांच की जा रही है। फिलहाल मिथिलेश चौधरी से पूछताछ जारी है और इस मामले में जल्द ही और खुलासे होने की उम्मीद है।

**क्या कहते हैं गुरुआ थानाध्यक्ष**

गुरुआ थानाध्यक्ष मोहम्मद सरफराज इमाम ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि यूपी पुलिस ने विधिवत तरीके से मिथिलेश चौधरी को गिरफ्तार किया है।

## 11 नंबर वार्ड में सड़क निर्माण कार्य ठप

**नवबिहार संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** गया जिला नवनिर्मित नगर पंचायत डोभी के 11 नंबर वार्ड की एक प्रमुख गली में सड़क निर्माण का कार्य वर्षों से अधर में लटका हुआ है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सड़क निर्माण के लिए राशि की निकासी हो चुकी है। बावजूद आज तक सड़क नहीं बनी। गली में रहने वाले लोग बरसों से पक्की सड़क का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें कीचड़ और जलजमाव ही नसीब हुआ है। बरसात के दिनों में हालात और भी भयावह हो जाता है। सड़क पर पानी भर जाने से लोगों का निकलना दूर्भर हो जाता है। स्थानीय निवासी चितरंजन मिश्रा का कहना है कि बरसात आते ही सड़क तालाब बन जाता है। हमलोग रोजाना इस समस्या से परेशान हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। चितरंजन मिश्रा का कहना है कि हमने कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से सड़क बनाने की गुहार लगाई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। अब तो पैसा भी खर्च दिखा दिया गया, लेकिन सड़क अब तक नहीं बना। इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी डोभी के नाम से स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा आवेदन दिया गया है।

## डॉ. पिंटू कुमार ने किया मगध विश्वविद्यालय एनएसएस समन्वयक का पदभार ग्रहण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के सहायक आचार्य डॉ. पिंटू कुमार ने गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक का पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर निवर्तमान समन्वयक प्रोफेसर ब्रजेश राय द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में डॉ. कुमार को औपचारिक रूप से पदभार सौंपा गया। प्रोफेसर राय ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में डॉ. पिंटू कुमार ने कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे उनकी आशाओं और विश्वास पर खरे उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने निवर्तमान समन्वयक प्रोफेसर ब्रजेश कुमार राय के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से एनएसएस को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। डॉ. कुमार ने विश्वविद्यालय के सभी एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसरों, विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा सभी के सहयोग से हम एनएसएस के उद्देश्यों को और सशक्त बनाएंगे। कार्यक्रम में डॉ. परम प्रकाश राय, डॉ. राकेश कुमार रंजन, डॉ. बी.पी. नलिन सहित कई अन्य कर्मचारी और शिक्षक उपस्थित थे। यह आयोजन मगध विश्वविद्यालय के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक माना जा रहा है जिसमें एनएसएस के माध्यम से सामाजिक और शैक्षिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया गया।

## पितृपक्ष मेला को लेकर नगर आयुक्त ने आधी रात को मेला क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** आगामी 6 सितंबर से पितृपक्ष मेले की शुरुआत होना है। इसके मद्देनजर नगर निगम की तैयारियां काफी तेजी चल रही है। विभिन्न राज्यों से आने वाले तीर्थयात्रियों को परेशानी न हो और मेला क्षेत्र में किसी क्षेत्र में अंधेरा न रहे, इसे लेकर नगर आयुक्त कुमार अनुराग बुधवार की आधी रात विभिन्न सड़कों का घूम-घूम कर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने नगर निगम के एजेंसी द्वारा शहर में लगाए जा रहे 100 हाईमास्ट लाइट, 7000 स्पाइरल लाइट (तिरंगा लाइट) और 7000 स्ट्रीट लाइटों का जायजा लिया। निरीक्षण क्रम संबंधित द्वारा बताया गया कि शहर में 103 हाईमास्ट लाइट लगाने कार्य पूरे हो चुके हैं। वहीं मेला क्षेत्र व शहरों में स्ट्रीट लाइट लगाने कार्य प्रगति पर है। सर्वप्रथम उन्होंने विष्णुपद मंदिर से चांदचौरा, जेपी झरना सहित अन्य मेला क्षेत्र/ प्रमुख सड़क इत्यादि में जहां भी डार्क स्पॉट रहा, वहां रुक कर संबंधित जेई व एजेंसी को निर्देशित करते रहे। कहा कि हर हाल में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रहे जिन क्षेत्रों में जहां भी लाइट की कमी पाई गई है, वहां अतिरिक्त लाइट लगवाए। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के क्रम में जिन क्षेत्रों में जहां भी खामियां मिली, उसे अविलम्ब संबंधित को तत्काल सुधार करने का सख्त निर्देश दिया। उस दौरान उन्होंने सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता को सतत निगरानी एवं निरीक्षण कर लाइटों को कार्यरत कराने का निर्देश दिया है। इस संबंध में नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने बताया कि पितृपक्ष मेले में प्रकाश व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया गया जिन क्षेत्रों में कमी दिखी, संबंधित को दुरुस्त कराने का सख्त निर्देश दी गई है। पूरे मेला क्षेत्र में मुकम्मल प्रकाश व्यवस्था बनी रहेगी। विशेष टीम के द्वारा सभी कामों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रकाश व्यवस्था के लिए एजेंसी द्वारा शहर में हाईमास्ट लाइट, स्ट्रीट लाइट व स्पाइरल लाइट कार्य कराएं जा रहे हैं। अधिष्ठापित लाइटों का रख रखाव भी अभी एजेंसी को ही करना है, अतः जो भी लाइट या स्पाइरल लाइट अकार्यरत है उसे अविलंब कार्यरत कराने हेतु संबंधित एजेंसी को निर्देश दिया गया।

## जमीन पर वर्षों से खरीद-बिक्री पर रोक को किया गया विमुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने बताया कि पुराने समय अर्थात 2003, 2009-10, 2012-13 के समय से कुछ जमीनों पर खरीद बिक्री पर रोक लगा था, लगी रोक सूची से उनके जमीनों का खाता खेसरा को जांचोपरांत रोक सूची से हटाया गया है। जिला पदाधिकारी ने आज कुल 07 जमीन को रोक सूची से हटाया है। डीएम ने जिला अवर निबंधन पदाधिकारी एवं सभी डीसीएलआर को निर्देश दिया है कि अन्य रोक भी जो लगा है, उसका फाइल प्रस्तुत करें ताकि बेवजह आम जनों को कार्यालय का चक्कर काटना नहीं पड़े। कोई जमीन के संबंध में सूचना प्राप्त होती है कि भू अर्जन में गई है या सरकारी जमीन है या किसी न्यायालय में मामला दायर चल रहा है। न्यायालय द्वारा उक्त जमीन को खरीद बिक्री पर रोक लगाया है या पूर्व में सरकारी जमीन की सूची अंचल में तैयार की गई हो। उक्त सूची में कोई जमीन है तो उसकी जांच पड़ताल करके यदि वह जमीन वास्तव में रैयती है चाहे भू अर्जन से, सीलिंग से, न्यायालय के वाद से इत्यादि इन सारी चीजों से मुक्त है तो जिला स्तर पर उसकी एक समिति है जिनमें एडीएम राजस्व, जिला अवर निबंधक, डीसीएलआर एवं संबंधित अंचल के सीओ इन सभी की एक समिति है उनके माध्यम से जांच करा करके जिस जमीन के निबंध पर रोक लगा हुआ है, अगर यह पाया जाता है की जमीन रैयती है, किसी प्रकार का विवाद/ रोक नहीं है तो उसको रोक सूची से हटा हटाने का प्रस्ताव भेजा जाता है और उसका निबंधन शुरू की जा सकती है। डीएम ने कहा कि पूर्व से काफी जमीनों पर निबंध पर रोक लगी है जिसमें बहुत सारे जमीनों पर जांच पड़ताल चल रही है। डीएम द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि रोक सूची से संबंधित जमीन को जांच पड़ताल तेजी से कराया जाए और जो जमीन वास्तव में रैयत है।

## कांग्रेस नेता ने की पीड़ित परिवार से मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड स्थित खजूरी पंचायत के ग्राम मॉक निवासी जयराम यादव की पत्नी सोना देवी और जयराम यादव की मृत्यु बीते दिनों हो गई थी। गुरुवार को टिकारी विधानसभा क्षेत्र के संभावित कांग्रेस प्रत्याशी अजय यादव ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। पूर्व जाप प्रत्याशी अजय यादव ने परिवार को सांत्वना दी और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

## फल्गु नदी में मिला बुजुर्ग महिला का शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में फल्गु नदी के रबर डैम के पास बुजुर्ग महिला का शव मिला है। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। उम्र 80 साल के आसपास बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीण रिशु साहनी ने बताया कि सुबह मल्लाह टोली के पास पानी में तैरता हुआ शव दिखा। स्थानीय लोगों की मदद से पानी से बाहर निकाला। गमछा से चेहरा ढका जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इस महिला को आसपास कभी देखा नहीं है।

## भूमि सुधार महाअभियान शिविर हंगामे के बीच संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखण्ड के परसावां पंचायत कार्यालय भवन में आयोजित भूमि सुधार, महाअभियान शिविर हो हंगामा के बीच बुधवार को संपन्न हुई। अंचल अधिकारी के समझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार परसावां पंचायत कार्यालय भवन में आयोजित भूमि सुधार महाअभियान में आए किसानों ने अंचल अधिकारी के समक्ष राजस्व कर्मचारी उज्जवल कुमार के कार्य शैली से नाराज होकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया। ग्रामीण जगदीश यादव और अभिषेक कुमार ने कहा कि सरकार जमीन की त्रुटि को दूर करने के लिए यह अभियान चला रही है लेकिन अंचल कार्यालय से मिलने वाला कागजात राजस्व कर्मचारी के हाथ नहीं बांटकर दलालों को हाथ में दे रहे हैं। जिसके कारण कभी विकास मित्र और कभी उपसरपंच और सरपंच के यहां भगाना दौड़ना पड़ रहा है। कई किसानों का तो कागजात दूसरे जगह दिया गया है। ग्रामीण का कहना था कि राजस्व कर्मचारी हमेशा फोन बंद रखते हैं। कार्यालय में बैठते नहीं है जिसके कारण हम लोगों को भटकना पड़ता है, ग्रामीण को आक्रोशित होता देख अंचल अधिकारी मुकेश कुमार ने लोगों को शांत कराया। वहीं, मौजूद मुखिया दिलीप कुमार ने भी लोगों को समझा कर कार्य प्रारम्भ कराया। अंचल अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि आज परसावां और सिमरा पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया है।


**कार्यालयः उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर**
**(जिला नजारत शाखा)**

**शुद्धि पत्र 359137**

जिला प्रशासन, पलामू द्वारा एतद् के माध्यम से अल्पकालीन निविदा खोलने की तिथि 25.08.2025 को 03.00 बजे अप0 निर्धारित किया गया था जो अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है एवं इसका अवधि विस्तार करते हुए दिनांक 11.09.2025 को 01.00 बजे तक निविदा जमा करने एवं 03.00 बजे अपराह्ण में निविदा खोलने की तिथि निर्धारित की जाती है।

नजारत उप समाहर्त्ता,
पलामू।

PR 360579 (District) 25-25 (D)


## कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने किया नवपुनर्निर्मित वनस्पति उद्यान का उद्घाटन





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान विभाग में आज एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पहल की गई। विभाग परिसर नव-पुनर्निर्मित वनस्पति उद्यान का भव्य उद्घाटन कुलपति प्रो. शाही प्रताप शाही द्वारा किया गया। यह आयोजन इनर व्हील क्लब, गया के सहयोग से संपन्न हुआ। यह वनस्पति उद्यान स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रमुख घटकों में से एक है। इस उद्यान की विशिष्ट विशेषताओं में एक हर्बल और औषधीय उद्यान, एक जीवाश्म उद्यान और एक जलीय पारिस्थितिकी तंत्र शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान इनर व्हील क्लब द्वारा विभाग को औषधीय पौधों का दान भी किया गया। ये पौधे न केवल शोध एवं शिक्षण कार्यों में सहायक सिद्ध होंगे, बल्कि विद्यार्थियों को पारंपरिक औषधीय महत्व और उनके संरक्षण की जानकारी भी प्रदान करेंगे। उद्घाटन समारोह में विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एस. एन. पी. यादव, प्रॉक्टर प्रो. उपेंद्र प्रसाद, बोटनी विभाग के प्रभारी डॉ. रवि कुमार सिंह, पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. अमित कुमार सिंह एवं डॉ. एकता वर्मा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे विश्वविद्यालय के लिए के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में कुलपति प्रो. शाही प्रताप शाही ने कहा कि हर्बल गार्डन और फॉसिल पार्क विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों को नई ऊर्जा देंगे। यह पहल न केवल शोध और अध्यापन में सहायक होगी, बल्कि छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान, जैव विविधता की समझ और पर्यावरणीय चेतना विकसित करने में भी मददगार होगी। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय को चाहिए कि वह छात्रों को प्रयोगात्मक और अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करे, ताकि वे समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी को और बेहतर ढंग से निभा सकें। हर्बल गार्डन के माध्यम से विद्यार्थी औषधीय पौधों की प्रजातियों, उनके औषधीय उपयोग एवं संरक्षण के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करेंगे। फॉसिल पार्क विद्यार्थियों को पृथ्वी के प्राचीन भूगर्भीय इतिहास और पौधों के विकास क्रम को समझने में मदद करेगा।


**झारखण्ड सरकार**
**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**न्यायालयः-प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल**

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वनोपज एवं वाहन पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निम्नलिखित निर्धारित सुनवाई की तिथि एवं समय को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वनोपज एवं वाहन तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | अभ्युक्ति | सुनवाई की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 22/2025 | (1) TATA SFC 407/27 ट्रक, निबंधन संख्या CG15AC0124, चेचिस नं0– MAT357105A8A00389 तथा इंजन नं0/मोटर नं0 497SPTC35AZY800458 एवं (2) साल चौपहल – 80 पीस | वाहन मालिकः बजरंग लाल अग्रवाल, पिता– महावीर अग्रवाल, ग्राम– गुमगा, पोस्ट– दंडगांव, थाना– दंडगांव, जिला– सुरगुजा, राज्य– छत्तीसगढ़, पिन–497117 | दिनांक 07.10.2025 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

PR 360645 Forest, Environment and Climate Changes(25-26).D

संपादकीय

# दिव्यांगों के हक में फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने देश में दिव्यांगों का मजाक उड़ाने वाले कॉमेडियनों को माफी मांगने तथा इसका वीडियो सोशल मीडिया पर डालने का फैसला सुनाकर दिव्यांगों की गरिमा की रक्षा की है। कोर्ट ने यह निर्देश समय रैना और अन्य यूट्यूब चैनलों को दिया। कोर्ट ने उनको अपने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और यूट्यूब चैनलों पर साफ़ माफ़ी दिखाने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि विकलांग लोगों का मजाक उड़ाने पर सोशल मीडिया के इंफ्लूएंसरों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट फैसले में साफ कहा कि जब आप भाषण को कॉमर्शियलाइज कर रहे हैं, तो आप किसी समुदाय की भावनाओं को ठेस नहीं पहुँचा सकते। कोर्ट ने समय रैना और कई अन्य हास्य कलाकारों को विकलांग व्यक्तियों का मजाक उड़ाने वाले चुटकुलों के लिए फटकार लगाई। इसने कहा कि विकलांग व्यक्तियों का मजाक उड़ाना मानवाधिकारों का उल्लंघन है और समाज में संवेदनशीलता की कमी को दिखाता है। जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि अपराध से ज़्यादा पश्चाताप होना चाहिए। कोर्ट ने माफ़ी के अलावा दंड और मुआवजे पर बाद में फ़ैसला लेने का संकेत दिया और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को पक्षकार बनाने की याचिका स्वीकार कर ली। गौरतलब है कि यह फ़ैसला एसएमए क्योर फाउंडेशन द्वारा दायर याचिका पर आया है, जिसमें समय रैना, विपुन गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर उर्फ सोनाली, आदित्य देसाई और निशांत जगदीश तंवर द्वारा विकलांगों का मजाक उड़ाने वाले वीडियो को चिह्नित किया गया था। संगठन ने विकलांगों का मजाक उड़ाने से रोकने के लिए दिशा निर्देश जारी करने की भी मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि इस तरह की सामग्री न केवल प्रभावित व्यक्तियों को मानसिक आघात पहुँचाती है, बल्कि समाज में पूर्वाग्रहों को बढ़ावा देती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार दूसरे समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाले व्यावसायिक भाषणों पर लागू नहीं हो सकता है। यह मामला हाल ही में वायरल हुए 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद से जुड़ा है, जिसमें इन कॉमेडियनों ने अपने पॉडकास्ट और यूट्यूब वीडियो में विकलांग व्यक्तियों की नकल करके हास्य का प्रयास किया था। याचिका में आरोप लगाया गया कि ये मजाक विकलांग व्यक्तियों की गरिमा का अपमान करते हैं और मानवाधिकारों का उल्लंघन करते हैं। स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी जैसी बीमारियों से प्रभावित लोगों के लिए काम करने वाले एसएमए क्योर फाउंडेशन ने तर्क दिया कि इस तरह की सामग्री सोशल मीडिया पर बेतहाशा फैल रही है, जो पूर्वाग्रहों को बढ़ावा देती है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला न केवल इन कॉमेडियनों को माफी मांगने के लिए बाध्य करता है, बल्कि समाज को संवेदनशीलता सिखाता है। जबकि हास्य की स्वतंत्रता बरकरार रहेगी, लेकिन यह दूसरों की गरिमा पर नहीं हो सकती। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए तारीख तय की है, जहां दंड और दिशा निर्देशों पर अंतिम फैसला होगा। इस फैसले का अर्थ यह नहीं कि सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी पर कोई अंकुश लगाया है। क्योंकि दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट ने ही एक अन्य फैसले में अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दायर चार्जशीट पर कार्यवाही रोक कर दूसरी एफआईआर रद्द कर दी। कोर्ट ने जिस एफआईआर को रद्द किया है, उसमें पुलिस ने क्लोज़र रिपोर्ट दी थी। प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को 18 मई 2025 को हरियाणा पुलिस ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर उनके सोशल मीडिया पोस्ट के लिए गिरफ्तार किया था। इन पोस्ट में उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले और भारत की सैन्य कार्रवाई पर टिप्पणी की थी।

# बैंकिंग सुविधा से वंचित लोगों को बैंक सेवाएं देने वाली जन धन योजना के 11 वर्ष पूर्ण



वी. अनंत नागेश्वरन

वित्तीय समावेशन सतत विकास की एक अनिवार्य शर्त है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि वर्ष 2030 के लिए संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में से 7 इसे दुनिया भर में समावेशी विकास के लिए एक प्रमुख कारक के रूप में मानते हैं। वित्तीय समावेशन की दिशा में पहला कदम बैंकिंग सुविधा से वंचित लोगों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने से शुरू होता है क्योंकि बैंक खाता औपचारिक बैंकिंग प्रणाली के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है।

इसलिए वित्तीय समावेशन के लिए स्पष्ट और संरचित नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता है ताकि शुरू से ही इस सुविधा से वंचित लोगों तक बैंकिंग सेवाओं का विस्तार किया जा सके।

इस सिद्धांत को व्यवहार में लाने के लिए, लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री मोदी के पहले संबोधन में प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) की घोषणा की गई, जिसे राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन मिशन के अंतर्गत 28 अगस्त 2014 को औपचारिक रूप से शुरू किया गया। इस मिशन का विजन ÷मेरा खाता, भाग्य विधाता÷ के नारे में समाहित था। इसका उद्देश्य गरीबों और लंबे समय से वंचित वर्ग के लोगों को आर्थिक मुख्यधारा में लाना, औपचारिक बैंकिंग प्रणाली तक उनकी पहुंच को साकार कराना और यह सुनिश्चित करना था कि वे भारत की विकास गाथा के हितधारक और लाभार्थी बनें। जन धन खातों ने लाभार्थियों को न्यूनतम कागजी कार्रवाई और सरलीकृत केवाईसी/ई-केवाईसी प्रक्रियाओं के साथ जीरो-बैलेंस और शून्य-शुल्क वाले खाते खोलने की अनुमति दी।

इसके अंतर्गत रुपे डेबिट कार्ड पर 2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर और 10,000 रुपए तक ओवरड्राफ्ट की सुविधा भी दी गई है।

प्रधानमंत्री जन धन योजना ने अपनी शुरुआत के बाद से अभूतपूर्व सफलता हासिल की है।

वर्ष 2024 की एक आर्थिक और राजनीतिक साप्ताहिक पत्रिका ने लिखा है कि ÷2014 और 2017 के बीच भारत में खाताधारकों की संख्या में 26 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि दर दर्ज की गई, जिसका श्रेय दुनिया के सबसे बड़े वित्तीय समावेशन अभियान-पीएमजेडीवाई को दिया जा सकता है।

यह वैश्विक खाता वृद्धि (6.57) से लगभग चार गुना अधिक है और इसी अवधि के दौरान विकासशील देशों (7.27) की तुलना में तीन गुना अधिक है।÷ 8 अगस्त 2025 तक, 56 करोड़ से अधिक जन धन खाते खोले जा चुके हैं जिनमें से लगभग 67 प्रतिशत ग्रामीण और अर्ध-शहरी केंद्रों में स्थित बैंक शाखाओं में हैं। इस योजना ने लैंगिक असमानताओं को भी स्पष्ट रूप से पाट दिया है- पीएमजेडीवाई के 55 प्रतिशत से अधिक खाते यानी 31 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के पास हैं। इसके अलावा, जन धन खाते सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में पंजीकरण के लिए महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं। हाल के संसदीय आंकड़ों से पता चलता है कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत लगभग एक-तिहाई नामांकन पीएमजेडीवाई से जुड़े हैं।

प्रधानमंत्री जन धन योजना भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की आधारशिला के रूप में भी उभरा है। इसने भुगतान तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाया है और लाखों लोगों को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) की सफलता को आधार प्रदान करके, पीएमजेडीवाई ने पारदर्शिता को बढ़ाया है, कल्याणकारी वितरण में लीकेज को कम किया है और सरकारी योजनाओं में विश्वास को मजबूत किया है। आधार और मोबाइल कनेक्टिविटी के साथ, जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी पूरे भारत में डिजिटल भुगतान को व्यापक रूप से अपनाने में सहायक रही है। जन धन खातों और एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) के बीच तालमेल ने अनौपचारिक क्षेत्र के छोटे और सीमांत उद्यमियों को व्यवसाय करने के लिए औपचारिक वित्तीय चैनलों तक पहुंच प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाया है। एनपीसीआई के हाल के आंकड़ों से पता चलता है कि लगभग आधे यूपीआई लेनदेन खाद्य और किराने के सामान की श्रेणियों में हैं जो यह दर्शाता है कि वित्तीय समावेशन और डिजिटल भुगतान ने मिलकर जमीनी स्तर पर दैनिक कारोबार के स्वरूप को ही बदल दिया है।

इसका प्रभाव वित्तीय पहुंच से कहीं आगे बढ़कर महत्वपूर्ण सकारात्मक बाह्य प्रभाव उत्पन्न कर रहा है। 'ग्रामीण भारत में बैंकिंग, बचत और उपभोग सुगमता तक पहुंच' शीर्षक से 2022 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि बैंकिंग सुविधा तक पहुंच, बचत की बाधाओं को कम करके उपभोग सुगमता में सुधार करती है। यह मुद्दा गरीबों के लिए ऋण बाधाओं जितना ही महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार, वर्ष 2021 की एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में पाया गया कि जनधन खातों में ज्यादा जमा राशि वाले राज्यों में अपराध की घटनाओं में कमी देखी गई और जिन राज्यों में प्रधानमंत्री जनधन योजना खाता ज्यादा खुले हैं, वहां शराब और तंबाकू जैसे नशीले पदार्थों के सेवन में महत्वपूर्ण कमी दर्ज की गई।




बैंकिंग सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच अब जब साकार होने की ओर है, ऐसे में आगे की चुनौती वित्तीय समावेशन को और गहरा करने की है।

उत्साहजनक रूप से, आरबीआई का वित्तीय समावेशन सूचकांक इस दिशा में निरंतर प्रगति को दर्शाता है। वित्तीय समावेशन के तीन आयामों- पहुंच (35 प्रतिशत), उपयोग (45 प्रतिशत) और गुणवत्ता (20 प्रतिशत)- से संबंधित जानकारी को समाहित करने वाला यह समग्र सूचकांक 2021 में अपनी शुरुआत के बाद से लगातार बढ़ रहा है और मार्च 2024 तक 67.0 तक पहुंच गया है। इस पैमाने पर, जहां 0 पूर्ण बहिष्कार और 100 पूर्ण समावेशन को दर्शाता है, भारत का निरंतर शीर्ष की ओर बढ़ना देश भर में वित्तीय समावेशन के गहन और व्यापक होने को रेखांकित करता है। बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों को आर्थिक मुख्यधारा में लाने में प्रधानमंत्री जन धन योजना की सफलता, एक बार की उपलब्धि नहीं है।

यह गहन वित्तीय समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसके साथ ही यह जीवन, आजीविका और साझा समृद्धि में बदलाव लाने वाले प्रभावों को भी उजागर करता है।

***(श्री वी. अनंत नागेश्वरन भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार हैं)***

अध्यात्म

# सत्संग से बुरे विचार दूर रहते हैं



सकारात्मक सोच के साथ किए गए कामों में सफलता मिलने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं। नकारात्मक विचारों से सरल काम भी मुश्किल लगने लगता है। सोच सकारात्मक बनी रही, इसके लिए हमें लगातार अच्छी बातें, प्रवचन पढ़ते-सुनते रहना चाहिए।

प्रचलित कथा के अनुसार एक व्यक्ति संत कबीर के पास आया और बोला कि हमें रोज-रोज प्रवचन सुनने की जरूरत क्यों हैं? आप रोज अच्छे काम करने की सलाह देते हैं। रोज-रोज एक जैसी बातें सुनने से क्या लाभ मिलता है?

कबीर ने उस व्यक्ति की बात ध्यान से सुनी और बिना कुछ बोले एक हथौड़ी उठाई और पास ही जमीन में गड़े एक खूंटे पर मार दी और फिर अपने काम में व्यस्त हो गए। ये देखकर उस व्यक्ति को लगा कि शायद अभी कबीरदासजी का मन नहीं है बात करने का। वह व्यक्ति उस समय चला गया। अगले दिन फिर वही व्यक्ति कबीर के पास आया और बोला कि मैंने कल एक प्रश्न पूछा था, आपने उत्तर दिया ही नहीं। कबीर ने फिर उसी खूंटे के ऊपर हथौड़ी मार दी, लेकिन बोले कुछ नहीं। युवक ने सोचा कि शायद आज इनका मौन व्रत है। वह तीसरे दिन फिर आया और वही प्रश्न पूछा। कबीर ने फिर से खूंटे पर हथौड़ी मार दी। इस बार व्यक्ति गुस्सा हो गया। वह बोला कि आप मेरी बात का जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं? मैं तीन दिन से एक प्रश्न पूछ रहा हूं। कबीर बोले कि भाई मैं रोज तुम्हारे प्रश्न का उत्तर दे रहा हूं। मैं इस खूंटे पर हथौड़ी मारकर जमीन में इसकी पकड़ मजबूत कर रहा हूं। अगर मैं ऐसा नहीं करूंगा तो इससे बंधे पशुओं की खींचतान से या ठोकर लगने से ये निकल जाएगा। ठीक इसी तरह का काम प्रवचन और अच्छी बातें करते हैं। सत्संग हमारे मनरूपी खूंटे पर बार-बार प्रहार करता है, ताकि हमारी भावनाएं सकारात्मक बनी रहें। हम गलता कामों से दूर रहें। हर रोज अच्छी बातें पढ़ने और सुनने से हमारा मन बुराई से दूर होता है। सकारात्मकता बढ़ती है। इसलिए रोज प्रवचन सुनना जरूरी है।

# भारत-अमेरिका विवाद में क्या होगा चीन का रुख?

**अगर भारत और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता है, तो यह साझेदारी कमजोर पड़ सकती है, जिससे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ सकता है। प्रोफेसर चिंतामणि महापात्रा के मुताबिक,अभी यह देखना होगा कि अमेरिका क्वाड को कितना समर्थन करेगा। जापान भी 15 फीसद अमेरिकी शुल्क से खुश नहीं है। चीन हो या अमेरिका, दोनों के खिलाफ जन भावनाओं के स्तर पर यह देखना होगा कि लोग किसके खिलाफ ज्यादा हैं। चीन के साथ लंबे समय से सीमा विवाद है लेकिन ट्रंप और मोदी की दोस्ती के बावजूद एकतरफा शुल्क का लगना भारत में कई लोगों के लिए धक्का है। वहीं, दूसरी ओर भारत और चीन के बीच संबंधों में तेजी से नरमी महसूस की जा रही है।**



वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-चीन के बीच 127.71 बिलियन डालर का व्यापार हुआ, जबकि अमेरिका और भारत के बीच 132.21 बिलियन डालर का व्यापार हुआ। हालांकि, अमेरिका भारत के लिए सबसे बड़ा निर्यातक देश है जबकि चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बीते कुछ सालों में लगातार बढ़ रहा है।

भारत और अमेरिका के बीच दूरियां बढ़ती हैं, तो इसका असर चीन पर क्या पड़ेगा। यह सवाल कई लोगों के मन में है। हाल में चीन की मीडिया में छपी एक रपट में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल में भारत के साथ रिश्तों में नजदीकी से जो लाभ हुए थे, अब दूसरे कार्यकाल में शुल्क के कारण उन पर असर पड़ सकता है। साथ ही इन बदलावों से कहीं न कहीं चीन को फायदा हो सकता है। हालांकि, अमेरिका भारत के लिए सबसे बड़ा निर्यातक देश है जबकि चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बीते कुछ सालों में लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में सवाल यह है कि भारत के लिए चीन क्या अमेरिका का विकल्प हो सकता है?

कलिंगा इंस्टीट्यूट आफ इंडो-पैसिफिक स्टडीज के संस्थापक प्रोफेसर चिंतामणि महापात्रा का मानना है कि भारत-चीन के बीच दूरियां कम होने के पीछे अमेरिका एकमात्र वजह नहीं है। महापात्रा कहते हैं, बीते कुछ महीनों से दोनों देशों के बीच लगातार बातचीत हो रही थी। चीन आर्थिक रूप से संपन्न है और भारत का अहम व्यापारिक साझेदार है।

गलवान के बाद रिश्तों में आई तल्खी को दूर करने के लिए यह एक सामान्य प्रक्रिया है। इस हफ्ते की शुरूआत में चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने दिल्ली की दो दिवसीय यात्रा की इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत और चीन को एक दूसरे को प्रतिद्वंद्वी या खतरे के बजाय भागीदार के रूप में देखना चाहिए। भारत के लिए चीन क्या अमेरिका का विकल्प हो सकता है। इस सवाल के जवाब में पात्रा ने कहा कि ऐसा कभी नहीं होगा। इसके पीछे की वजह बताते हुए प्रोफेसर महापात्रा कहते हैं, चीन और पाकिस्तान की दोस्ती में कोई दरार नहीं आएगी। इसलिए चीन कभी अमेरिका की जगह नहीं ले सकता है।

भारत-चीन के बीच दूरियां कम होने के पीछे अमेरिका एकमात्र वजह नहीं है। चीन और पाकिस्तान की दोस्ती में कोई दरार नहीं आएगी। इसलिए चीन कभी अमेरिका की जगह नहीं ले सकता है। भारत ने जो 'मल्टी एलाइनमेंट पालिसी' अपनाई है, उसी के तहत वह चीन से अपने संबंध सही करने की कोशिश कर रहा है।

मुद्दों पर अब भी सवाल

भारत और चीन के बीच लगातार बातचीत जारी है, लेकिन कई मुद्दों पर अब भी सवाल बने हुए हैं। दोनों देश तीन हजार किलोमीटर से ज्यादा लंबी सीमा साझा करते हैं जो अब तक स्पष्ट नहीं है। इसी कारण एलएसी पर बीते कुछ सालों में दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने आ चुकी हैं। भारत लंबे समय से 'सीमा पार आतंकवाद' के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराता रहा है, जबकि चीन पाकिस्तान को सैन्य और आर्थिक मदद देता है। यह भारत के लिए चिंता का बड़ा कारण है, हालांकि पाकिस्तान भारत के आरोपों को नकारता आया है।

इसी कड़ी में चीन का बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआइ) भी विवाद का विषय है। पाकिस्तान में बन रहा सीपीईसी (चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा) पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर से होकर गुजरता है, जिस पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है। साथ ही, भारत ने दलाई लामा और तिब्बती शरणार्थियों को शरण दी हुई है, जिसे चीन अपनी आंतरिक राजनीति में दखल मानता है। ऐसे में अब सबकी नजर इस बात पर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन यात्रा के बाद क्या दोनों देशों के रिश्तों को नई दिशा मिल पाएगी।

अमेरिका और भारत के बीच मजबूत साझेदारी, खास तौर पर क्वाड (भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया) जैसे समूहों के जरिए चीन के क्षेत्रीय प्रभाव को संतुलित करने का प्रयास करती है। क्वाड देश इसे औपचारिक सैन्य गठबंधन न बताकर इसे एक अनौपचारिक समूह के रूप में पेश करते हैं लेकिन चीन इसे अपने खिलाफ एक गठजोड़ के रूप में देखता है।

अगर भारत और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता है, तो यह साझेदारी कमजोर पड़ सकती है, जिससे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ सकता है। प्रोफेसर चिंतामणि महापात्रा के मुताबिक,अभी यह देखना होगा कि अमेरिका क्वाड को कितना समर्थन करेगा। जापान भी 15 फीसद अमेरिकी शुल्क से खुश नहीं है। चीन हो या अमेरिका, दोनों के खिलाफ जन भावनाओं के स्तर पर यह देखना होगा कि लोग किसके खिलाफ ज्यादा हैं। चीन के साथ लंबे समय से सीमा विवाद है लेकिन ट्रंप और मोदी की दोस्ती के बावजूद एकतरफा शुल्क का लगना भारत में कई लोगों के लिए धक्का है। वहीं, दूसरी ओर भारत और चीन के बीच संबंधों में तेजी से नरमी महसूस की जा रही है।

नई दिल्ली में चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस व्यापक बातचीत के बाद एक संयुक्त दस्तावेज जारी किया गया। उस दस्तावेज में कहा गया कि दोनों देशों ने सीमा व्यापार को फिर से शुरू करने पर सहमति जताई है। यह व्यापार तीन निर्धारित मार्गों लिपुलेख दर्रा, शिपकी ला दर्रा और नाथु ला दर्रा से होगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
परिवार के साथ कहीं घूमने का विचार बना सकते हैं। सूझबूझ के माध्यम से आप अपने कार्य पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में मेहनत करनी पड़ेगी। नकारात्मक विचार आपके काम की गुणवत्ता को प्रभावित करेंगे। मार्केटिंग सम्बन्धी कार्यों में सफलता मिलने में कठिनाई होगी।

**मिथुन**
आपका आत्मविश्वास आपको सभी कार्यों में सफलता प्रदान करेगा। अधिकारी वर्ग के साथ मित्रता बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

**कर्क**
विवाहेतर सम्बन्धों से आपको बचना चाहिये। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्वार्थी व्यवहार के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिये अत्यन्त शुभ है। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी।

**कन्या**
आपको आज काफी मेहनत करनी पड़ेगी। अपने खानपान को संयमित रखें। राजनीतिक विषयों पर आपको अनावश्यक टिप्पणी करने से बचना चाहिये।

**तुला**
मन में आत्मसन्तुष्टि का भाव रहेगा। यात्रा से लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक जीवन अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी की सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक**
राजनीति और सामाजिक गतिविधियों में आप भाग लेंगे। मैन्यूफैक्चरिंग सम्बन्धी व्यवसाय में धन लाभ मिलेगा। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है।

**धनु**
अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। पिता की सलाह लेने से आपको अत्यधिक लाभ मिलेगा। आय के नये स्रोत बन सकते हैं। धैर्य के साथ आप अपने काम को लेकर उत्साहित भी रहेंगे।

**मकर**
अपने व्यवहार को संयमित रखें। छोटी सी बात को लेकर परेशानी होगी। छात्रों का मन पढ़ाई से विचलित हो सकता है। तला-भुना भोजन करने से आपको बचना चाहिये।

**कुंभ**
व्यवसाय में बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। कानूनी मामलों में विजय मिलेगी। अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे। कला जगत से जुड़े लोगों के लिये दिन जबरदस्त है।

**मीन**
आज उच्च अधिकारियों की मदद मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। भावनात्मक रूप से आप मजबूत रहेंगे।

# खेल मंत्री ने किया तीन दिवसीय गणेश मेला का उद्घाटन

## धार्मिक आयोजनों में बढ़ रही जागरूकता : सुरेंद्र मेहता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** बखरी स्थित बाबा गरीबनाथ मंदिर परिसर में तीन दिवसीय गणेश मेला का उद्घाटन बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 13 वर्षों के नेतृत्व में देश में सनातन परंपराएं और धार्मिक आस्था तेजी से फल-फूल रही हैं। आज देशभर में लोग धार्मिक आयोजनों और यात्राओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। जिससे धार्मिक जागरूकता में वृद्धि हुई है। खेल मंत्री ने कहा कि गणेश मेला समिति के सदस्य लगातार लोगों को धार्मिक कार्यों के प्रति जागरूक कर रहे हैं। जो सराहनीय है।कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सूर्यकान्त पासवान ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी कुमार सौरव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुंदन कुमार, मुख्य पार्षद गीता कुशवाहा, उप मुख्य पार्षद ज्ञानती देवी, जिला पार्षद अमित देव, भाजपा नेता नीरज नवीन, पार्षद चंदन चौरसिया तथा व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील राय ने भी अपने विचार रखे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता वो अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन मेला संयोजक दिलीप केशरी ने की, जबकि संचालन अधिवक्ता गौरव कुमार ने किया। इस दौरान अध्यक्ष विजय नेमानी, सचिव सुरेन्द्र केशरी, कोषाध्यक्ष पंकज केशरी, उपाध्यक्ष चन्द्रदेव शर्मा, मेला सह-संयोजक अमित पोद्दार, सोनू गुप्ता, कोष प्रभारी सन्नी गुप्ता एवं पवन साहू ने अतिथियों को अंगवस्त्र, फूल-माला और मंदिर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही स्थानीय पत्रकारों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन विभिन्न विद्यालयों और डांस क्लबों के लगभग 300 बच्चों ने भक्ति नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। छोटे-छोटे बच्चों की प्रस्तुति पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई।मौके पर रवि राजन केशरी, नवीन सोनी, बिनोद चौधरी, मंजू देवी, सुनील पोद्दार, मनोज साहू, दीपक रजक, संतोष साहू, सरवन साहू, पप्पू साहू, रविन्द्र सहनी, रामदयाल केशरी, सीताराम केशरी, रामबली महतो, राम प्रताप साहू, श्रीराम बजाज, कुंज बिहारी, राजा शर्मा, बिट्टू, विकास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महिला कॉलेज में होगी पीजी की पढ़ाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** श्रीष्ण महिला कॉलेज में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की शुरूआत होने से छात्राओं और अभिभावकों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। लंबे समय से छात्राओं की यह प्रमुख मांग रही थी। जिसे लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लगातार आंदोलन और संघर्ष कर रही थी। आखिरकार वर्षों की मेहनत रंग लाई और कॉलेज में पीजी की पढ़ाई प्रारंभ हो गई। इसे लेकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने इसे अपनी बड़ी जीत बताया। महिला कॉलेज इकाई की वरिष्ठ कार्यकर्ता कुमारी संगीता ने कहा कि आज का दिन छात्राओं और कार्यकर्ताओं दोनों के लिए ऐतिहासिक है। कॉलेज में पीजी की पढ़ाई शुरू होना एबीवीपी के संघर्ष की सबसे बड़ी उपलब्धि है। अब छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। यह न सिर्फ छात्राओं बल्कि उनके परिवारों के लिए भी राहत की बात है। एबीवीपी के सोशल मीडिया संयोजक मनीष कुमार ने बताया कि कई वर्षों से एबीवीपी के कार्यकर्ता इस मांग को लेकर लगातार कलेज प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर रहे थे। बार-बार ज्ञापन सौंपे गए, धरना-प्रदर्शन आयोजित हुए और जगह-जगह इस मुद्दे को मजबूती से उठाया गया। अंततः सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्राओं की भावनाओं को समझते हुए यह निर्णय लिया। इस खुशी में एबीवीपी महिला कलेज इकाई के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के सभी विभागों में जाकर छात्राओं के बीच लड्डू बाँटे। साथ ही एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। छात्राओं ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सहायक साबित होगा।कार्यक्रम के दौरान ,कुमारी प्रीति, कुमारी अंजली सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कॉलेज परिसर पूरे दिन उत्साह और उमंग से गूंजता रहा।

## एक नजर

### शराब के नशे में धूत युवक गिरफ्तार

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हथौड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुरापुर गांव में पुलिस ने बृहस्पतिवार की देर शाम शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान मधुरापुर निवासी निगम कुमार पिता मनोज राम के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मौसम ने बताया कि गश्ती के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मधुरापुर गांव में एक व्यक्ति नशे की हालत में लोगों से उलझ रहा है और माहौल खराब कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा और युवक को पकड़ लिया।गिरफ्तार व्यक्ति की मेडिकल जांच कराई गई, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने उसे उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष मौसम ने बताया कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी शराब के सेवन या कारोबार की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### मधुबनी पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** तारा कॉलेज ऑफ एजुकेशन विक्रमपुर में बी एड के प्रशिक्षुओं के बीच मधुबनी पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुधवार को कला शिक्षिका डा. नविता कुमारी के नेतृत्व में उक्त आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की सामग्रियों की मदद से प्रशिक्षुओं ने अपने आंतरिक नजरिये को दर्शाया। किसी ने हिंदू पौराणिक कथाओं जिनमें कृष्ण, शिव, राधा जैसे देवी-देवताओं को अत्यन्त भक्ति और श्रद्धा की प्रतिमूर्ति के रूप में दिखाया एवं मिथिला के प्रमुख कोबर, रास और दशाअवातर को बनाया। प्रतिभागियों ने कलाति को अधिक आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न रंगों का उपयोग किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अर्पिता सिंह, द्वितिय स्थान पर गुंजन कुमारी एवं तृतीय स्थान पर रोशनी कुमारी का चयन निर्णायक मंडल की सहमति से किया गया। कार्यकम में निर्णायक मंडल की भूमिका में ड रोशनी वेगम, सत्व्याप्रकाश एवं कुमार सौरभ ने सक्रिय भूमिका निभाई । कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री संतोष कुमार सिंह के द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### मुशायरा और कार्यशाला 30 को

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उर्दू भाषा के विकास और प्रचार प्रसार के लिए इस वर्ष भी जिला प्रशासन के तत्वाधान में जिला स्तरीय फरोग़ ए उर्दू सेमिनार, मुशायरा और कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्थानीय टाउन हॉल में 30 अगस्त को निर्धारित है । इस संबंध में डीएम ने एक विस्तृत आदेश पूर्व से ही निर्गत कर दिया है। यह कार्यक्रम स्थानीय टाउन हॉल में 30 अगस्त को निर्धारित है। इस संबंध में डीएम ने एक विस्तृत आदेश पूर्व में ही निर्गत कर दिया है। जिला उर्दू भाषा कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी जुल्फिकार अली के हवाले से जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा बताया गया कि राज्य के उर्दू निदेशालय मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग के निदेशअनुसार जिला प्रशासन के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष उर्दू भाषा की उन्नति और प्रचार प्रसार के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिला स्तरीय फरोग़ ए उर्दू सेमिनार, मुशायरा और कार्यशाला भी इसी की एक कड़ी है। बताया गया कि कार्यक्रम का आयोजन 3 सत्रों में किया जाएगा। पहले सत्र सेमिनार का होगा जिसमें प्रतिनिधि गण के रूप में साहित्यकार प्रवेज आलम, मुशीर आलम शिक्षक और शिक्षक जफर रहमानी भाग लेंगे।

## महिला की मौत पर मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** तीन दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल फतेहपुर निवासी जानती देवी (25 वर्ष) की इलाज के दौरान पटना के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही स्वजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने अरवल मोड़ पर शव रखकर टायर जलाए और मुख्य सड़क को जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार, जानती देवी फतेहपुर गांव से पालीगंज बाजार जा रही थीं। फतेहपुर मोड़ स्थित बजरंगबली मंदिर के पास एक मोटरसाइकिल सवार ने उन्हें कुचल दिया था। हादसे में गंभीर रूप से घायल जानती देवी को पटना में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जानती देवी, लखन दास के पुत्रवधू और रामलाल दास की पत्नी थीं। मौत की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए और मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। सूचना मिलते ही पालीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

## सतत जागरुकता से ही कई बीमारियों का होगा खात्मा : डा. सहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग काम और जिम्मेदारियों में इतने व्यस्त हो गए हैं कि अक्सर अपनी सेहत की अनदेखी कर देते हैं। छोटी-छोटी परेशानियों को लोग नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यही लापरवाही कभी-कभी गंभीर बीमारियों का कारण बन जाती है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए जी.डी कॉलेज के सेहत केंद्र व राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा व्होल बडी चेकअप शिविर लगाया जहाँ जहाँ जांच के उपरांत चिकित्सकों के द्वारा उचित परामर्श भी दिया गया। कॉलेज के प्रोफेसर व अध्ययनरत छात्र सहित 300 से ज्यादा लोगों ने जांच शिविर में जांच करवाया। साथ ही साथ इंटेंसिफाइड कैम्पेन के अंतर्गत एच.आई.वी व एड्स से संबंधित जागरूकता अभियान के तहत लोगों को इसके बारे में विस्तृत से बताया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही सेहत केंद्र की नोडल अफिसर सह राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी ड. सहर अफरोज ने कहा कि सम्पूर्ण बडी चेकअप यानी एक ऐसा स्वास्थ्य परीक्षण, जिसमें शरीर के लगभग सभी महत्वपूर्ण अंगों और सिस्टम की जांच की जाती है। इसमें खून की जांच, शुगर, लिवर फंक्शन, किडनी फंक्शन, हार्ट प्रोफाइल, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रल, थायरइड, एक्स-रे, ईसीजी और अन्य जरूरी टेस्ट शामिल होते हैं। यह जांच शरीर की वर्तमान स्थिति का पूरा आकलन देती है और छुपी हुई बीमारियों का शुरूआती स्तर पर ही पता चल जाता है।कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि बीमारियां धीरे-धीरे बिना किसी लक्षण के शरीर को प्रभावित करती हैं। डायबिटीज, हृदय रोग, कैंसर, ब्लड प्रेशर और किडनी की समस्या जैसी कई बीमारियां जब तक सामने आती हैं, तब तक काफी गंभीर हो चुकी होती हैं। लेकिन यदि नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराई जाए तो इन बीमारियों को समय रहते पकड़कर इलाज शुरू किया जा सकता है।मौके पर मौजूद डॉक्टरों ने कहा कि 30 वर्ष की उम्र पार करने के बाद हर व्यक्ति को साल में कम से कम एक बार सम्पूर्ण स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए। वहीं, जिन लोगों को पहले से कोई बीमारी है या पारिवारिक इतिहास में डायबिटीज, हार्ट अटैक, हाई बीपी जैसी समस्याएं रही हैं, उन्हें यह जांच और भी नियमित रूप से करानी चाहिए।पियर एडुकेटर सुमित कुमार ने कहा कि ससमय जांच करवाने के बाद छुपी हुई बीमारियों का समय रहते पता चलता है जिस कारण जीवनशैली सुधारने में मदद मिलती है व सही समय पर उचित डक्टरीय परामर्श से सही समय पर उचित सलाह और इलाज होने पर गंभीर रोगों से बचाव होता है।साथ ही मानसिक शांति मिलती है कि शरीर स्वस्थ है।स्वयंसेवक नीतीश कुमार व अजित कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। यदि शरीर स्वस्थ रहेगा तो जीवन का हर क्षेत्र सफल होगा। इसलिए यह जरूरी है कि हम समय-समय पर व्होल बडी चेकअप कराते रहें। यह न केवल हमें बीमारियों से बचाता है बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पियर एडुकेटर सुमित कुमार, नीतीश कुमार, अजित कुमार, मंचन, गुलशन, विक्रम राठौड़, यासमीन, फलक की भूमिका सराहनीय रही।

## भाद्रपद पंचमी को सिमरिया में सप्त ऋषि का पूजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बीहट।** गुरुवार को भाद्रपद पंचमी तिथि को सिद्धाश्रम सिमरिया धाम में सप्त ऋषि का पूजन सर्व मंगला केंद्रीय समिति के शिष्यों के द्वारा किया गया। जिसके मुख्य यजमान सचिव दिनेश प्रसाद सिंह व पूनम देवी थी। इस विशेष तिथि के बारे में बिस्तार पूर्वक बताया कि भारत एक महान देश है। जिसे आध्यात्मिक देश भी कहा गया है जहां की संसति सनातनी है। जहां का धर्म सनातन है। और जहां का ज्ञान अपौरुषेय है। विश्व पुस्तकालय का प्रथम ग्रंथ वेद है। जिसे समझने के लिए अच्छा शास्त्र है। जिसे वेदांग कहा जाता है। वेदांगों में एक ज्योतिष शास्त्र है। जिसके अनुसार प्रति के साथ-साथ कर्म निर्धारित है। जिसमें चातुर्मास श्रावण, भाद्र अश्विनी, कार्तिक का समय कहा गया है। जिसका विवेचन आज भी ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पंचांग में हमें प्राप्त होता है। ज्योतिष के अनुसार प्रतिवर्ष भादरा में शुक्ल पक्ष के पंचमी को सप्त ऋषियों का पूजन करने का विशेष महत्व है। यह प्रत्यक्ष देवता है। जिन्हें प्रमाण की कोई आवश्यकता नहीं है। इनका पूजन करने वाला दीर्घाजीवी होता है। यशस्वी होता है और सफल मनोरथ को सिद्ध करने वाला होता है। सप्त ऋषि को जैसे अग्नि भारतीय आर्यों के प्राचीन पूज्य एवं उपास देव आदि काल से ऋग वैदिक देवता है। इस प्रकार सप्त ऋषि साक्षात सत्य के रूप सदाचार की मूर्ति मन स्वरूप एवं धर्म चरण में लीन रहने वाले सत्य में आत्मा और परोक्ष रूप में परमात्मा कहा गया है। प्रत्येक वर्ष भद्र महीना के ऋषि पंचमी को उनकी विधिवत पूजा होती है। सिमरिया धाम अवस्थित आदि कुंभस्थली सिमरिया धाम में सप्त ऋषि की विधिवत पूजन होता आया है। साथ ही मुख्य रूप से रूदौली, पंनसलला, भैरवार चक में भारद्वाज ऋषि भी विद्यमान हैं। वही खम्हार चौक पर गौतम ऋषि की स्थापना एवं पूजन होता है। अहियापुर में शांडिल्य ऋषि की स्थापना है।और मंझौल में काशयप ऋषि, दादपुर में कश्यप ऋषि विद्यमान है। सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में में पुंडरीक ऋषि विद्यमान है।जिसमें सिद्धाश्रम के व्यवस्थापक रविंद्र ब्रह्मचारी कोषाध्यक्ष नवीन प्रसाद सिंह मीडिया प्रभारी नीलमणि सुशील चौधरी पप्पू त्यागी तरुण सिंह राधेश्याम चौधरी संजया मनोज कुमार राम किशोर सहाय निपेनदर सिंह, आचार्य नारायण झा दिनेश झा रमेश झा पवन कुमार राम झा श्याम झा सुरेश झा सुनीता देवी रूबी देवी रंजना देवी रितु देवी इत्यादि उपस्थित थे।

## अस्पताल की व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्णय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**एकमा (सारण)।** एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बीडीओ डॉ अरुण कुमार व संचालन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ साजन कुमार ने की। बैठक में चिकित्सकों वं स्वास्थ्य कर्मियों के अलावा प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक वाहिद अख्तर, लेखापाल ब्रजेश कुमार सिंह, स्टोर प्रभारी ओम प्रकाश प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता व समिति सदस्य चितरंजन सिंह, रवि कुमार राम, रिंकू देवी, नीतू देवी आदि अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने भी अस्पताल की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सुझाव दिए और मरीजों की परेशानी दूर करने पर जोर दिया। बैठक में अस्पताल में मरीजों की बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने व आवश्यक संसाधनों के उपयोग पर चर्चा की गई। इस दौरान अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, दवाईयों की उपलब्धता, लैब जांच की व्यवस्था, एम्बुलेंस सेवा सहित मरीजों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। अंत में समिति द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया कि स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर सुविधा मिले, इसके लिए सभी विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे। बैठक में यह भी तय हुआ कि आवश्यकतानुसार चिकित्सा उपकरणों की मरम्मत एवं नये संसाधनों की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा।


**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. 116 दिनांक: 25.08.2025 (अन्य कार्य)।** मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय भवन, पी.ओ.-झालझलिया, जिला - मालदा, पिन 732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: 116-एमएलडीटी-25-26; कार्य का नाम एवं स्थान :** आनेवाला वर्षा-ऋतु के लिए विभिन्न स्थानों पर पत्थर चूर्ण फैलाने, रेलवे सामग्री से भरे चटाई बैग, पत्थर कंकर बिछाने, बोल्डर क्रेटिंग, बल्ला, मिट्टी भरने आदि के आपातकालीन कार्य और मालदा मंडल में अन्य विविध कार्यों के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्य :** रु. 3,84,97,554.68; **निविदा समापन तिथि एवं समय :** 15.09.2025 को 15.30 बजे; **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड: www.ireps.gov.in/DRM Office/ Malda.** निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज का अवलोकन करें।

(MLD-160/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. उपेन्द्र नाथ वर्मा की पुण्यतिथि पर राजकीय समारोह का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व0 उपेन्द्र नाथ वर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर मखदुमपुर प्रखंड के उनके पैतृक ग्राम झमनविगहा, में राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्व0 वर्मा के सुपुत्र श्री बागी कुमार वर्मा जो अरवल जिले के कुर्था विधान सभा क्षेत्र से विधायक हैं। जहानाबाद सदर विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव, घोसी विधान सभा से विधायक, रामबली सिंह यादव, मखदुमपुर के पूर्व विधायक सूबेदार दास, जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे, जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा, अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने स्व0 वर्मा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वर्गीय उपेन्द्र नाथ वर्मा जी सादगी और उच्च आदर्शों के प्रतीक थे। उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए सदैव देश और समाज की सेवा की। सदर विधायक सुदय यादव ने अपने संबोधन में कहा कि स्व0 वर्मा जी जन-जन की आवाज थे। उनकी लोकप्रियता, संघर्ष और योगदान को देखते हुए राज्य सरकार ने उनकी पुण्यतिथि को राजकीय समारोह के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने स्व0 वर्मा जी के स्वतंत्रता संग्राम, सामाजिक उत्थान तथा राजनीतिक जीवन में किए गए महान योगदान को याद करते हुए कहा कि वे लोकनायक, समाजवादी एवं दलित-पिछड़ा वर्ग के सशक्त आवाज थे। उपस्थित जनों ने उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया।

**शैक्षणिक योगदान :** उनके प्रयासों से जहानाबाद जिले में 22 उच्च विद्यालय एवं 2 महाविद्यालय की स्थापना हुई। 1980 में उन्होंने मूक आवाज नामक पत्रिका का संपादन भी किया। 28 अगस्त 2011 को उनका निधन हुआ। राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार पटना के बांस घाट पर किया गया।

## डीएम ने दिया विद्यालय परिचारियों को नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय भवन में शिक्षा विभाग द्वारा अनुकम्पा के आधार पर माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय में लिपिक एवं विद्यालय परिचारी के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी बेगूसराय तुषार सिंगला द्वारा कुल 115 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा) सहित अन्य पदाधिकारी एवं अभ्यर्थी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सात सदस्यीय अनुकम्पा समिति की बैठक की गई। जिसमें शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा जारी अधिसूचनाओं एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों के आलोक में विद्यालय सहायकों लिपिकों की बहाली से जुड़े विभिन्न मामलों की समीक्षा की गई।विभागीय पत्रांक 2336, दिनांक 23 सितम्बर 2024 के माध्यम से बेगूसराय जिले में कुल 177 नवस्थापितध्उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में एक-एक पद पर विद्यालय सहायक लिपिक की बहाली की स्वीति प्रदान की गई थी। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा उच्च विद्यालयों के रिक्त पदों की बहाली हेतु भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त हुए थे।निर्धारित समय सीमा (7 जुलाई से 16 जुलाई) के भीतर जिले में अनुकम्पा हेतु प्राप्त आवेदनों के आधार पर ओवरऑल मेधा सूची दिनांक 22 जुलाई को प्रकाशित की गई तथा 29 जुलाई को अंतिम मेधा सूची जारी की गई। तत्पश्चात 144 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग के लिए आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ मिलान कराया गया, जिसमें से 115 अभ्यर्थियों का कागजात पूर्ण पाने पर नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र पाने के उपरांत सभी अभ्यर्थी काफी खुश नजर आए जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही अपने दायित्व का सही से निर्वहन करने का निर्देश दिया गया।

## मुख्यमंत्री कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत जागरूकता संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के सिया लषण 2 स्कूल समसा तथा अपग्रेडेड मिडिल स्कूल हसनपुर बागर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कैंसर प्रतिरक्षण योजना को लेकर जागरूकता संवाद अभियान चलाया गया। इसका नेतृत्व हेडमास्टर ने किया। बीएमसी यूनिसेफ गोपाल शर्मा ने मौजूद किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर होने के कारण तथा उससे बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस रोग के होने का खतरा 9 वर्ष से 14 वर्ष के किशोरियों में अधिक रहता है। इससे बचाव के लिए कैंसर रोधी टीका (एचपी भी) की दो खुराक छह महीने के अंतराल पर लगाया जाय तो इसे होने का खतरा टल जाता है। इसके लिए स्कूल में टीकाकरण कैम्प का आयोजन होना है । इस कैम्प में शत प्रतिशत किशोरियों को टीका लेने की अपील की गई। प्रथम फेज में स्कूल में नामांकित किशोरियों को तथा द्वितीय फेज में अनामांकित किशोरियों को भी एचपी भी का टीका लगाने की योजना हैघ। मौके पर बी सीएम उषा कुमारी, हेडमास्टर कंचन कुमारी, महबूब आलम आदि मौजूद थे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222 - एस/1/डब्लू - II, दिनांक: 26.08.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.: टीएन-122- 25-26; कार्य का नाम:** सियालदह मंडल में राणाघाट-गेडे शाखा में पुल संख्या 113 (अप लाइन) के पीएससी स्लैब रूपांतरण के प्रावधान के संबंध में गोरागाचा (मेजरहाट) में आरएमसी के साथ पीएससी/आरसीसी स्लैब का निर्माण और पुल स्थल तक उसका परिवहन; **निविदा मूल्य :** रु. 5,69,37,153.54; **ईएमडी :** रु. 4,34,700.00; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 19.09.2025 को15.00 बजे। **कार्य की पूर्णता अवधि:** 12 (बारह) महीने। **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 19.09.2025 को 15.00 बजे। निविदा दस्तावेज और विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। निविदा हेतु बोलियाँ उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी हैं। मैन्युअल रूप से प्रस्तुत प्रस्तावों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। निविदा दस्तावेज़ और विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। मैन्युअल प्रस्तावों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार, ई-टेंडर फॉर्म की लागत शून्य है।

(SDAH-185/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### रक्सौल में डायरिया ने पीड़ित मिलें सात मरीज

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पड़ोसी देश नेपाल के बीरगंज में फैले हैजा महामारी कि धमक अब रक्सौल में भी पहुँच गई है। रक्सौल में एक साथ डायरीया के सात मरीजों के मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अब अलर्ट मोड़ मे आ गया है। इस बात की पुष्टि अनुमंडलिय अस्पताल रक्सौल के उपाधिक्षक राजीव रंजन ने की है। इन सात मरीजों मे चार पुरुष मरीज और तीन महिला मरीज हैं। इनमें तीन मरीज आदापुर के, दो मरीज रक्सौल के और एक एक मरीज रमगढवा और सुगौली से मिले हैं। रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल इससे निपटने की अपनी सारी तैयारी के साथ लाउडस्पीकर के माध्यम से भी प्रचार प्रसार करके लोगों को इसके खिलाफ जागरुक कर रहा है।

### विद्युत स्पशार्घात से एक की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवलपुर थाना क्षेत्र के खैरटिया बलुआ वार्ड 02 निवासी ललन महतो के पुत्र 16 वर्षीय संदीप कुमार उर्फ राजा कुमार की करंट लगने से मौत हो गई है। घटना गुरुवार सुबह 08 बजे की है। अस्पताल में मौजूद मृतक के बड़े पापा सत्यनारायण महतो ने बताया कि संदीप घर के मोटर को ठीक करने की कोशिश कर रहा था। इस बीच अचानक विद्युत संपर्क में आने से उसे गंभीर स्थिति में घायल अवस्था में लौरिया अस्पताल लाया गया। जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### युवक के साथ मारपीट के मामलें में चार पर केस

**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के पूरैनिया गांव में युवक के साथ मारपीट कर युवक को घायल कर देने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। घायल युवक के पिता अमरद्दीन मियां ने पुलिस को आवेदन देकर कलाम हवारी समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### पिराड़ी में समृद्ध वर्मा ने किया गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा थाना क्षेत्र के पिराड़ी में गणेश पूजा पंडाल का बुधवार को मंत्रों उच्चारण के बाद भाजपा के युवा नेता समृद्ध वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इससे पूर्व पूजा समिति सदस्यों की ओर से समृद्ध वर्मा को अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत हुआ। युवा नेता श्री वर्मा ने सौहार्द पूर्ण तरीके व हर्षोल्लास से गणेश महोत्सव मनाने की अपील की। कहा कि भगवान गणेश जी माता-पिता के बहुत ही आज्ञाकारी थे। आज के युवाओं को गणपति बप्पा से कुछ सीखते हुए अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। मौके पर पूजा समिति के ईश्वर प्रसाद राजन पांडे कृष्णचन्द्र प्रसाद, मनोज प्रसाद, रजनीश कुमार सहित समिति के कई लोग मौजूद रहें।

### मनरेगा योजना में धांधली की शिकायत पर अधिकारीयो ने की जांच

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भंगहा पंचायत के वार्ड संख्या दस मे मनरेगा योजना में हुई धांधली की शिकायत पर बुधवार को अधिकारी के द्वारा योजनाओं की जांच की गई। इस दौरान अधिकारीयों ने की गई मनरेगा योजनाओं को सुक्ष्मता से जांच की। मौके पर वार्ड सदस्य धनंजय मंडल ने अधिकारीयों को बताया कि वार्ड संख्या दस में योजना के तहत वगैर पइन सफाई के ही राशि का उठाव कर लिया गया है। वार्ड सदस्य ने बताया कि 4 लाख 87000 की योजना थी। 4 लाख 64 हजार का एमबी हुआ है और पीआरएस तनबीर आलम की मिलीभगत से 2 लाख 65 हजार रूपए की निकासी भी कर ली गई है। इधर वार्ड सदस्य श्री मंडल ने अधिकारीयो को बताया कि शिकायत के बाद आनन फानन मे 18 मजदूर लगाकर एक दिन में 11 सौ फीट पइन की सफाई की गई। इधर डाइरेक्टर ने बताया कि योजना की जाच की गई है। जांचोपरान्त कारवाई की जाएगी।

### मार पीट के दो आरोपित गिरफ्तार

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मार-पीट करने और जान लेवा हमला करने के आरोपी कांड संख्या 250/ 24 के अभियुक्त रवि शाह और मिथुन साह दोनों पिता प्रमोद शाह को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। इस मामले में थाना क्षेत्र के नोनीपाकड निवासी महिला ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। अपने दर्ज प्राथमिक में पीड़िता ने बताया है कि 13 नवंबर 2024 को अभियुक्त गण उसके दरवाजे पर आए और घर का टाट उखाड़ने लगे। सभी हाथ में लोहे का रड लाठी डंडा से लैस थे। जब उसके पति मना किये तो टैचुन साह रवि साह मिथुन सा सहित छह लोग मिलकर जान से मारने की नियत से मारपीट करने लगे।

### 13 सितंबर को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी दिनांक 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत की सफलता हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिम चंपारण बेतिया द्वारा जिले के विभिन्न बैंकों के क्षेत्रीय मैनेजर, मुख्य प्रबंधक, एवं शाखा प्रबंधक के साथ बैठक रकी। प्रधान जिला जज ने सभी लोगों से कहा कि आप सभी इस नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक पक्षकारों को नोटिस निर्गत करें ताकि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन किया जा सके। वहीं विभिन्न बैंक के पदाधिकारी से पक्षकारों के साथ प्री सिटिंग करने पर विशेष बल देने की बात कही। जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि आप इस नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु अधिक तत्पर रहे। वही प्राधिकार के सचिव अमरेंद्र कुमार राज ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत की सफलता हेतु विभिन्न विभागों के साथ सामंजस्य स्थापित कर अधिक से अधिक वादों को इस नेशनल लोक अदालत में सुलह के आधार पर समाप्त करने हेतु बैठक की जा रही है। बैठक में जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधक एवं शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

### गांव-गांव पहुंचाई जा रही हैं राजस्व सेवाएं : सीओ राहुल शंकर

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल क्षेत्र के चनचौरा, एकसार व परसा पूर्वी पंचायतों में राजस्व महाअभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए एकमा अंचलाधिकारी राहुल शंकर ने बताया कि राजस्व महाभियान का मुख्य उद्देश्य रैयतों के घर-घर पहुंचकर उनकी भूमि सम्बंधित समस्याओं का समाधान करना है। यह बिहार सरकार व विभाग के अपर मुख्य सचिव महोदय की एक अति महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके माध्यम से जमाबंदी सुधार की कोशिश की जा रही है?। इस मुहिम में मुख्यतः नामांतरणवाद तथा परिमार्जन की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि बढ़-चढ़कर इस मुहिम से जुड़ें। लेकिन सबसे ज्यादा जरूरी है कि वह अपनी जमीन सम्बंधित कागजों को जरूर उपलब्ध करायें। ताकि जमाबंदी सुधार कर भूमि विवादों पर अंकुश लगाया जा सके।

# तीन दुःखद घटनाओं के पीड़ित परिवारों से मिले विधायक श्रीकांत यादव, दी आर्थिक मदद

■ दुःख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़े दिखे विधायक श्रीकांत यादव

## जनता के सुख-दुःख में हमेशा साथ रहूंगाः श्रीकांत यादव





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** क्षेत्र की तीन अलग-अलग दुःखद घटनाओं के पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर परिजनों को ढांढस बंधाते हुए विधायक श्रीकांत यादव ने संवेदना प्रकट कर आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया।

पहली घटना लगुनी गांव की है, जहां एक विवाहित युवती को ससुराल पक्ष द्वारा जलाकर मारने का प्रयास किया गया। युवती का इलाज पटना में चल रहा है। विधायक यादव ने मायके लगुनी जाकर पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया। दूसरी घटना दयालपुर रामकोला की है। यहां विगत दिनों इलायची देवी की निर्मम हत्या कर दी गई थी। विधायक श्री यादव ने मृतका के परिवार से मिलकर उनके दुःख में शामिल होने के साथ न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। तीसरी घटना सफरी गांव की है, जहां सर्पदंश से कमरुद्दीन की असामयिक मृत्यु हो गई थी। शोक संतप्त परिवार से मिलकर विधायक ने उन्हें ढांढस बंधाया और हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने की बात कही। विधायक श्रीकांत यादव ने कहा कि मैं हमेशा जनता की सुख-दुःख में साथ हूं। न्याय व सहायता के लिए मेरी आवाज आपके साथ खड़ी है। इस अवसर पर एकमा के उप प्रमुख शुभ नारायण यादव, राजद नेता अवधेश यादव, सुभाष प्रसाद यादव, जितेंद्र यादव, कन्हैया यादव,नूर अहमद, गिरीश यादव, मनोज कुमार, अनिल यादव आदि मौजूद थे।

## डीआइजी ने बगहा पुलिस केंद्र का किया निरीक्षण

■ जर्जर वाहनों के रद्दीकरण को लेकर परिचारी प्रवर को दिया निर्देश

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चंपारण क्षेत्र के डीआईजी हरकिशोर राय ने बुधवार को बगहा पुलिस केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस केंद्र के परिवहन शाखा का निरीक्षण किया एवं परिचारी प्रवर को जर्जर एवं परित्यक्त वाहनों के रद्दीकरण को लेकर निर्देशित किया।

इसके बाद डीआईजी ने निमार्णाधीन बगहा पुलिस केंद्र के कार्यो का जायजा लिया एवं परिचारी प्रवर को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य को लेकर निर्देशित किया । निर्माण कार्य में लगी एजेंसी व कनीय अभियंता को निर्देशित करते हुए डीआईजी ने कहा कि पुलिस केंद्र के निर्माण के गुणवत्ता में कोई भी अनियमितता नहीं होनी चाहिए। अगर निर्माण कार्य में गुणवत्ता को लेकर कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित लोगों को चिन्हित करने पर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज के अलावा पुलिस जिला के पुलिस पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## नेपाल के रास्ते पाक आतंकियों के प्रवेश की सूचना पर हाई इलर्ट

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल के रास्ते तीन पाकिस्तान आतंकियों के बिहार के सीमा में प्रवेश की सूचना के बाद पुलिस प्रशासन व एसएसबी पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी की ओर से चौकसी बढ़ा दी गई है। नेपाल से बिहार की सीमा में प्रवेश करने वाले प्रत्येक लोगों की गहन जांच पड़ताल की जा रही है। साथ ही साथ पुलिस आने जाने वाले लोगों पर भी कड़ी नजर बनाए हुए हैं। एसएसबी 21वीं वाहिनी के कमांडेंट तपेश्वर संदीप रावत ने बताया कि मुख्यालय से मिली सूचना के आधार पर सीमा क्षेत्र पर लगे सभी चौकिया पर चौकसी बढ़ा दी गई है।

## डीएम द्वारा नरकटिया विधानसभा क्षेत्र के छौडादानो में डिस्पैच सेंटर का किया गया निरिक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण सौरभ जोरवाल के द्वारा 12-नरकटिया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत छौडादानो प्रखंड अवस्थित हेमराज दास उच्च विद्यालय में प्रस्तावित डिस्पैच सेंटर, ईवीएम कमीशनिंग स्थल, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। साथ ही साथ वाहन पार्किंग के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त पूर्वी चम्पारण, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवम् अंचलाधिकारी मौजूद थे।



## एचएएल और कौशल्या फाउंडेशन के बीच 1.64 करोड़ के एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

नव बिहार टाइम्स

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) कोरवा और कौशल्या फाउंडेशन ने आज 1.64 करोड़ की एक महत्वपूर्ण सीएसआर पहल के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस परियोजना के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज में छात्राओं के लिए छात्रावास भवन का निर्माण तथा पूर्वी चंपारण के पिपरा कोठी स्थित वानिकी एवं बागवानी महाविद्यालय का विकास शामिल है।

यह महत्वपूर्ण कार्य सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह की पहल और मार्गदर्शन में संभव हुआ है। इसका उद्देश्य देशभर की छात्राओं को सुरक्षित और सुविधा जनक आवास उपलब्ध कराना तथा कृषि एवं संबद्ध विज्ञानों में उच्च शिक्षा अवसंरचना को सुदृढ़ करना है। गौरतलब है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज एवं वानिकी एवं बागवानी महाविद्यालय, पिपराकोठी, डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा (समस्तीपुर, बिहार) के अंतर्गत आते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिनिधियों ने कहा कि इस साझेदारी से शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी और छात्रों के लिए बेहतर शिक्षण वातावरण तैयार होगा, विशेष रूप से ग्रामीण एवं वंचित तबके के विद्यार्थियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। कॉलेज के डीन डॉ० रमेश झा ने कहा कि इस पहल से छात्राओं को बड़ी सुविधा मिलेगी, जिससे नामांकन की संख्या में वृद्धि होगी और अधिक से अधिक लड़कियाँ कृषि शिक्षा की ओर आकर्षित होंगी। उन्होंने कहा कि इस महती कार्य के लिए सांसद राधा मोहन सिंह, एचएएल तथा क्रियान्वयन संस्था कौशल्या फाउंडेशन के प्रति आभारी हैं, जिनके सहयोग से यह संभव हो पाया है। समारोह में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड कोरवा के कार्यकारी निदेशक रवि प्रकाश, चीफ मैनेजर (एच आर) विपुल शरण, एच आर मैनेजर कपिल कुमार, महाप्रबंधक एस.एस. चंदेल, उप महाप्रबंधक एस.के. चतुर्वेदी के साथ कौशल्या फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी कौशलेंद्र, परियोजना प्रबंधक रूपेश कुमार ओझा मौजूद थे।




## पांचवें दिन परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण तरीके से हुई सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में टी.डी.सी. तृतीय खंड (पार्ट -3) की परीक्षा 21/08/2025 से आरंभ है। 28/08/2025 को परीक्षा के पांचवे दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में 1588 परीक्षार्थियों ने और दूसरी पाली में 1291 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी । प्रथम पाली में ग्रुप-ए, ऑनर्स विषय के अंतर्गत भौतिकी, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, हिंदी, भूगोल और संगीत विषयों की परीक्षा हुई वहीं दूसरी पाली में ग्रुप-बी, ऑनर्स विषय के अंतर्गत मनोविज्ञान, जूलॉजी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र और दर्शनशास्त्र विषयों की परीक्षा हुई ' परीक्षा कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई । यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी है।



## वोटर अधिकार यात्रा के नाम पर राहुल अराजकता का कर रहे प्रचार : पवन

नव बिहार टाइम्स

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** राहुल गांधी जिस तरह से लगातार अपने "वोट अधिकार यात्रा" के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को "तू तड़ाक " की भाषा में संबोधित कर रहे हैं, यह न केवल राजनीतिक गरिमा पर हमला है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की परंपराओं का अपमान है।

उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहीं। श्री राज ने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा के नाम पर राहुल गांधी केवल अराजकता, अपमान और असहिष्णुता का प्रचार कर रहे हैं। एक गरीब माँ के बेटे का प्रधानमंत्री बनना इन राजकुमारों को पच नहीं पाया है, इसीलिए मयार्दा की और शालीनता की सभी सीमाएं तोड़ते हुए देश के प्रधानमंत्री के लिए, उनकी स्वर्गवासी माँ के लिए राहुल गांधी के मंच से अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है और राहुल गांधी इस पर ताली बजाते हुए दिखते हैं।

## गन्ना उत्पादन बढ़ाने पर जोर, शुगर इंडस्ट्रीज किसानों की बैठक

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को शुगर इंडस्ट्रीज के सौजन्य से जन सेवा हॉस्पिटल मझौलिया सभागार में गन्ना किसानों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शरदकालीन गन्ना बोआई पर फोकस करना तथा किसानों को अधिक उत्पादन के लिए आधुनिक तकनीक व सुझाव प्रदान करना रहा। इस मौके पर बड़ी संख्या में गन्ना किसान उपस्थित रहे।बैठक में कोलकाता मुख्यालय से आए सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुशील कुमार जाजोडिया तथा महाप्रबंधक उदयवीर सिंह ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण का आश्वासन दिया।

## विधानसभा चुनाव 2025 : सेक्टर व पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

■ निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने की तैयारी जिले में जोरों पर है। इसी क्रम में आज स्थानीय प्रेक्षा गृह में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों (01 से 09) के सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, निवार्ची पदाधिकारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष, उड़नदस्ता दलएवं स्थैतिक निगरानी दल के सदस्य, उत्पाद अधीक्षक मद्यनिषेध तथा विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी शामिल हुए।प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ जिला निर्वाचन पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

## चिरैया में राहुल गांधी ने किया रोड शो, कार्यकताओं में भरा उत्साह

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वोटर अधिकार यात्रा के 12 वें दिन गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन के नेताओं एवं कार्यकताओं ने चिरैया में रोड शो किया। उनका काफिला बाबा मस्त राम कॉलेज के समीप चिरैया विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश किया। जहां पार्टी कार्यकताओं ने इन नेताओं का भव्य स्वागत किया एवं खूब नारेबाजी की।

काफिला दिल्ली पब्लिक स्कूल परतापुर से होते हुए गंगापीपर चौक के बाद राघोपुर पहुंचा। जिसके बाद मीरपुर, चिरैया बस स्टैंड चौक, शांति चौक पर पार्टी के कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए सेनुवरिया स्थित दुर्गा मंदिर व खड़तरी पश्चिमी पंचायत के नयका टोला चौक के बाद लालबेगिया घाट पुल पार करते हुए मोतिहारी की सीमा में प्रवेश कर गया। राहुल गांधी को देखने के लिए सड़क के दोनों तरफ आम लोगों तथा पार्टी समर्थकों की भारी भीड़ लगी रही। राहुल गांधी के साथ भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, वीआईपी प्रमुख पूर्व मंत्री मुकेश सहनी जीप पर सवार थे। खुली जीप पर खड़े राहुल गांधी व महागठबंधन के नेताओं ने हाथ हिलाकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। बीच बीच में कार्यकर्ताओं से भी हाथ मिलाते रहे। खास बात यह रही कि राहुल गांधी का काफिला चिरैया विधानसभा क्षेत्र में किसी भी स्थान पर नहीं रुका। वे कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए आगे बढ़ते रहे। राहुल गांधी के जीप के काफी पीछे पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव भी खुली जीप में सवार होकर कार्यकर्ताओं से हाथ मिला रहे थे। इधर अत्यधिक भीड़ होने के कारण चिरैया बस स्टैंड चौक पर पूर्व से तय नुक्कड़ सभा कार्यक्रम का आयोजन नहीं हो सका। वही क्षेत्र के कद्दावर नेताओं में अपना चेहरा पार्टी के बड़े नेताओं को दिखाने की होड़ मची रही। सड़क के दोनों किनारों पर कांग्रेस, राजद व वीआईपी पार्टी के कार्यकर्ता झंडे लेकर खड़े रहे। इधर जगह - जगह पर महागठबंधन के नेताओं के पोस्टर और बैनर से सड़क पटा रहा। काफिला गुजरने के आधे घंटे बाद तक छोटी बड़ी गाड़ियों का लम्बा जाम लगा रहा।



### चिरैया में महागठबंधन के नेताओं ने यात्रा का किया भव्य स्वागत

मीरपुर पेट्रोल पंप के समीप राजद के प्रदेश महासचिव बच्चा यादव, रामपुर उत्तरी के मुखिया मनोज यादव, राजद नेता दीपेंद्र यादव, रामसागर यादव, गगन राम, भूपेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में कार्यकताओं ने राहुल गांधी के काफिले का भव्य स्वागत किया। यहां से काफिला चिरैया बस स्टैंड चौक पहुंचा जहां पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया नवल किशोर सिंह, मो. हाशिम आदि ने स्वागत किया। आगे बढ़ने पर चिरैया शांति चौक के समीप राजद प्रखंड कार्यालय के पास राजद के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अच्छेलाल प्रसाद यादव के नेतृत्व में काफिले पर फूलों की बौछार कर स्वागत किया गया।

## आशा चयन को लेकर सूचना नहीं मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के राजपुर तुमकड़िया पंचायत में आशा चयन को लेकर गुरुवार को लगने वाली आम सभा की सूचना किसी को नहीं है। यह मामला तब उजागर हुआ, जब स्थानीय ग्रामीणों ने इसको लेकर वार्ड सदस्यों, मुखिया और सेविका से इसकी जानकारी ली। आमसभा के लगने और अब इसे स्थगित करने की जानकारी न तो संबंधित वार्ड सदस्य एवं न हीं आंगनबाड़ी सेविका को है। यहां तक कि इस आमसभा व चयन प्रक्रिया को लेकर पोषक क्षेत्र में किसी तरह का प्रचार प्रसार भी नही कराया गया है। मठीया के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 264 की सेविका सरोज देवी एवं केंद्र संख्या 340 की सेविका नीलम कुमारी ने बताया कि केंद्र पर आमसभा को लेकर किसी तरह की सूचना हमे प्राप्त नही है।

# जांच में अनुपस्थित पाए गए शिक्षक, डीएम ने स्पष्टीकरण का दिया निर्देश

## डीएम के निरीक्षण से मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** दाउदनगर प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत +2 हरवंश उच्च विद्यालय गोराडीहा एवं स्वामी धरनीधराचार्य संस्कृत मध्य विद्यालय गोराडीह का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम राजकीयकृत +2 हरवंश उच्च विद्यालय गोराडीहा का स्थल निरीक्षण किया गया जहां उपस्थिति पंजी की जांच के दौरान यह पाया गया कि कंप्यूटर शिक्षक रविरंजन भारती एवं शिक्षक सुनील कुमार उपस्थिति नहीं थे जिस पर जिलाधिकारी द्वारा दोनों का नाम दर्ज करते हुए उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश प्रधानाध्यापक को दिया गया। जिलाधिकारी ने विद्यालय की सभी कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए छात्र-छात्राओं से पढ़ाई लिखाई की स्थिति के संबंध में पूछताछ की। इस दौरान कक्षा 11वीं में नामांकित 40 छात्रों में मात्र 6 छात्र ही उपस्थित पाए गए इतनी न्यून उपस्थिति पर जिला पदाधिकारी द्वारा गहरा असंतोष व्यक्त किया गया तथा प्रधानाध्यापक को छात्रों की उपस्थिति में सुधार हेतु ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने स्वामी धरनीधराचार्य संस्कृत मध्य विद्यालय गोराडीह का भी औचक निरीक्षण किया जहां उन्होंने शिक्षण व्यवस्था छात्र-छात्राओं की उपस्थिति विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं अनुशासनात्मक स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने यह स्पष्ट किया कि सभी शिक्षकों की समय पर उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण अध्यापन सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है ताकि छात्रों की शिक्षा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक को यह निर्देश दिया गया कि विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए कक्षाओं में पठन-पाठन की व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए छात्रों की उपस्थिति में उल्लेखनीय सुधार लाने हेतु विशेष पहल की जाए तथा अनुशासनहीनता या शिथिलता बरतने वाले शिक्षकों पर विभागीय कार्यवाही आरंभ करने हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि विद्यालयों का औचक निरीक्षण सतत रूप से जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# अपने बच्चों की पढ़ाई और रोजगार के लिए करें मतदान : प्रशांत किशोर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** आपने जीवन भर हिंदू-मुस्लिम, जात-पात, मुफ्त राशन, गैस सिलेंडर के नाम वोट दिया लेकिन इस बार अपने बच्चों के पढ़ाई और रोजगार के नाम पर वोट दीजिए। जब तक आप लोगों में सुधार नहीं होगा तब तक आपके बच्चों का भविष्य कोई नहीं बदल सकता है। यह बात प्रशांत किशोर ने बिहार बदलाव यात्रा के दौरान गुरुवार को कुटुंबा के बभंडी फील्ड में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने एनडीए और महागठबंधन पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि मैं आपसे वोट मांगने नहीं आया हूं क्योंकि हर साल - दो साल पर कोई न कोई वोट मांगने आपके पास पहुंच जाता है और वोट देने के बाद आपके साथ धोखा होता है। इसका कारण है कि आप लोगों ने अबतक पैसों के लालच में और भाषण सुनकर वोट दिया है। नरेंद्र मोदी पूरे देश से पैसा ले जाकर गुजरात में फैक्ट्री लगा रहे हैं और बिहार के बच्चे वहां मजदूरी करने जा रहे हैं। आप बोओगे बबुल तो आम कहां से पाओगे। अगर आप अपने बच्चों को चिंता नहीं करेंगे तो कोई भी पार्टी आपके बच्चों को चिंता नहीं करेगी। मैं विगत 3 वर्षों से घर परिवार छोड़कर गांव-गांव घूम कर लोगों को समझा रहा हूं। आपने अपने बच्चों के लिए वोट दिया तो बिहार में जनता का राज होगा। एक साल के अंदर बाहर मजदूरी करने गए और घर पर बैठे बेरोजगार बच्चों के लिए 10 से 12000 रुपए महीना का रोजगार दिया जाएगा। जीवन में एक बार अपने बच्चों की पढ़ाई और रोजगार के लिए मतदान करें।

## एक नजर

### 30 को पिपरा पंचायत में जन संवाद यात्रा करेंगे पूर्व सांसद



**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह 30 अगस्त को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारून प्रखंड के पिपरा ग्राम पंचायत में दूसरे चरण के तहत ग्राम 'जन संवाद यात्रा' करेंगे। प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह का नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण के तहत सभी गांवों का दौरा हो चुका है। अब दूसरे चरण की शुरुआत कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि 30 अगस्त की सुबह 11 बजे नारायण खाप, 11:30 बजे कटहा, 12 बजे जांनपुर, 1 बजे धुरिया, 1:30 बजे खरजामा, 2 बजे मंगरहीया, 3 बजे बरौली, 4 बजे हस्या बीघा, गुलजार बिगहा, 4:30 बजे कर्मा बीघा, कर्मा एवं 5 बजे पिपरा गांव में जन संवाद यात्रा करेंगे। उक्त सभी कार्यक्रम में जदयू के वरीय कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे।

### फसल को किया जा रहा बर्बाद

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के मथुरापुर एवं देवरिया में खड़ी फसलों को ट्रैक्टर एवं जेसीबी से रौंद दिया गया। इस पर भारतीय किसान यूनियन के जिला संयोजक वशिष्ठ प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंह, किसान नेता नरेंद्र कुमार राय, पप्पू तिवारी, अभय सिंह, जगत सिंह, विक्की सिंह एवं सैकड़ो किसानों ने सरकार और प्रशासन की निंदा की है। साथ ही कहा कि मामले में मुआवजा दिए बगैर किसानों की ज़मीन कब्जा किया जा रहा है जो कही से उचित नहीं है। जिला प्रशासन केवल अपनी पीठ थपथपाने में लगी है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी भारतमाला परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग को बनाने के लिए जमीन उपलब्ध करा ऐसे खुशी जता रहे हैं जैसे कि पाक अधिकृत कश्मीर पर उन्होंने कब्जा कर लिया है। एक तरफ तो बिहार के मुख्य सचिव कहते हैं कि जो किसानों की फसल बर्बाद हुई है पीएमसी कंपनी के द्वारा रौंद दिया गया हैं, उसके लिए हम जांच कमेटी का गठन करेंगे और उचित मुआवजा दिलवायेंगे। एक राज्य का मुख्य सचिव ने भोले - भाले किसानों को इस तरह से बहला फुसलाकर कर भेज दिया जैसे किसी बच्चे के हाथ में खिलौना दे दिया जाता है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम होगा।

### हत्यारोपित के घर कुर्की जब्ती की कार्रवाई

**गोह (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार को उपहारा पुलिस ने थाना क्षेत्र के खैरा गांव में हत्या के फरार आरोपित जितेन्द्र पासवान के घर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई है। यह आरोपी फरार चल रहा था, तथा उनके खिलाफ न्यायालय ने कुर्की वारंट जारी किया था। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि खैरा गांव में अंतरजातीय विवाह से नाराज युवती के परिजनों ने एक महिला की पिट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दिया गया था, पूर्व में अन्य आरोपियों के घर पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई किया जा चुका है। जितेन्द्र पासवान भी कई दिनों से फरार चल रहा था, जहां न्यायालय से वारंट निर्गत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

### वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज पुलिस ने चंदौल गांव से न्यायालय से जारी वारंट के आदेश पर एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार। रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि चंदौल गांव के भरत पासवान के पुत्र जय नंदन पासवान को न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आदेश पर गिरफ्तार किया गया जिसे गिरफ्तार कर जलवा दिया गया तथा पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मारपीट के मामले में वारंट जारी किया गया था।

### 200 गांवों में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में एचआईवी एवं एड्स से बचाव एवं नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय कार्यकारिणी समूह की बैठक की गई। अध्यक्षता प्रभारी सिविल सर्जन डॉ लालसा सिन्हा ने की। इस दौरान पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति, जीविका, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, सी-थ्री, नेहरू युवा केंद्र व डब्ल्यूएचओ, पिरामल के माध्यम से जिले के 200 गांव में एचआईवी एवं एड्स तथा यौन रोग की जागरूकता से संबंधित प्रचार प्रसार करने को लेकर चर्चा किया गया. जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रवि रंजन द्वारा बैठक में एचआईवी एवं एड्स के कारण बचाव एवं इलाज के बारे में विस्तार रूप से जानकारी दी गई. प्रभारी सिविल सर्जन डॉ लालसा सिन्हा द्वारा एचआईवी एवं एड्स का प्रचार प्रसार का विभिन्न माध्यमों से जिले के एचआईवी एवं एड्स से नियंत्रण पाने हेतु सुझाव दिया गया।

# निर्वाचक नामावली से नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए विशेष कैंप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** नए मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में शामिल करने हेतु सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस कैंप में वे छात्र-छात्राएं, जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, अथवा जो आगामी 01 अक्टूबर 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेंगे, अपने आवश्यक दस्तावेज जैसे जन्मतिथि प्रमाण पत्र, आधार कार्ड अथवा अन्य वैध पहचान पत्र प्रस्तुत कर आसानी से अपना नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज करा सकते हैं। इस कार्य हेतु कैंप स्थल पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहेंगे, जो नामांकन की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराएंगे तथा आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान करेंगे। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक युवा मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना एवं उन्हें मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कॉलेज प्रशासन एवं छात्र समुदाय से अपील की है कि वे इस कैंप में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि कोई भी युवा मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रह सके।

# जन-धन योजना ने सिखाया लोगों को पैसे की बचत करना

## योजना का लाभ लेकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं लोग









**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रधानमंत्री जनधन योजना के 11 वर्ष पूर्ण होने पर लाभुकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। इस योजना ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पैसे की बचत करना सिखाया है। औरंगाबाद जिले के कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र निवासी सुदेशी भुईयां ने बताया कि वे मजदूरी करते हैं। बैंक में खाता न होने के कारण पैसे खर्च हो जाते थे। जन धन योजना के तहत खाता खुलने से वे कुछ पैसे बचा लेते हैं। जो जरूरत के समय परिवार के काम आती है। अंबा के रहने वाले मंजय चौधरी ने बताया कि वह एक दुकान पर काम करते हैं। पहले खाता न होने के कारण कमाई का पूरा पैसा खर्च हो जाता था। जन धन योजना के तहत खाता खुलने से पैसों की बचत होने लगी है। वही मुड़ीला गांव निवासी समुद्री देवी ने बताया कि वह स्कूल में रसोईया का काम करती है। जन धन योजना के तहत खाता खुलने से वह कुछ पैसे बचा लेती है। जो उनके बच्चों के पढ़ने लिखने और परिवार के जरूरत के समय काम आता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। ग्राम पंचायत अंबा मुड़ीला के वार्ड सदस्य प्रभात कुमार ने बताया कि उनके गांव के लोग मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। जन धन योजना के तहत जीरो बैलेंस पर खाता खुल जाने से लोगों को पैसे बचत करने का जरिया मिल गया। आज पूरा गांव अपनी कमाई का कुछ पैसा बचत करता है। इस योजना से लोग आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

# डीएम ने जनता दरबार में सुनी परिवादियों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कुल 12 परिवादियों द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। प्रस्तुत आवेदनों में मुख्यतः सड़क निर्माण, बिजली पोल से संबंधित मामले, आपसी विवाद, भूमि विवाद, नल-जल योजना तथा नाली-गली मरम्मत जैसी समस्याएं शामिल थीं। जनता दरबार में नशरीन खातून, जगी मस्जिद, फुलवारीशरीफ, पटना द्वारा पति के निधन उपरांत देवर के द्वारा आधार कार्ड एवं वोटर कार्ड उपलब्ध न कराए जाने की शिकायत दर्ज की गई। इसी प्रकार पूजा कुमारी एवं अन्य ग्रामीणजन, ग्राम धनहारा, पोस्ट मुंगिया, थाना टंडवा, जिला औरंगाबाद ने विशुनपुर कंचनबांध रोड से ब्रम्हस्थान होते हुए सूर्य मंदिर धनहारा तक पक्की सड़क निर्माण की समस्या रखी। वहीं, योगेन्द्र कुमार सिंह एवं अन्य, ग्राम गोठानी, पंचायत कोटवारा, प्रखंड रफीगंज ने कृषि कार्य हेतु गाड़े गये बिजली पोल को नाजायज ढंग से उखाड़ने का प्रयास किए जाने के संबंध में शिकायत प्रस्तुत की तथा ग्रामीण जनता को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। अन्य आवेदनों में सड़क, नाली, पुल एवं नल मरम्मत की समस्याएं प्रमुख रहीं। जिलाधिकारी ने सभी परिवादों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी प्राप्त आवेदनों की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# पालनाघर के लिए चयनित दो अभ्यर्थियों को डीडीसी ने प्रदान किया नियोजन पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना अंतर्गत एकल क्रेच वर्कर पद पर प्रियंका कुमारी तथा सहायक क्रेच वर्कर पद पर सावित्री कुमारी का अंतिम रूप से चयन किया गया। अब ये दोनों समाहरणालय परिसर के पालनाघर में योगदान देंगी। दोनों चयनित अभ्यर्थियों को आज उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा विधिवत रूप से नियोजन पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने चयनित कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों की समुचित देखभाल और प्रारंभिक शिक्षा समाज और शासन की साझा जिम्मेदारी है, जिसमें पालनाघर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। पालनाघर की स्थापना का उद्देश्य कामकाजी महिलाओं को उनके पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों हेतु कार्यालय अवधि के दौरान सुरक्षित डे-केयर सुविधा उपलब्ध कराना है। इसके माध्यम से महिलाएं अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए प्रशासनिक और कार्यालय कार्यों में निर्बाध रूप से योगदान दे सकेंगी। साथ ही, पालनाघर में बच्चों को प्री-स्कूल शिक्षा हेतु तैयार करने, दिनभर सामूहिक देखभाल प्रदान करने तथा समग्र विकास हेतु अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।

# दाउदनगर कॉलेज में एकदिवसीय संगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** दाउदनगर कॉलेज, दाउदनगर के प्रेमचंद हाल में राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका विषय पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) एम.एस. इस्लाम के मार्गदर्शन एवं डॉ. देव प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें मुख्य वक्ता डॉ. शाहला बानो ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज महिला समाज के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। महिलाएँ विज्ञान, तकनीक, राजनीति, प्रशासन, सेना तथा शिक्षा के उच्च पदों पर आसीन हैं और यह राष्ट्र की प्रगति के लिए अत्यंत शुभ संकेत है। डॉ. रोजीकांत ने वैदिक काल से लेकर वर्तमान तक महिला स्थिति का विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि वैदिक काल में महिलाएँ शिक्षा, विद्या और निर्णय क्षमता में अत्यंत समृद्ध थीं, जबकि मध्यकाल में उनकी स्थिति विकृत हुई। आधुनिक काल में महिलाओं ने तमाम संघर्षों और तकरारों के बीच फिर से सम्मानजनक स्थान बनाया है, जो उनके साहस और संघर्षशीलता का प्रमाण है। पी.आर.ओ. डॉ. देव प्रकाश ने कहा कि महिला सशक्तिकरण समाज और राष्ट्र के विकास की नींव है। बिना महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के राष्ट्र का समग्र विकास असंभव है। हमें शिक्षा, रोजगार और समान अवसरों के माध्यम से महिलाओं को और सशक्त करना होगा। सभा में महाविद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शाकिरा तबस्सुम ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सौम्या राज ने प्रस्तुत किया। अंत में संगोष्ठी का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# हर जरूरतमंद को मिलेगा परिवार लाभ कार्ड : डॉ. अभिराम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के कसवां पंचायत के सम्मत बिगहा गांव के मैदान में गुरुवार को जन सुराज पार्टी द्वारा 'बिहार बदलाव सभा' का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी और उमस के बावजूद हजारों की संख्या में ग्रामीणों की इस सभा में भागीदारी रही। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहीं। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए जन सुराज पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य व जहानाबाद विधान सभा क्षेत्र के जन सुराज के भावी प्रत्याशी डॉ. अभिराम शर्मा ने कहा कि बिहार आज संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने बिहार की मौजूदा चुनौतियों खासकर बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था की खामियां और पलायन, खेती की दुर्दशा पर चर्चा की और इसके लिए सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि जन सुराज केवल सत्ता की राजनीति नहीं करती, बल्कि यह पार्टी व्यवस्था परिवर्तन का भी पक्षधर है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जन सुराज पार्टी बिहार के आत्मसम्मान और गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान उन्होंने स्थानीय समस्याओं पर खुलकर चर्चा किया और इसके लिए पिछले 35 सालों से चली आ रही शासन व्यवस्था को जिम्मेवार ठहराया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बिहार में बदलाव के लिए जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के हाथों को मजबूत करें और बिहार में होने वाले व्यवस्था परिवर्तन का हिस्सा बनें। कार्यक्रम में महिलाओं और युवाओं की अच्छी भागीदारी देखी गई जन सुराज के नेताओं ने भीड़ से गदगद होते हुए कहा कि सभा में लोगों की अच्छी खासी उपस्थिति इस बात का संकेत देता है कि जन सुराज का संदेश गांव-गांव तक पहुंच रहा है। बता दें कि जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के नेतृत्व में पार्टी पिछले तीन वर्षों से बिहार के गांवों में जन संवाद और बदलाव यात्रा के माध्यम से लोगों को जोड़ रही है। सम्मत बिगहा में आयोजित इस सभा ने भी स्थानीय लोगों में यह उम्मीद जगाई है कि बिहार में पारदर्शी और जनहितकारी शासन संभव है।सभा में सैकड़ों लोगों के बीच परिवार लाभ कार्ड का वितरण किया गया।

# लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत अपीलीय मामलों की जिला पदाधिकारी ने की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले में पारदर्शी और समयबद्ध प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सुनिश्चित करने की दिशा में जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे द्वारा गुरुवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ मे लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इस सुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों पर विचार किया गया और कई मामलों का तत्काल निष्पादन भी सुनिश्चित किया गया। इस सुनवाई में जिला पदाधिकारी ने विभिन्न विभागीय प्राधिकारियों से जवाब-तलब किया। संबंधित प्राधिकारियों की उपस्थिति में मामलों का संज्ञान लेकर जिला पदाधिकारी ने न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया।

इस दौरान बताया गया कि कुछ प्रकरणों में तकनीकी तथ्यों के गहन परीक्षण की आवश्यकता महसूस की गई। ऐसे तीन मामलों में विस्तृत जांच प्रतिवेदन की मांग करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित प्राधिकारियों को अगली सुनवाई में साक्ष्यों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मामलों के निस्तारण में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त मामले अतिक्रमणवाद, भूमि विवाद, भुगतान संबंधी आदि से संबंधित है। सुनवाई में सभी विभागीय पदाधिकारी एवं परिवादीगण उपस्थित रहे।

# जिला गंगा समिति की बैठक में नदी-घाटों की सफाई, प्लास्टिक प्रतिबंध पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष, जिला गंगा समिति, जहानाबाद अलंकृता पांडेय के निर्देश पर प्रभारी उप विकास आयुक्त सह निदेशक डी0आर0डीए डॉ. रोहित कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गंगा नदी एवं उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णयों के अंतर्गत दरघा नदी किनारे, मोरहर नदी मखदुमपुर स्थित कृष्णवंशी यमुने घाट सहित विभिन्न घाटों की नियमित सफाई तथा संगम घाट की स्वच्छता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त दरघा नदी पुल (पटना-गया मुख्य मार्ग) के दोनों ओर गंदगी की रोकथाम हेतु लोहे की जाली (बैरिकेडिंग) लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध के अंतर्गत अगस्त माह में नगर परिषद एवं नगर पंचायतों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई, जिसमें काको नगर पंचायत द्वारा 5 किग्रा प्लास्टिक जब्त कर 1600 जुर्माना, मखदुमपुर नगर पंचायत द्वारा 2.5 किग्रा प्लास्टिक जब्त कर 1500 जुर्माना तथा घोषी नगर पंचायत द्वारा 3 किग्रा प्लास्टिक जब्त कर 1500 जुर्माना वसूलने की जानकारी दी गई। इस संदर्भ में काको, घोषी एवं मखदुमपुर नगर निकायों को सघन अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत जहानाबाद को निर्देश दिया गया कि जिला परियोजना पदाधिकारी (नमामि गंगे) से समन्वय स्थापित कर युवा स्वयंसेवकों द्वारा घाटों की साफ-सफाई तथा महाविद्यालयों में स्वच्छता संवाद कार्यक्रम आयोजित कराएं। इसी प्रकार जल एवं स्वच्छता समिति को नदी किनारे बसे गांवों में स्वच्छता चौपाल आयोजित करने का निर्देश भी दिया गया। इस दौरान एस0टी0पी0 एवं आई0पी0एस0 कार्यों की समीक्षा करते हुए बुडको के सहायक परियोजना निदेशक को नगर परिषद जहानाबाद, नगर पंचायत काको एवं अंचलाधिकारियों के समन्वय से कार्य शीघ्र पूरा कराने तथा प्रगति रिपोर्ट समय पर जिला गंगा समिति को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही कृषि विभाग द्वारा जिला एवं प्रखंड स्तर पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की जानकारी दी गई तथा प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर कृषि चौपाल आयोजित करने का निर्णय लिया गया।बैठक में सिविल सर्जन श्री देवेंद्र कुमार, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती शिल्पी आनंद, जिला परियोजना पदाधिकारी (नमामि गंगे) श्री अमित कुमार सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित थे।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान पर फुटपाथ दुकानदार संघ की गहरी नाराजगी

## संघ ने किया वेंडिंग जोन बनाने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जहानाबाद।** शहर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर फुटपाथ दुकानदार संघ ने जिला प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया है। संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार चोपड़ा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अभियान आंशिक रूप से सही है, लेकिन अगर प्रशासन ने पहले से वेंडिंग जोन की व्यवस्था कर दी होती तो आज शहर जाम और अतिक्रमण की समस्या से मुक्त होता।

**प्रशासन पर उदासीनता का आरोप**

चोपड़ा ने कहा कि पहले नगर परिषद ने उटा सब्जी मंडी में दो कर्मियों की नियुक्ति की थी, जिनका काम सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों की तस्वीर लेकर वरीय अधिकारियों को भेजना था। इससे अतिक्रमणकारियों में खौफ बना रहता था, लेकिन धीरे-धीरे यह व्यवस्था खत्म हो गई। यह जिला प्रशासन और नगर परिषद की सुस्त कार्यशैली का परिणाम है।

**कानून का पालन नहीं**

उन्होंने कहा कि अगर फुटकर कानून एक्ट 2014 का सही अनुपालन हुआ होता तो आज प्रशासन और फुटपाथ दुकानदारों के बीच चूहा-बिल्ली का खेल नहीं चलता। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन सिर्फ राजस्व हानि रोकने तक ही सीमित है, जबकि वास्तविक समाधान की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा।

**स्वच्छ और भयमुक्त रोजगार की मांग**

संघ ने कहा कि ध्वनि नियंत्रण प्रणाली के तहत लाउडस्पीकर से अतिक्रमण हटाने की चेतावनी तो दी जाती है, लेकिन व्यवहारिक समाधान के लिए वेंडिंग जोन और बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था जरूरी है।

**मार्केट कमेटी की बैठक**

इसी मुद्दे पर फुटपाथ दुकानदार संघ ने मार्केट कमेटी की बैठक बुलाई, जिसमें अध्यक्ष राजेश कुमार, मोहम्मद अशरफ, मोहम्मद शहजाद, रंजन राम, प्रदीप साहू, संतोष कुमार, राजेंद्र राम, किरण देवी, आशा देवी, विनोद चौधरी समेत कई सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में तय हुआ कि जिला प्रशासन, पुलिस-प्रशासन, श्रम विभाग और ट्रैफिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक आवश्यक है, ताकि शहर में स्वच्छ वातावरण और भयमुक्त रोजगार की रूपरेखा तैयार की जा सके।

# मसौढ़ी विधानसभा में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 2972 ऑनलाइन आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से चल रहा है। इस प्रक्रिया के तहत, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 सितंबर, 2025 को किया जाना है। इस संबंध में जारी कार्यक्रम के अनुसार, प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 1 अगस्त को किया जा चुका है। अब मतदाता इस सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने या संशोधन कराने के लिए 1 सितंबर, तक अपने दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त हुए सभी दावों और आपत्तियों का निपटान 25 सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा इसके बाद, सभी संशोधनों के साथ 30 सितंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाना है। ऐसे में मसौढी विधानसभा के 394 मतदान केंद्रों पर 18 साल की आयु पूरा कर चुके या उससे अधिक आयु वाले अब तक 2972 युवाओं ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए भारत निर्वाचन आयोग को आवेदन किया है। इसके लिए उन्होंने फॉर्म-6 सहित घोषणा पत्र दिया है। जिसमें NVSP-1407, एवं BLO App पर 1139 और VHA पर 426 आवेदन प्राप्त किये गये है। इसके साथ ही योग्य मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने और अयोग्य मतदाताओं को सूची से हटाने के लिए निर्वाचकों से सीधे 1634 दावे व आपत्तियां आयोग को प्राप्त हुई हैं( वही नाम सुधार को लेकर 2270 आवेदन प्राप्त हुए है। यह आंकड़े 7.1.2025 से 25.4.2025 तक के हैं। वही मसौढी विधानसभा में कुल 3 लाख 5288 मतदाता हैं। जिसमें कुल मतदान केंद्र की संख्या 394 हैं। जिसमें फार्म 6 में 2972, फॉर्म 7 में 1634, फॉर्म 8 में 2270 आवेदन प्राप्त हुए हैं। हालांकि इस बार तीन नवसृजित मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पहले 391 मतदान केंद्र थे, नवसृजित मतदान केंद्रों में 158 उत्क्रमित मध्य विद्यालय नदौना( पूर्वी भाग) 167 मध्य विद्यालय दौलतपुर (पश्चिमी भाग) 336 प्राथमिक विद्यालय चमंडी है। वही मसौढी प्रखंड में 149 मतदान केंद्र है वही धनरूआ प्रखंड में 178 मतदान केंद्र और नगर परिषद मसौढी क्षेत्र के अंतर्गत 67 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## एक नजर

### शराब सप्लायर को किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लहसुना थाने की पुलिस ने गुरुपतिचक गांव से शराब मामले मे फरार चल रहे शराब सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल बताया जाता है कि शराब छापेमारी के दौरान जिस घर से बड़े पैमाने पर शराब की बरामदगी की गई थी। उस दौरान वह भाग निकला था। जिसको लेकर पुलिस लगातार उसके धर पकड़ को लेकर छापेमारी कर रही थी। लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया की गुरपटिचक से पूर्व उत्पाद कांड संख्या-693/25 के अभियुक्त सागर मांझी उम्र 30 वर्ष, पे0- स्व राजू मांझी गिरफ्तार किया गया है।

### ठेकेदार के साथ मारपीट व छिनतई का आरोप

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढी थाना क्षेत्र के तारेगना डीह वार्ड नंबर 2 में ब्लॉक के पीछे चल रहे ढलाई के दौरान एक ठेकेदार के साथ मारपीट की घटना का मामला प्रकाश में आया हैं। इस मामले में ठेकेदार सुरेश बिंद पिता स्वर्गीय नौरंगी बिंद बिहटा भगवानगंज निवासी ने मसौढी थाने में तीन लोगों के खिलाफ मसौढ़ी थाने में मारपीट रंगदारी छिनतई का मामला थाने में दर्ज कराया है, दिए गए आवेदन के आलोक में पीड़ित ने लिखा है कि ब्लॉक के पीछे पीसीसी ढलाई का काम कर रहे थे उसी समय मिथिलेश कुमार पिता स्व महेश महतो, साहिल मियां, इशाद मियां आदि लोग आकर पहले गाली गलौज कर लोहे के रॉड से मारपीट का जख्मी कर दिया और हमारे पैकेट से साहिल ने 20 हजार पर नगद छीन ली,और थाने में केस न करने की धमकी दी है। बहरहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

### मकान से गिरकर जख्मी मजदूर की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बलियारी गांव में एक मकान के चल रहे निर्माण कार्य में भाड़ा बांधने के दौरान बीते 26 7.25 को काफी ऊंचाई से वह भाडा बांधने के दौरान नीचे गिर गया था, जिसके इलाज हेतु पीएमसीएच मे भर्ती कराया गया था, जख्मी मजदूर का नाम गोरख भगत जो बलियारी गांव के रहने वाले हैं, जहां 31.7.2025 को इलाज के दौरान पीएमसीएच में उसकी मौत हो गई है। घटना के संदर्भ में मृतक के पुत्र सुजीत कुमार के दिए गए बयान के अनुसार गांव में ही विनोद साव का मकान बन रहा था उसी मकान निर्माण में गोरख भगत मजदूर के रूप में काम कर रहे थे। और भाड़ा बांधने के दौरान वह ऊपर से वह गिर गए थे, जहां गंभीर रूप में जख्मी पीएमसीएच मे इलाज के लिए भेजा गया था जिसका इलाज के दौरान मौत हो गई है।

### अंग्रेजी शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेज़ी शराब बरामद किया है। साथ ही इस मामले में दो कारोबारी एवं एक लाल रंग की स्विफ्ट गाड़ी को भी जप्त किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए टेहटा थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि के कार से अंग्रेज़ी शराब ले जाया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने घेराबन्दी कर विभिन्न जगहों पर वाहन जांच अभियान चलाया वही कुर्था की ओर से आ रही गाड़ी पुलिस को देख भागने लगी जिसका पुलिस ने पीछा कर सुगाँव रामपुर के समीप पुलिस ने वाहन को जप्त कर तलाशी लिया तो गाड़ी की डिक्की में रखे 152 बोतल कुल 57 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। साथ ही पुलिस ने कार में सवार दोनों लोगों को गिरफ्तार कर वाहन को जप्त कर थाने ले आई है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में गंगासागर गांव निवासी दीपक कुमार पिता महेश प्रसाद एवं महादेव बिगहा गांव निवासी गौतम कुमार पिता जितेंद्र कुमार शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के बाद उसे जेल भेजा गया है।

### मारपीट व शराब सेवन में पांच गिरफ्तार

**मदनपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मदनपुर पुलिस द्वारा चलाए गए सघन छापेमारी अभियान के फलस्वरूप पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मारपीट व हत्या प्रयास मामले के नामजद अभियुक्त मुंशी बिगहा निवासी अनिल यादव को गिरफ्तार किया गया है। वहीं न्यायालय से निर्गत वारंट मामले के एरकीकला निवासी सुरेश राम, सिबोध राम, मनोज राम एवं महुआवां निवासी आलोक कुमार सिंह को शराब का सेवन कर हंगामा करने में गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में पीएसआई सुरेन्द्र कुमार, एसआई अजय पासवान, संजीव कुमार पाठक, ऐश्वर्या प्रिया, माधव कुमार सिंह एवं अन्य पुलिस बल शामिल थे।

# मसौढ़ी में 30 अगस्त से बंद हो जाएंगे पुलिस के नंबर

## मसौढ़ी अनुमंडल के सभी थानों नया नंबर जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुलिस विभाग के सभी पुराने मोबाइल नंबर (बीएसएनएल और जियो) 30 अगस्त के बाद स्थायी रूप से बंद कर दिए जाएंगे। ऐसे में मसौढी आनुमंडल के सभी थानो की पुलिस पदाधिकारियों और थानाध्यक्षों को अब नया एयरटेल कंपनी का नंबर उपलब्ध करा दिया गया है। गौरतलब है की 30 अगस्त 2025 के बाद पुराने बीएसएनएल नं पुरी तरह से निष्क्रिय हो जाएंगे. ऐसे में अगर कोई व्यक्ति पुराने नंबरों पर संपर्क करेगा तो वह पुलिस अधिकारियों से जुड़ नहीं पाएगा, इसलिए लोगों से आग्रह किया गया है कि वे प्रकाशित किए गए नये एयरटेल नंबरों को अपने पास सुरक्षित रखें और किसी भी समस्या या घटना की सूचना इन्हीं नंबरों पर दें ऐसे मे नये नं में

मसौढी थाना- 9031825927,
धनरूआ थाना - 9031825931,
पुनपुन थाना - 9031825930
कादीरगंजथाना 9031825932,
भगवानगंजथाना 9931825928

आदी है। बताया जाता है कि एयरटेल का नेटवर्क शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में अपेक्षाकृत बेहतर पाया गया, इसलिए विभाग ने एयरटेल को चुना है। पुलिस विभाग की ओर से अपील की गई है कि मसौढी अनुमंडल की जनता अब किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत या आपात स्थिति में सीधे संबंधित थाना प्रभारी या पुलिस पदाधिकारी से नये एयरटेल नंबर पर ही संपर्क करें. इससे न केवल आम जनता को सुविधा होगी, बल्कि पुलिस प्रशासन भी समय पर जानकारी प्राप्त कर तेजी से कार्रवाई कर सकेगा।

# एसटीएफ के एडिशनल एसपी के बाइक की डिक्की से पांच लाख रुपये का भरा थैला उड़ाया

## पुनपुन में कोढा गैंग हुआ सक्रिय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन बाजार में एक बार फिर से कोढा गैंग एक्टिव हो गया है। दरअसल कोढा गैंग पूर्णिया क्षेत्र में रहने वाला एक गैंग हैं जो राजधानी पटना के आसपास के इलाकों में घूम घूम कर चोरी-छिनतई डकैती लूट की घटना को अंजाम देता है, इसके कई वारदात विभिन्न थानों में दर्ज हैं। ऐसे में गुरुवार को पुनपुन बाजार में अकौना के रहने वाले अमित कुमार सिंह जो एसटीएफ मे एडिशनल एसपी है अपने पिता के साथ पीएनबी बैंक से पैसा निकाल कर एक आभूषण दुकान में आभूषण खरीदने गये थे, जहां पीएनबी बैंक से ही पीछा करते हुए आभूषण दुकान तक पहुंच कर घात लगाये हुए था, जहां मौका मिलते ही कोढा गैंग का एक सदस्य डिक्की से पैसों से भरा हुआ थैला निकाल कर भागने लगा, जिसे देख लोगों ने चोर चोर हल्ला किया और भागते हुए चोर को कामेश्वर चौक के पास में उसे दबोच लिया, पैसों से भरा हुआ थैला बरामद कर ली गई है और चोर को भी स्थानीय ने पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया है। गिरफ्तार चोर का नाम नीरेंद्र यादव जो पूर्णिया का रहने वाला है, जो कोढा गैंग से संबंधित है। यह घटना पुनपुन बाजार स्थित सुभाष ज्वेलर्स में आभूषण खरीदने के दौरान घटी है। स्थानीय लोगों की माने तो बाइक की डिक्की में पैसा रखे हुए थे, उसी दरमियान बैंक से ही रेकी कर रहा कोढा गैंग का सदस्य उसकी नजर डिक्की पर थी और पलक झपकते ही डिक्की से पैसा निकलकर भागने लगा, जिसे स्थानीय लोगों ने उसे मौके पर पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# सखी ब्यूटी पार्लर से लूटपाट का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

## पुलिस को मिली सफलता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** पटना के जानीपुर थाना क्षेत्र के शिमला मोड़ के पास 12 अगस्त को हुई ब्यूटी पार्लर लूट की घटना का मुख्य आरोपी मोहम्मद आज़ाद गिरफ्तार कर लिया गया है. उस दिन दो बाइक पर सवार पांच बदमाश पहुंचे थे और सखी ब्यूटी पार्लर में घुसकर फायरिंग करते हुए एक महिला से सोने की चेन छीन ली थी. घटना के बाद बदमाश फरार हो गए थे। पुलिस की कार्रवाई में फुलवारी शरीफ के खालीपुरा निवासी मोहम्मद आज़ाद को देर रात दबोच लिया गया. बताया जाता है कि वह अपने गैंग के साथ लगातार इलाके में आपराधिक वारदातों को अंजाम देता था। जानीपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि मोहम्मद आज़ाद इस लूट का मास्टरमाइंड है. गैंग के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# राजस्व महाअभियान के तहत मसौढ़ी में 20 हजार जमाबंदी पत्रक का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** राजस्व महाअभियान के तहत मसौढी अंचल प्रशासन के द्वारा ग्रामीण परिवारों को जमाबंदी पंजी की प्रति उपलब्ध कराने और भूमि संबंधी कार्यों में तेजी पकड़ ली है. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान के तहत 19 से 26 अगस्त के बीच कुल 18 शिविर लगाये गये. इनमें अब तक 20 हजार जमाबंदी पत्रक का वितरण किया गया है।वहीं दो हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। मसौढी अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया कि युद्धस्तर पर सभी राजस्व गांव में शिविर लगाया जा रहा है और रैयतों के बीच जमाबंदी पत्रक वितरण की जा रही है। शिविर में सर्वाधिक1500 आवेदन जमाबंदी सुधार से संबंधित हैं। उत्तराधिकार नामांतरण के लिए 200 आवेदन आये हैं। ऑफलाइन जमाबंदी के लिये 300 आवेदन प्राप्त हुए है। ऐसे में 33.36 प्रतिशत जमाबंदी पंजी की प्रति का वितरण भी किया गया है।मसौढी अंचल में करीब 60 हजार जमाबंदी हैं, जिनमें 20 हजार अधिक की प्रति रैयतों को उपलब्ध करा दी गयी है। वही धनरूआ अंचल में अब तक 14000 जमाबंदी पत्रक का वितरण किया जा चुका है।

# जहानाबाद के एस एस कॉलेज में विशेष व्याख्यान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** स्थानीय एस.एस. कॉलेज में दूरसंवेदी तकनीक और भौगोलिक सूचना प्रणाली के लिए आंकड़े के श्रोत विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन भूगोल विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शैक्षणिक महत्व के हुए इस ज्ञानवर्धक व्याख्यान के माध्यम से मुख्य अतिथि व मगध विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के वरीय सहायक प्राध्यापक डॉ0 पिन्टु कुमार ने संबंधित विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। गौरतलब है कि डॉ0 कुमार मगध विश्वविद्यालय में दूरसंवेदी तकनीक और भौगोलिक सूचना प्रणाली केन्द्र के समन्वयक भी हैं। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि दूरसंवेदी तकनीक और भौगोलिक सूचना प्रणाली के विभिन्न श्रोतों के सदुपयोग से मानवीय जीवन काफी सुविधाजनक हो गया है। इन तकनीकों के स्थानिक और गैर स्थानिक डेटा श्रोतों के द्वारा मौसम पूर्वानुमान, कृषि, खनिज एवं जल स्रोतों की खोज आसान हो गई है। वहीं इसके द्वारा नगर योजना, भूमि उपयोग,संसाधन प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सरकारी योजना के क्रियान्वयन, यातायात नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, व्यावसाय-विपणन आदि में इसकी उपयोगिता सार्थक सिद्ध हुई है। भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 स्नेहा स्वरूप ने अपने व्याख्यान में दूरसंवेदी तकनीक और भौगोलिक सूचना प्रणाली के विभिन्न श्रोतों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इस क्षेत्र में हुए समकालीन वैज्ञानिक प्रगति से अवगत कराया। इस अवसर पर वित्तेक्षक डॉ0 विनोद कुमार राय, प्रो0 प्रवीण दीपक, डॉ0 सीमा कुमारी ने भी अपने विचार रखे।

# बच्चों ने विशेष कैंप में लिया भाग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्रा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक दिवसीय स्पोर्ट क्लाइम्बिंग कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने चढ़ाई (क्लाइम्बिंग) की बारीकियां सीखीं और खेल के प्रति गहरी रुचि दिखाई. आयोजन ने साफ कर दिया कि कम उम्र से ही बच्चों में स्पोर्ट क्लाइम्बिंग के प्रति उत्साह लगातार बढ़ रहा है और बिहार में इस खेल का भविष्य उज्ज्वल है। बिहार के पहले राष्ट्रीय स्पोर्ट क्लाइंबर एवं स्पोर्ट क्लाइम्बिंग एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव सैयद अबादुर रहमान ने कहा कि राज्य में स्पोर्ट क्लाइम्बिंग की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है. अब तक 200 से अधिक स्कूलों के छात्र ऐसे कैंपों में हिस्सा ले चुके हैं. यह बिहार में इस खेल की अब तक की सबसे तेज़ प्रगति मानी जा रही है. उन्होंने बताया कि स्पोर्ट क्लाइम्बिंग, जो एक ओलंपिक खेल है, अब बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिला रहा है। उन्होंने सभी को आगामी 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। यह दिन पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद जी को समर्पित है. रहमान ने छात्रों को प्रेरित किया कि वे मेजर ध्यानचंद जी की तरह मेहनत कर महान खिलाड़ी बनने का लक्ष्य रखें। इस मौके पर स्पोर्ट क्लाइम्बिंग एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष शमायल अहमद, राज्य टीम खिलाड़ी बिट्टू कुमार और आदित्य कुमार ने बच्चों को मार्गदर्शन दिया और उन्हें बुनियादी तकनीकें सिखाईं. आयोजन में स्कूल कोच संजीत कुमार का भी अहम योगदान रहा।

# छात्रा की मौत के दूसरे दिन चितकोहरा में बवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फुलवारीशरीफ।** चितकोहरा में छात्रा की दर्दनाक मौत के बाद दूसरे दिन भी इलाके में भारी आक्रोश देखने को मिला। गुरुवार की सुबह से ही लोगों ने चितकोहरा चौक के पास सड़क जाम कर दिया और आगजनी शुरू कर दी। हालात बिगड़ने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो भीड़ और उग्र हो गई. देखते ही देखते लोगों ने पुलिस पर पत्थर बरसाना शुरू कर दिया, जिसमें गर्दनीबाग थाना में तैनात हवलदार रंजीत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बेकाबू भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले छोड़े. कई बार धक्का-मुक्की के बाद पुलिस ने सड़क खाली कराया और यातायात को सुचारू किया. आक्रोशित भीड़ को चितकोहरा बाजार तक खदेड़ा गया, जिसके बाद स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो पाई। बताया जाता है कि बुधवार की देर शाम मृतक छात्रा का शव घर पहुंचा था. उसी के विरोध में गुरुवार को सुबह से ही लोगों ने बवाल शुरू कर दिया. मृतक को परिजनों ने जोहर के बाद चितकोहरा कब्रिस्तान में दफनाया. दफन के समय डीएसपी सचिवालय, मजिस्ट्रेट एस. एम. खान और भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे. उन्होंने परिजनों को न्याय का भरोसा दिलाया। मालूम हो कि चितकोहरा कन्या मध्य विद्यालय, अमला टोला की कक्षा पाँच की छात्रा जोया ने मंगलवार को स्कूल के शौचालय में खुद पर केरोसिन डालकर आग लगा ली थी. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी. घटना के बाद से ही स्थानीय लोगों में आक्रोश था. बुधवार को शव घर पहुंचने पर लोगों ने जमकर तोड़फोड़ और हंगामा किया था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो दर्जन लोगों को नामजद किया है और सौ अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. गुरुवार को हुए बवाल के दौरान पुलिस ने पाँच लोगों को हिरासत में लिया, जिन्हें बाद में पीआर बांड पर छोड़ दिया गया. फिलहाल इलाके में तनाव बना हुआ है और पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।


**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या 107, 108, 109, 110, 111, 112, 113, 114 और 115 दिनांक: 21.08.2025 (पी. वे वर्क्स)।** मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय भवन, पी.ओ.-झालझलिया, जिला- मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **(1) निविदा सं.: 107-एमएलडीटी-25-26; कार्य का नाम एवं स्थान:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधीन यार्ड सुधार और यार्ड के उन्नयन के संबंध में पी.वे कार्यों के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्य :** रु. 2,84,40,504.43; **(2) निविदा सं.: 108-एमएलडीटी-25-26; कार्य का नाम एवं स्थान:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/भागलपुर के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी.वे/भागलपुर-I के अधीन यार्ड सुधार और यार्ड के उन्नयन के संबंध में पी.वे कार्य के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्य :** रु. 1,82,82,935.10; **(3) निविदा सं.: 109-एमएलडीटी-25-26; कार्य का नाम एवं स्थान:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/भागलपुर के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर (पी. वे)/भागलपुर-II के अधीन यार्ड सुधार और यार्ड के उन्नयन के संबंध में पी. वे कार्य के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्य :** रु. 1,04,88,960.52; **(4) निविदा सं.: 110-एमएलडीटी-25-26; कार्य का नाम एवं स्थान:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी. वे-I/जमालपुर सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधीन यार्ड सुधार और यार्ड के उन्नयन के संबंध में पी. वे कार्य के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्य :** रु. 1,06,95,340.02; **(5) निविदा सं.: 111-एमएलडीटी-25-26; कार्य का नाम एवं स्थान:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी.वे-II/जमालपुर के अधीन यार्ड सुधार और यार्ड के उन्नयन के संबंध में पी.वे कार्य के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्य :** रु. 2,21,06,013.59; **(6) निविदा सं.: 112-एमएलडीटी-25-26; कार्य का नाम एवं स्थान:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में एईएन/मालदा टाउन के अधीन एसएसई/पी.वे/मालदा टाउन के शाखा में यार्ड के सुधार और उन्नयन के कार्य के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्य :** रु. 2,41,87,389.33; **(7) निविदा सं.: 113-एमएलडीटी-25-26; कार्य का नाम एवं स्थान:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के अधीन एसएसई/पीडब्लूआई/जंगीपुर शाखा में एसएसई/पी.वे/ जेआरएलई शाखा में यार्ड के सुधार और उन्नयन के कार्य के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्य :** रु. 1,10,94,976.38; **(8) निविदा सं.: 114-एमएलडीटी-25-26; कार्य का नाम एवं स्थान:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/न्यू फरक्का के तहत एसएसई/पी.वे/न्यू फरक्का के शाखा में यार्ड के सुधार और उन्नयन के कार्य के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्य :** रु. 1,09,16,184.95; **(9) निविदा सं.: 115-एमएलडीटी-25-26; कार्य का नाम एवं स्थान:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में एईएन/न्यू फरक्का के अंतर्गत एसएसई/पी.वे/बरहरवा के शाखा में यार्ड के सुधार और उन्नयन के कार्य के लिए खुली ई-निविदा; **निविदा मूल्य :** रु. 1,55,06,695.15; **निविदा समापन तिथि एवं समय:** सभी निविदाओं के लिए 19.09.2025 को 15.30 बजे; **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड: www.ireps.gov.in/DRM Office/ Malda.**

(MLD-159/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जोकोविच 19वीं बार यूएस ओपन के तीसरे राउंड में

## अमेरिकी क्वालिफायर स्वाइजडा को हराया, अल्काराज भी जीते



- **अल्काराज सीधे सेटों में जीते** – कार्लोस अल्काराज ने यूएस ओपन 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे दौर में जगह बना ली है। दूसरे दौर में उन्होंने इटली के मैटिया बेलुच्ची को 1 घंटे 36 मिनट में सीधे सेटों में 6-1, 6-0, 6-3 से हराया। अब तीसरे दौर में उनका मुकाबला इटली के लूसियानो डारदरी से होगा।
- **साबालेंका ने पोलिना को हराया** – मौजूदा विमेंस सिंगलस चैंपियन आर्यना साबालेंका ने दूसरे दौर में रूसी खिलाड़ी पोलिना को 7-6 (4), 6-2 से हराकर कर यूएस ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अब उनका मुकाबला तीसरे दौर में 2021 की फाइनलिस्ट लेयला फर्नांडीज से होगा।

**यूएस (एजेंसी)।** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने यूएस ओपन 2025 के तीसरे दौर में जगह बना ली है। जोकोविच ने बुधवार को दूसरे दौर में अमेरिकी क्वालिफायर जैकरी स्वाइजडा को हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। जोकोविच इस जीत के साथ ही रिकॉर्ड 19वीं बार यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गए और और रोजर फेडरर को पीछे छोड़ दिया।

### तीसरे राउंड में नॉरी से होगा सामना

उन्होंने स्वाइजडा को 6-7(5), 6-3, 6-3, 6-1 से हराया। मैच की शुरुआत में जोकोविच को कठिनाई का सामना करना पड़ा, क्योंकि स्वाइजडा ने पहला सेट टाई-ब्रेक में जीत लिया। लेकिन, उसके बाद जोकोविच ने शानदार वापसी की। स्वाइजडा को पैर की चोट के कारण बाद के सेटों में परेशानी हुई, जिसका फायदा जोकोविच ने उठाया। अब तीसरे दौर में उनका सामना ब्रिटेन के कैमरॉन नॉरी से होगा, जिन्होंने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को कोमेसाना को हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई है।

# गोल्ड मेडलिस्ट है फर्जी डिग्रियां बेचने वाली पूर्व वॉलीबॉल प्लेयर

## हरियाणा का खेल पुरस्कार मिल चुका, लालच में घर, खेल और पति सब कुछ छोड़ा



**जयपुर (एजेंसी)।** पूर्व इंटरनेशनल खिलाड़ी संगीता कड़वासरा की जांच में कई चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। उसे 26 अगस्त को राजस्थान (राजगढ़, चूरू) के ओपीजेएस यूनिवर्सिटी की फर्जी डिग्री बेचने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। संगीता साउथ एशियन फेडरेशन गेम्स में भारतीय टीम का नेतृत्व कर वॉलीबॉल में गोल्ड ला चुकी है। हरियाणा का खेल पुरस्कार भीम अवॉर्ड भी हासिल कर चुकी है। खेल के आधार पर ही इसे रेलवे की नौकरी मिली थी। आईजी एटीएस विकास कुमार ने बताया- इस केस में महत्वपूर्ण यह है कि संगीता कड़वासरा ने वॉलीबॉल में 10 से अधिक बार देश की टीम का नेतृत्व किया है। सेफ गेम में दो बार गोल्ड मेडल और सिल्वर मेडल जीता है। स्पोट्??र्स कोटे से रेलवे में नौकरी मिली। मोती लाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोट्?र्स (सोनीपत, हरियाणा) में बोर्ड ऑफ ऑनर में नाम लिखा है।

# दलीप ट्रॉफी 2025- सेंट्रल जोन का स्कोर 300 रन पार

## दानिश-रजत पाटीदार की सेंचुरी, नॉर्थ जोन से आयुष बडोनी ने अर्धशतक लगाया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दलीप ट्रॉफी 2025 आज से शुरू हो गई। नॉर्थ-ईस्ट जोन ने सेंट्रल जोन के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया है। वहीं, पहला क्वार्टर-फाइनल नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन के बीच खेला जा रहा है। ईस्ट जोन ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करेगा। दोनों मुकाबले बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बेंगलुरु के दो अलग-अलग ग्राउंड्स पर खेले जा रहे हैं। खबर लिखे जाने तक सेंट्रल जोन ने 1 विकेट खोकर 314 रन बना लिए थे। टीम के कप्तान रजत पाटीदार और दानिश मलेवार शतक लगाकर नाबाद हैं। वहीं, एक अन्य मुकाबले में नॉर्थ जोन ने 5 विकेट के नुकसान पर 228 रन बनाए थे। टूर्नामेंट इस साल जोनल फॉर्मेट में खेला जा रहा है। इसमें छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। दोनों क्वार्टर-फाइनल के विजेता सेमीफाइनल में साउथ और वेस्ट जोन से भिड़ेंगे। फाइनल 11 से 15 सितंबर तक खेला जाएगा।

**गिल, ईश्वरन और जुरेल नहीं खेल रहे** – नॉर्थ जोन टीम की कप्तानी शुभमन गिल को सौंपी गई थी। हालांकि, गिल बिमार होने की वजह से यह मुकाबला नहीं खेल रहे। गिल की गैरमौजूदगी में अंकित कुमार टीम की कप्तानी कर रहे है।वहीं, अभिमन्यु ईश्वरन ईस्ट जोन की कप्तानी करने वाले थे। वे भी नहीं खेल रहे है। रियान पराग टीम की कप्तानी कर रहे है। सेंट्रल जोन के कप्तान ध्रुव जुरेल भी नहीं खेल रहे। उनकी जगह रजत पाटीदार टीम की कमान संभाल रहे है।



नॉर्थ जोन



ईस्ट जोन

### क्वार्टर फाइनल खेलने वाली टीमों के प्लेइंग-11

**नॉर्थ जोन की टीम-** अंकित कुमार (कप्तान), अर्शदीप सिंह, औकिब नबी, आयुष बडोनी, हर्षित राणा, कन्हैया वधावन (विकेटकीपर), मयंक डागर, निशांत सिंधु, साहिल लोत्रा, शुभम खजूरिया, यश धुल।

**ईस्ट जोन-** रियान पराग (कप्तान), कुमार कुशाग्र, (विकेटकीपर), मनीषी, मोहम्मद शमी, मुकेश कुमार, मुख्तार हुसैन, श्रीदम पॉल, शरनदीप सिंह, उत्कर्ष सिंह, सूरज सिंधु जायसवाल, विराट सिंह।

**सेंट्रल जोन-** रजत पाटीदार (कप्तान), आदित्य ठाकरे, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), आयुष पांडे, दीपक चाहर, दानिश मलवार, हर्ष दुबे, कुलदीप सिंह यादव, खलील अहमद, शुभमन शर्मा, यश राठौड़।

**नॉर्थ-ईस्ट जोन-** नॉर्थ-ईस्ट जोन की टीम- रोंगसेन जोनाथन (कप्तान), आकाश कुमार चौधरी, अंकुर, आशीष थापा, बिश्वोरजीत सिंह कोंथौजम, डोरिया, हेम बहादुर छेत्री, एंडरसन (विकेटकीपर), जोतिन फिरोजम, कर्णजीत, पालजोर तमांग।

### साउथ-वेस्ट जोन सीधे सेमीफाइनल खेलेंगे

इस साल दलीप ट्रॉफी फिर से जोन फॉर्मेट में खेली जाएगी। पिछली बार इसे चार टीमों (ए, बी, सी, डी) के बीच खेला गया था। इस टूर्नामेंट में कुल 5 मैच होंगे। 2 क्वार्टर फाइनल, 2 सेमीफाइनल और 1 फाइनल होगा। सभी मैच नॉकआउट होंगे, यानी हारने वाली टीम बाहर हो जाएगी। पिछले बार (2023-24) साउथ जोन ने खिताब जीता था, उन्होंने फाइनल में वेस्ट जोन को 75 रनों से हराया था। इसी कारण इस बार साउथ जोन और वेस्ट जोन सीधे सेमीफाइनल से खेलेंगे।

### वेस्ट जोन ने सबसे ज्यादा 19 खिताब जीते

दलीप ट्रॉफी के इतिहास में सबसे सफल टीम वेस्ट जोन रही है, जिसने अब तक 19 बार खिताब जीते हैं। इसके बाद नॉर्थ जोन का नाम आता है, जिसके पास 18 खिताब हैं, जबकि साउथ जोन ने 13 बार ट्रॉफी पर कब्जा किया है। सेंट्रल जोन ने 6 और ईस्ट जोन ने 2 बार टाइटल जीता है। दलीप ट्रॉफी की शुरुआत 1961-62 में हुई थी।

# मोहम्मद शमी ने रिटायरमेंट की अफवाहों को खारिज किया

## बोले- वनडे वर्ल्ड कप जीतना मेरा सपना है, मैं 2027 में वहां रहना चाहता हूं



**मुंबई (एजेंसी)।** मोहम्मद शमी ने अपनी रिटायरमेंट की अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है। 34 साल के शमी ने साफ कहा कि जब तक उनमें खेल के प्रति जुनून और प्रेरणा बनी रहेगी, वह मैदान पर डटे रहेंगे। शमी को इंग्लैंड में एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी और 9 सितंबर से॰श्व में शुरू हो रहे एशिया कप के लिए भारतीय टीम में उन्हें जगह नहीं मिली है। शमी ने एक न्यूज चैनल से बातचीत में उनके रिटायरमेंट की अफवाहों पर तीखा जवाब देते हुए कहा, अगर किसी को मुझसे दिक्कत है, तो सामने आकर बताए। मेरे रिटायर होने से किसकी जिंदगी बेहतर हो जाएगी? मैं किसी की जिंदगी में पत्थर क्यों बनूं कि तुम्हें मुझसे रिटायरमेंट चाहिए? जिस दिन मुझे बोरियत होगी, मैं खुद मैदान छोड़ दूंगा। आप मुझे न चुनें, न खिलाएं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं मेहनत करता रहूंगा।

**घरेलू क्रिकेट में भी खेलने को तैयार** – शमी ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौका न मिले, तो वह घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, अगर आप मुझे अंतरराष्ट्रीय मैचों में नहीं चुनते, तो मैं घरेलू क्रिकेट खेलूंगा। मैं कहीं न कहीं खेलता रहूंगा। रिटायरमेंट जैसा फैसला तब लिया जाता है, जब आपको लगे कि आप बोर हो गए हैं, जब आप सुबह 7 बजे टेस्ट मैच के लिए उठना नहीं चाहते। लेकिन मेरे लिए अभी वह वक्त नहीं आया। आप चाहें तो मैं सुबह 5 बजे भी उठकर तैयार हो जाऊंगा।%

**वनडे वर्ल्ड कप जीतने का अधूरा सपना** – शमी ने बताया कि उनका सबसे बड़ा लक्ष्य वनडे वर्ल्ड कप जीतना है, जो उनका एकमात्र अधूरा सपना है। 2023 वर्ल्ड कप में भारत के फाइनल तक पहुंचने की याद ताजा करते हुए उन्होंने कहा, मेरा एक ही सपना बाकी है, वह है वनडे वर्ल्ड कप जीतना। 2023 में हम बहुत करीब थे। हमें भरोसा था, लेकिन नॉकआउट स्टेज में डर भी था। फैंस का उत्साह और समर्थन हमें प्रेरित करता था।

# विजय शंकर ने छोड़ा तमिलनाडु, नई टीम करेंगे जॉइन

## 2019 वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा रहे; 13 साल तमिलनाडु से जुड़े रहे

**तमिलनाडु (एजेंसी)।** तमिलनाडु के ऑलराउंडर विजय शंकर ने 2025-26 घरेलू सीजन से पहले अपने होम स्टेट तमिलनाडु को छोड़ने का फैसला किया है। 34 साल के विजय को तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) ने नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) दे दिया है।विजय ने हाल ही में चेन्नई में हुए बुची बाबू टूर्नामेंट के पहले राउंड में टीएनसीए प्रेसिडेंट्स इलेवन के लिए हिमाचल प्रदेश के खिलाफ खेला था, लेकिन महाराष्ट्र के खिलाफ दूसरे राउंड में उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। इसके बाद, सभी प्रारूपों में अधिक मौके पाने के लिए उन्होंने राज्य बदलने का फैसला लिया।



**2024-25 सीजन में पहले दो मैचों में नहीं मिला था मौका** – 2024-25 सीजन में विजय तमिलनाडु के पहले दो रणजी ट्रॉफी मैचों में नहीं खेले और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के कई मैचों में भी उन्हें बेंच पर बैठना पड़ा। विजय ने तमिलनाडु के लिए 13 साल तक खेला और इस दौरान उन्होंने टीम को विजय हजारे, देवधर ट्रॉफी में और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खिताब दिलाए। 2012 में रणजी डेब्यू के बाद, उन्होंने बी इंद्रजीत के साथ मिलकर मध्यक्रम में अहम भूमिका निभाई। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 81 पारियों में 44.25 की औसत से 3142 रन बनाए, जिसमें 11 शतक और 16 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा, उनकी मध्यम-तेज गेंदबाजी से उन्होंने 43 विकेट भी लिए। 2014-15 में विजय ने रणजी में 11 पारियों में 57.70 की औसत से 577 रन बनाकर सुर्खियां बटोरीं और भारत ए टीम में जगह बनाई। 2019 में वह भारत की वनडे विश्व कप टीम में भी शामिल हुए। हाल ही में 2024-25 रणजी सीजन में उन्होंने चंडीगढ़ के खिलाफ नाबाद 150 रन बनाए। तमिलनाडु प्रीमियर लीग में उन्होंने वरुण चक्रवर्ती के साथ मिलकर मिस्ट्री स्पिन गेंदबाजी शुरू की, जिसमें कैरम बॉल और रॉन्ग-वन जैसे बदलाव शामिल हैं।

### एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप

# अनीश भनवाला ने 25 मीटर पिस्टल में सिल्वर; भारत 74 मेडल के साथ टॉप पर बरकरार

**कजाकिस्तान (एजेंसी)।** ओलिंपियन अनीश भनवाला ने शिमकेंट, कज़ाकिस्तान में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में बुधवार को 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। इसके साथ ही भारत अब तक कुल 74 मेडल (39 गोल्ड, 18 सिल्वर, 17 ब्रॉन्ज) के साथ टॉप पर बना हुआ है। 22 साल के अनीश ने फाइनल में 35 का स्कोर किया, लेकिन चीन के सू लियानबोफान ने 36 का स्कोर करके गोल्ड मेडल जीतने के साथ-साथ वर्ल्ड जूनियर और एशियन चैंपियनशिप जूनियर रिकॉर्ड भी बना दिया। अनीश ने आदर्श सिंह और नीरज कुमार के साथ मिलकर टीम इवेंट में 1738 के कुल स्कोर के साथ सिल्वर मेडल भी हासिल किया। आदर्श ने क्वालिफिकेशन में 585 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, लेकिन फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे। नीरज ने क्वालिफिकेशन में 570 अंक के साथ फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था नीरज ने क्वालिफिकेशन में 570 अंक प्राप्त किए। फाइनल में अनीश चौथी सीरीज तक बढ़त में थे, जहां उन्होंने कुल 20 में से 2 निशाने चूके। पांचवीं सीरीज में सू ने परफेक्ट 5 मारते हुए स्कोर बराबर कर लिया, जबकि अनीश का एक निशाना चूक गया। इसके बाद की दो सीरीज में भी अनिश ने एक-एक निशाना चूका जिससे सू को एक अंक की बढ़त मिल गई। अंतिम सीरीज में अनीश ने पहले शूट करते हुए परफेक्ट 5 मारे और दबाव बनाया, लेकिन सू ने संयम बनाए रखा और परफेक्ट 5 मारते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया।



**जूनियर ट्रैप मिक्स्ड इवेंट में सिल्वर मेडल** – जूनियर मिक्स्ड टीम ट्रैप इवेंट में आर्यवंश त्यागी और भाव्या त्रिपाठी की जोड़ी को कजाकिस्तान की निकिता मोइसेयेव और एलेओनोरा इब्रागिमोवा से गोल्ड मेडल मुकाबले में 37-38 से हारकर सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा।

**50 मीटर पिस्टल में टीम सिल्वर मेडल** – वहीं, 50 मीटर पिस्टल इवेंट में योगेश कुमार, अमनप्रीत सिंह, रविंदर सिंह ने सिल्वर मेडल दिलाया। योगेश ने 548, अमनप्रीत ने 543 और रविंदर सिंह ने 542 का स्कोर किया। जबकि 50 मीटर पिस्टल जूनियर में टीम को गोल्ड मेडल मिला। अभिनव चौधरी ने 541, उमेश चौधरी ने 529 और मुकेश नेलावली ने 523 का स्कोर कर टीम को गोल्ड दिलाया।

# भारत कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की दावेदारी करेगा

## कैबिनेट की मंजूरी, 31 अगस्त डेडलाइन; मेजबानी मिलेगी या नहीं फैसला नवंबर में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी अहमदाबाद में करने के लिए दावा पेश करेगा। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने बिडिंग प्रपोजल को मंजूरी दे दी है। इससे पहले 14 अगस्त को भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन (आईओए) ने इसे मंजूरी दी थी। अब भारत को 31 अगस्त तक फाइनल बिडिंग प्रपोजल देना होगा। नवंबर के आखिर में यह फैसला होगा कि मेजबानी मिलेगी या नहीं। कनाडा के रेस से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। पिछले महीने कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के डायरेक्टर डैरेन हॉल की लीडरशिप में एक टीम ने अहमदाबाद में मौजूद आयोजन स्थलों का दौरा किया था। साथ ही गुजरात सरकार के अधिकारियों के साथ मीटिंग भी की थी। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट वह संस्था है जो किसी देश को मेजबानी देने का फैसला करती है।



**कॉमनवेल्थ गेम्स बिडिंग प्रोसेस के लिए 5 स्टेप्स** – गेम्स होस्ट करने को इच्छुक शहर (देश) को कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के पास आवेदन करना होता है। इसके बाद उस देश की नेशनल ओलिंपिक कमेटी प्रस्ताव को मंजूरी देती है। देश की सरकार से मंजूरी मिलने के बाद फाइनल बिडिंग करनी होती है। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के अधिकारी होस्ट सिटी और वेन्यू का इंस्पेक्शन करते हैं। सभी दावेदार शहरों का इंस्पेक्शन करने के बाद कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की जनरल असेंबली फाइनल होस्ट का नाम घोषित करती है।

**पिछले साल 2036 ओलिंपिक के लिए दावेदारी की थी** – भारत 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पिछले साल नवंबर में भारत ने इसकी मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी।

# माइकल क्लार्क को कैंसर, इन क्रिकेटरों ने घातक बीमारी से गवाई जान

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया को वर्ल्ड कप जिताने वाले पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क इन दिनों जिंदगी की सबसे कठिन पारी खेल रहे हैं। क्लार्क एक बार फिर स्किन कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए बताया कि ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में यह घातक बीमारी कोई अफवाह नहीं बल्कि सच है। उन्होंने बताया कि उनकी नाक से एक और कैंसर हटाने के लिए सर्जरी हुई है और उन्होंने फैंस को सावधानी बरतने और समय पर जांच कराने की अपील भी की। लेकिन कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने कैंसर से अपनी जान गंवाई है, आइए इस खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं-

### क्रिकेटर जो कैंसर से हुए निधन

**1 मार्टिन क्रो-(न्यूज़ीलैंड)** – न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज और कप्तान, जिन्हें 2012 में फॉलिकुलर लिंफोमा हुआ, जो 2014 में लौट आया और अंततः 2016 में उनकी मृत्यु हुई।

**टेस्ट** – 77 मैच, 5444 रन (औसत 45.36)

**वनडे** -143 मैच, 4704 रन (औसत 38.55)

**2. श्रीलंका ब्रोलि(वेस्ट इंडीज)** – वेस्ट इंडीज के पहले प्रसिद्ध कप्तानों में से एक, जिन्हें 1966-67 में दौरे के दौरान ल्यूकेमिया हुआ और 1967 में 42 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया।

**टेस्ट-** 51 मैच, 3860 रन (औसत 49.48), 69 विकेट (औसत 38.72)

**3. रिच बेन्यूड (ऑस्ट्रेलिया)** – एक महान खिलाड़ी और क्रिकेट कमेंटेटर, वे स्किन कैंसर से जूझ रहे थे और उनका निधन 2015 में हुआ।

उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 2000 रन और 200 विकेट का मुकाम हासिल किया

**टेस्ट-** 2000+ रन और 200+ विकेट

**4.मेलकम मार्शल (वेस्ट इंडीज)** – एक घातक तेज़ गेंदबाज जिन्होंने 1999 में कोलोन कैंसर की वजह से 41 वर्ष की उम्र में अपनी जान गंवाई।

**टेस्ट** – 81 मैच, 376 विकेट्स, 2.68 की इकोनॉमी

**5. मिक डेनिस (इंग्लैंड)** – एक महत्वपूर्ण कप्तान और बल्लेबाज, जो कैंसर से पीड़ित थे और 2013 में उनका निधन हुआ।

**टेस्ट-** 28 मैच,

एक दिवसीय 12 मैच, 264 रन (औसत 29.33)

**6. केन वेडबर्थ (न्यूजीलैंड)** – उल्लेखनीय विकेटकीपर-बल्लेबाज, जिन्हें 1976 में त्वचा कैंसर हुआ, और वे केवल 29 वर्ष की आयु में चले गए।



**टेस्ट-** 33 मैच, 1010 रन (औसत 21.48)

एक दिवसीय 13 मैच, 258 रन (औसत 28.66), एक शतक (104)

**7. डेविड शेपर्ड (इंग्लैंड)** -प्रसिद्द अंपायर और पूर्व खिलाड़ी, जिनका कैंसर से लंबा संघर्ष रहा और उनका निधन 2009 में हुआ।

**प्रथम श्रेणी (एफसी)-** 282 मैच, 10,672 रन (औसत 24.47), 2 विकेट

वह अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में नहीं, बल्कि अंपायर के रूप में अधिक प्रसिद्ध थे।

**8. फ्रेड ट्रयूमेम (इंग्लैंड)** – दुरुतगामी गेंदबाज़ों में से एक, जो लंग कैंसर से लड़ते हुए 2006 में 75 वर्ष की उम्र में दुनिया से विदा हो गए।

**टेस्ट-** 67 मैच, 981 रन (औसत 913.8), 307 विकेट (औसत 921.5)

**9. बुद्धि कुंद्रन (भारत)** -पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज, जिन्हें 2006 में लंग कैंसर हुआ और वे 68 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।

**टेस्ट-** 18 मैच, 981 रन (औसत 32.70), कोई विकेट नहीं; विकेटकीपर के रूप में 23 कैच + 7 स्टंपिंग्स

**10. ब्रेन ल्यूकेरेस्ट (इंग्लैंड)** – न्यूज़ीलैंड नहीं, बल्कि एक अंग्रेज बल्लेबाज जिन्होंने कैंसर से किया संघर्ष।

**टेस्ट-** 21 मैच, 1,298 रन (औसत 36.05), 1 विकेट

**11. हीथ स्ट्रीक (जिम्बाब्वे)** -कीर्तिमान पुरुष ऑल-राउंडर और कप्तान, उन्होंने कोलोन और लिवर कैंसर से लंबे समय तक जूझते हुए 2023 में 49 वर्ष की।

**टेस्ट-** 65 मैच, 216 विकेट

**12. अख्तर सरफराज (पाकिस्तान)** – खिलाड़ी और कोच, जिन्होंने 2019 में कोलोन कैंसर से 43 वर्ष की उम्र में आखिरी सांस ली।

**वनडे-** 4 मैच, 66 रन (औसत 16.50)

**13. ताहिर मुगहल (पाकिस्तान)** – फर्स्ट-क्लास क्रिकेटर, जो 2021 में स्टेज- गॉल्ब्लैडर कैंसर से निधन – उम्र 43 वर्ष।

**14. ग्रेम बास्टन (ऑस्ट्रेलिया)** – एक ऑल-राउंडर, जिन्होंने कैंसर के खिलाफ संघर्ष किया और 2020 में उनकी मृत्यु हुई।

**टेस्ट-** 5 मैच, 97 रन (औसत 10.8)

**15. खान मेहमूद (पाकिस्तान)** – एक शुरुआती तेज गेंदबाज, जिन्हें 2009 में प्रोस्टेट कैंसर हुआ और उसी वर्ष उनका निधन हुआ।

**टेस्ट** -13 मैच, 54 विकेट्स, 2.45 की इकोनॉमी, 54 विकेट

### पीवी सिंधु की दमदार वापसी, विश्व चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने फिर अंतिम क्षण में मिली बढ़त की बदौलत बुधवार 27 अगस्त 2025 की रात मलेशिया की लेत्शाना करुपाथेवन को हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने पहले गेम में 12-18 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करते हुए दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी लेत्शाना को 42 मिनट में 21-19, 21-15 से शिकस्त दी। अब उनका सामना चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झि यि से होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे के यांग पो हान और लियू कुआंग हेंग को 22-20, 21-13 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने आयरलैंड के जोशुआ मैगी और मोया रयान की जोड़ी को महज 35 मिनट में 21-11, 21-16 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

# मतदान के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार : डीएम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2025 की तैयारियों की समीक्षा हेतु समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक के प्रारंभ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जिले के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों एवं उनके अंतर्गत अवस्थित मतदान केंद्रों की संख्या से उपस्थित पदाधिकारियों को अवगत कराया गया उन्होंने सूचित किया कि औरंगाबाद जिले में कुल 2279 मतदान केंद्र स्थापित हैं जिनमें रफीगंज विधानसभा क्षेत्र में 424, ओबरा विधानसभा क्षेत्र में 387, औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र में 382, गोह विधानसभा क्षेत्र में 372, नवीनगर विधानसभा क्षेत्र में 364 तथा कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र में 350 मतदान केंद्र सम्मिलित हैं। निर्वाचन की तैयारी संबंधी समस्त पहलुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि निर्वाचन कार्यों के संचालन हेतु कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, संचार कोषांग, वाहन प्रबंधन कोषांग, निर्वाचन व्यय कोषांग, अनुश्रवण कोषांग, विधि-व्यवस्था कोषांग, सामग्री प्रबंधन, आईटी एवं हेल्पलाइन कोषांग, सामग्री प्रबंधन कोषांग, ईवीएम कोषांग, आदर्श आचार संहिता को कोषांग, मतपत्र एवं डाक मत पत्र को कोषांग, नाम निर्देशन कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, मीडिया कोषांग, एवं अन्य कोषांग का गठन किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे कार्ययोजना तैयार कर तत्काल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें एवं समय समय पर प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्य की प्रगति समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण हो तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत सभी दिशा निर्देशों एवं आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान का संपादन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर शिथिलता को गंभीरता से लिया जाएगा। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप की समीक्षा के उपरांत जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान संचालित कर अधिकाधिक युवा एवं महिलाओं को मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो सके। बैठक के समापन पर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि निर्वाचन का शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं भयमुक्त संपादन जिला प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है अतः सभी कोषांगों के पदाधिकारी परस्पर समन्वय एवं टीम भावना से कार्य करें किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन उपेंद्र पंडित, बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतान कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल सहित समस्त जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रिश्वत लेते दारोगा गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पटना से आई निगरानी विभाग की टीम ने नगर थाने से विरमित हुए दारोगा उमेश राम को थाने के ही गेट के पास रिश्वत के 20 हजार रूपये के साथ बुधवार की रात गिरफ्तार किया है। इस संबंध में नगर थाना क्षेत्र के बिराटपुर के वार्ड संख्या - 23 के निवासी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि वे अपने आवास पर गैस एजेंसी के सीएचपी ब्रांच का संचालन करते थे। यह ब्रांच उनकी पत्नी सीमा कुमारी के नाम से था। इस ब्रांच के संदर्भ में वार्ड पार्षद सदस्य आरती श्रीवास्तव द्वारा अनियमितता से संबंधित एक शिकायत अनुमंडल पदाधिकारी के यहां दर्ज कराई गई थी। शिकायत के आलोक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी औरंगाबाद के नेतृत्व में छापेमारी की गई और 80 सिलिंडर जब्त किए गए जिसमें 60 खाली एवं 20 भरा हुआ सिलिंडर था। इस संबंध में नगर थाने में एक कांड संख्या के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई जिसके अनुसंधानकर्ता उमेश राम बनाए गए। उन्होंने बताया कि गैस एजेंसी सीएचपी ब्रांच के नॉर्म्स के हिसाब से कोई भी सीएचपी संचालक अपने यहां 100 किलोग्राम तक भरा गैस रख सकता है। परंतु मेरी बातों को नजर अंदाज किया गया और परेशान किया जाने लगा। दारोगा उमेश राम के द्वारा सिलिंडर छोड़े जाने को लेकर लगातार 20 हजार रूपये की डिमांड किया जाने लगा। इसकी सूचना अधिवक्ता द्वारा निगरानी विभाग पटना को दी गई। सूचना पर निगरानी विभाग के डीएसपी विंध्याचल प्रसाद एवं पवन कुमार के नेतृत्व में गठित पांच सदस्यीय टीम ने आज उन्हें 20 हजार नकद रूपये रिश्वत लेते पकड़ लिया। इस मामले में रात्रि 11 बजे निगरानी डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि बिराटपुर निवासी राजेश कुमार सिन्हा की पत्नी के नाम से सुंदरम भारत ग्रामीण गैस वितरण केंद्र चलाया जा रहा था और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी औरंगाबाद द्वारा इस संबंध में नगर थाने में एक कांड दर्ज कराया गया था। मामले में इनकी पत्नी को जमानत मिल चुकी है। लेकिन दारोगा द्वारा लाभ देने और गैस की टंकी मुक्त करने के एवज में 20 हजार रूपये की मांग की जा रही थी। इसकी शिकायत राजेश कुमार सिन्हा द्वारा की गई थी। इनके शिकायत की सत्यता की जांच कर विभाग में एक प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की गई जिसमें दारोगा उमेश राम को नगर थाने के गेट पर ही 20 हजार रूपये रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सर्पदंश से गर्भवती महिला की मौत

## गर्भस्थ शिशु ने भी तोड़ा दम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लपुरा गांव में गुरुवार को खेत में काम कर रही चार माह की गर्भवती महिला किसान की सांप के डंसने से मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव निवासी सर्जुन शर्मा की 28 वर्षीया पत्नी ज्योति देवी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि ज्योति देवी दोपहर में धान की सोहनी कर रही थी। इसी दौरान करैत सांप ने उन्हें डंस लिया। आनन-फानन में परिजन उन्हें सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। गर्भवती होने के कारण चिकित्सकों ने उनके गर्भस्थ शिशु की भी जांच की, जिसमें उसकी भी मौत की पुष्टि हुई। महिला की असामयिक मौत से सदर अस्पताल में कोहराम मच गया। मृतका के दो छोटे बच्चे मां की मौत पर विलाप कर रहे थे। परिवार के लोग गहरे सदमे में हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य अनिल यादव सदर अस्पताल पहुंचे और शोकसंतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि मृतका के परिवार को आपदा राहत मद से मुआवजा प्रदान किया जाए। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में काम करने के दौरान अक्सर सांप निकलते हैं, लेकिन ऐसी घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया है।

# अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

**औरंगाबाद।** अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर दाउदनगर पुलिस द्वारा जब्त किया गया है, जबकि चालक फरार हो गए। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के केरा गांव के समीप की है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ पुलिस प्रशासन सख्त है। इस जद में जो भी पकड़े जा रहे है, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। जबकि चालक फरार हो गए। जब्त ट्रैक्टर के आधार पर वाहन मालिक और चालक की पहचान की जा रही है। जल्द ही वे पकड़े जाएंगे।

# तीन वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद (रफीगंज)।** न्यायालय के आदेश पर रफीगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में सोनबरसा गांव निवासी जानकी साव का 30 वर्षीय पुत्र कमलदेव उर्फ कमल देव कुमार, चरकुपा गांव निवासी हजारी चौहान का 29 वर्षीय पुत्र राजेश चौहान उर्फ राजेश कुमार तथा अब्दुलपुर निवासी बलराम यादव का पुत्र सुरेंद्र यादव उर्फ सुरेंद्र कुमार धीरज शामिल हैं। उन्होंने बताया कि न्यायालय के आदेश के आलोक में पुलिस की अलग-अलग टीम गठित कर छापेमारी की गई। तीनों आरोपियों को उनके घर से ही गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में भजन संध्या में भक्ति रस में डूबे लोग





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के दानी बिगहा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को भजन संध्या और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन अतिथियों ने दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के 247 बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र दिया गया जिससे बच्चे उत्साहित तथा प्रसन्न दिखे।

इस दौरान डीएवी पब्लिक स्कूल के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी विजय कुमार पाठक ने बताया कि दिसंबर 2024 में विद्यालय में आइटीएसए (इंटरनेशनल टैलेंट सर्च एग्जाम) का आयोजन किया गया था जिसमें लगभग 5000 बच्चे शामिल हुए थे। इन्हीं में से 247 प्रतिभावान बच्चों का चयन किया गया जिन्हें आज मेडल और प्रमाण पत्र दिया गया। उन्होंने बताया कि 124 बच्चों को गोल्ड मेडल, 61 को सिल्वर और 62 को ब्रॉन्ज मेडल दिया गया। इसके साथ ही इन्हीं बच्चों में से सर्वश्रेष्ठ 4 को एक हजार रुपए का चेक, 22 को 500 रुपए का चेक, 1 को डिजिटल वॉच और 13 को साइंटिफिक कैलकुलेटर दिया गया।

मौके पर वरिष्ठ चिकित्सका डॉ शीला वर्मा, डॉ ऋत्विक कुमार सिंह, ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार, साइबर डीएसपी अनुराग कुमार, कौशलेंद्र प्रताप नारायण सिंह, राघवेन्द्र प्रताप नारायण सिंह आदि उपस्थित रहे।

प्राचार्या अल्पना मिश्रा ने कहा कि भजन संध्या कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी जिससे दर्शक दीर्घा में बैठे अभिभावकों ने तालियों से बच्चों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने बताया कि इस तरह का कार्यक्रम आगे भी विद्यालय के द्वारा किया जाएगा ताकि बच्चों का हौसला बढ़ता रहे।

# सुलभ एवं निःशुल्क वाद निस्तारण के लोक अदालत में ले भाग : राज कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** 13 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला जज सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजकुमार द्वारा एक वीडियो जारी किया गया है। उन्होंने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि लोक अदालत न्यायिक पर्व के रूप में न्यायालय में आयोजित किया जाता है, जिसमें सुलहनीय आपराधिक वाद यानी शमनीय अपराध, ऋण वाद, बीमा वाद, वन, श्रम, मापतौल, खनन इत्यादि का निस्तारण किया जायेगा। लोक अदालत का आयोजन एक ऐसा अवसर होता है जहां निर्णय के द्वारा नहीं बल्कि आपसी सहमति के द्वारा वादों का निस्तारण किया जाता है, जिसमें न किसी की हार होती है और न किसी की जीत, बल्कि समाज में भाईचारे को बढ़ावा देने का इसे एक अभियान कह सकते है। जिला जज ने जिला के सभी आम नागरिक जिनका सुलहनीय वाद न्यायालय में लंबित है, आह्वान करते हुए कहा कि लोक अदालत का लाभ व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद एवं अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, दाउदनगर में उठाये एवं समाज में भाईचारे एवं विवादमुक्त समाज को बनाने में प्रशासन का सहयोग कर देश एवं जिला को प्रगति के राह पर अग्रसर करने में सहयोग करें। जिला जज द्वारा यह भी कहा गया कि यह सारी प्रक्रियाएं सुलभ एवं निःशुल्क हैं, अगर आपको अपने सुलहनीय वाद का निस्तारण कराना हो तो किसी भी कार्य दिवस पर या लोक अदालत के दिन संबधित न्यायालय अथवा प्राधिकार के कार्यालय से सहयोग प्राप्त कर सकते है। जिला जज ने जिलावासियों को आश्वस्त किया कि लोक अदालत में वाद का सुलभ एवं निःशुल्क निस्तारण हो इसमें मैं स्वयं जिला जज के रूप में नहीं बल्कि आपके सहयोगी के रूप में हर समय तत्पर रहूंगा।

# डोमेन स्क्रीनिंग कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद (रफीगंज)।** रफीगंज प्रखंड के पौथू बाजार में मेन स्क्रीनिंग कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन किया गया। यह केंद्र बिहार कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में संचालित होगा। उद्घाटन समारोह में मुखिया संजय यादव, पैक्स अध्यक्ष शंभु कुमार भारती, उप प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि रामजन्म यादव व जितेंद्र कुमार, पूर्व मुखिया मनोज कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव, रामचंद्र साव और मंडल यादव समेत कई जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग उपस्थित रहे। केंद्र के संचालक शंकर कुमार ने बताया कि पौथु बाजार में निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को रोजगार से भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले रफीगंज के युवाओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए 20 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो जाएगी। प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 15 वर्ष और अधिकतम 59 वर्ष निर्धारित की गई है। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को मैट्रिक या इंटर की अंकतालिका, आधार कार्ड, जाति और आवासीय प्रमाणपत्र, बैंक पासबुक और रंगीन फोटो प्रस्तुत करना होगा। इस अवसर पर शंकर कुमार भारती, प्रमोद गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, विनोद यादव, हीरालाल यादव, रवि ठाकुर, राजू कुमार, विकास कुमार, राहुल गुप्ता, मंतोष मालाकार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 52 घंटे बाद रजौरा नदी से मिला युवक का शव, 12 किलोमीटर दूर झाड़ियों में फंसा मिला शरीर

**औरंगाबाद (रफीगंज) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रफीगंज प्रखंड के ढोसिला पंचायत के धरहारा गांव निवासी 28 वर्षीय अर्जुन कुमार का शव गुरुवार को रजौरा नदी से बरामद किया गया। अर्जुन, कईल यादव का पुत्र था। वह मंगलवार की सुबह स्नान करने के लिए घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजनों ने देर रात तक खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार को सुबह नदी किनारे उनकी चप्पल मिलने के बाद आशंका गहराई। स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों ने काफी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में गुरुवार को घटनास्थल से लगभग 12 किलोमीटर दूर पोगर पंचायत स्थित देवी स्थान के पास नदी की झाड़ियों में उनका शव फंसा हुआ पाया गया। स्थानीय मोहनपुर गांव के लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद परिजन एवं भाजपा नेता बब्लू सिंह, मुखिया प्रतिनिधि विनोद राठौर, समाजसेवी राणा विवेक सिंह और डीलर रामप्रवेश सिंह यादव ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की।

# 44 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** चुनाव के मद्देनजर अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में औरंगाबाद पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। कार्रवाई के फलस्वरूप विभिन्न कांडों के 44 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 22 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हत्या प्रयास में 5, शराब के शीर्ष कांडों में 4 एवं अन्य शीर्ष कांड में 35 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 706 वाहनों की जांच की गई जिसमें 27500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। वारंट निष्पादन की संख्या 75 एवं कुर्की निष्पादन की संख्या 6 है। 17.4 लीटर देसी शराब एवं 2 बाइक बरामद किया गया है। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में निरंतर कार्रवाई जारी है।

# औरंगाबाद में रेलवे के फैसले से 15 गांव प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में जाखिम रेलवे स्टेशन के पास पोल सं-517/3 के समीप ओवरब्रिज और रोड अंडरब्रिज की मांग की गई है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय मेहता और बौर पंचायत के मुखिया विनय प्रसाद ने रेल प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि बौर और कोटवारा पंचायत के 15 से अधिक गांवों के ग्रामीण 78 वर्षों से परेशानियों का सामना कर रहे हैं। पड़रिया गांव से जाखिम रेलवे स्टेशन तक का रास्ता बिहार सरकार की गैर मंजूरआ आम जमीन से होकर गुजरता है। इस मार्ग पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। रेलवे प्रबंधन चौड़ीकरण के लिए इस रास्ते को बंद करने की योजना बना रहा है। इससे दनई, परिया, सकीरगंज, गोरख बिगहा समेत कई गांवों के लोग प्रभावित होंगे। जाखिम रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए उन्हें 12 किमी का दौड़ लगाना पड़ेगा। वर्तमान में परिया से स्टेशन की दूरी मात्र एक किलोमीटर है। रास्ता बंद होने से स्थानीय लोगों की शिक्षा, कृषि, चिकित्सा और रोजगार संबंधी गतिविधियां प्रभावित हंगी। इस मौके पर रंजीत कुशवाहा, सचिन यादव, सत्येंद्र शर्मा, रंजीत शर्मा सहित अन्य समाजिक कार्यकता मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


## ब्रिकी के लिए उपलब्ध




हुंडई की 2024 मॉडल सीएनजी फाइव सीटर कार बिल्कुल नयी जैसी और कम चली हुई उचित मूल्य पर ब्रिकी के लिए उपलब्ध है।

संपर्क करें : 6206165107



